www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:13 सूर्यास्त 5:51

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 2.04 न्यू. | 12.01 अधि |
| धर्मशाला | 5.02 न्यू. | 17.00 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 71423.65 |
| निफ्टी | 21571.80 |
| सोना 63,490 | चांदी 71,635 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार

धर्मशाला | सोमवार, 22 जनवरी 2024 | 9 माघ, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 35 कुल पृष्ठ 16 मूल्य : 5 रुपए |



नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में...पेज 15

## न्यूज शॉर्ट्स

### जालंधर में मुठभेड़, बिश्नोई गैंग के दो सदस्य गिरफ्तार

**पंजाब।** जालंधर में लॉरेंस बिश्नोई गैंग और पुलिस के बीच रविवार सुबह मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में बिश्नोई गैंग के दो लोग घायल हुए हैं। ये दोनों आरोपी टार्गेटेड किलिंग और ड्रग सप्लाई जैसे क्राइम में लिप्त थे। इस गिरोह का सरगना लॉरेंस बिश्नोई इस समय जेल में है। इस गैंग का प्रभाव पंजाब और हरियाणा में है। इन राज्यों में कई युवा इस गैंग का हिस्सा हैं। जानकारी के अनुसार सीआईए की टीम भगोड़ों को पकड़ने के लिए गई थी। इस दौरान आरोपियों ने पुलिस पर गोलियां चला दीं।

### देश में आए कोरोना के 290 नए मामले, छह की मौत



**नई दिल्ली।** देश में एक दिन में कोविड-19 के 290 नए मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। मंत्रालय के अनुसार, 24 घंटे में कोविड-19 के छह मरीजों की मौत हुई, जिनमें केरल के चार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के एक-एक मरीज थे। वायरस के नए वेरिएंट जेएन-1 और सर्दी के मौसम के कारण मामलों में बढ़ोतरी होनी शुरू हुई।

### ब्राजील में भूकंप से हिली धरती, 6.5 रही तीव्रता



**ब्रासीलिया।** ब्राजील के तारौआका से 123 किमी उत्तर-पश्चिम में 6.5 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र 7.32 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 71.51 डिग्री पश्चिम देशांतर पर था। इसकी गहराई 628.8 किमी. थी।

## टॉप स्टोरीज

नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र को 90 करोड़ के तोहफे ...पेज 3

कांग्रेस सरकार कंफयूज्ड, लाखों बेरोजगारों को दे रही धोखा : बिंदल...पेज 4

इथोपिया के लेमी और मिनेसेवो ने जीती मुंबई मैराथन ...पेज 15

**अनुभवी स्टाफ चाहिए**

प्रदेश के उभरते मीडिया ग्रुप 'अनंत ज्ञान' को हिमाचल में संपादकीय, डिजिटल मीडिया, मार्केटिंग और सर्कुलेशन विभाग में अनुभवी स्टाफ चाहिए। वेतन योग्यतानुसार।

'अनंत ज्ञान' को प्रदेश में 100 जुझारु और ऊर्जावान युवाओं की जरूरत है। न्यूनतम योग्यता आठवीं पास हो। आवेदन जल्द से जल्द करें।

अपने सीवी भेजें

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर**

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634

ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

सोलन-शिमला, सिरमौर 98160-10065



# अयोध्या में 500 साल बाद आई शुभ घड़ी

## राम की पैड़ी में जलेंगे एक लाख दीये, मंगल ध्वनि से गूंजेगा भव्य श्रीराम मंदिर

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में आखिर 500 साल बाद शुभ घड़ी आई है। रामलला के मंदिर में विराजमान होने के बाद सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा होगी।

पूरा देश पलकें बिछाकर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ऐतिहासिक पल का इंतजार कर रहा है। हर कोई इन ऐतिहासिक पलों का साक्षी बनना चाहता है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने लोगों से अपने घर पर ही रहकर इस पावन पल के साक्षी बनने की अपील की है।

वहीं, सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। जगह-जगह पुलिस का पहरा है और बैरिकेड लगाकर वाहनों को रोका जा रहा है। अयोध्या की सीमाएं सील कर दी गई हैं, अब प्राण प्रतिष्ठा में बुलाए गए मेहमानों को ही पास दिखाकर एंट्री मिल रही है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए सात हजार से ज्यादा हस्तियां पहुंचेंगी। कश्मीर से कन्याकुमारी तक रघुवंदन शुरू हो गया है। देशभर में जश्न मनाया जा रहा है। राम मंदिर में सुबह की आरती 6:30 बजे होगी। जबकि शाम 7:30 बजे संध्या आरती होगी। वहीं, राम के पेड़ी में एक लाख से ज्यादा दीये जलाए जाएंगे।




### देशभर में जश्न शुरू

#### सात हजार से ज्यादा हस्तियों का रहेगा जमावड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रणौत व संगीतकार अनु मलिक अयोध्या पहुंच गए हैं। समारोह में करीब सात हजार से ज्यादा हस्तियों का जमावड़ा रहने का अनुमान है।

### राम मंदिर पर फहराया जाएगा खास ध्वज



**राम** मंदिर पर फहराए जाने वाले खास ध्वज को मध्य प्रदेश के रीवा में तैयार किया गया है। इस ध्वज पर सूर्य के साथ खास कोविदार वृक्ष को अंकित किया गया है।

- पीएम मोदी सुबह 10.30 बजे पहुंचेंगे अयोध्या
- सुबह 10 बजे से गूंजेगी मंगल ध्वनि

**50** से ज्यादा बजाए जाएंगे वाद्ययंत्र

दो घंटे चलेगा कार्यक्रम

मेहमानों को दिया जाएगा देसी घी से बना प्रसाद



### 84 सेकंड के शुभ मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने बताया कि सोमवार को सुबह दस बजे मंगलध्वनि गूंजेगी और प्राण प्रतिष्ठा का शुभ मुहूर्त 84 सेकंड का होगा। प्राण प्रतिष्ठा के लिए न्यूनतम विधि-अनुष्ठान रखे गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा की विधि दोपहर 12:20 बजे शुरू होगी। दोपहर एक बजे प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरा हो जाएगा।

- देशभर की संस्कृति की दिखेगी झलक

### मनमोह रही राम मंदिर की सजावट

श्रीराम मंदिर की आभा निहारते ही बनती है। रात्रि के समय मंदिर की सजावट मनमोह लेती है और इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर करोड़ों लोग देख रहे हैं। दीवारों के लिए रैखिक रोशनी स्थापित की गई है और नक्काशी को उजागर करने के लिए फर्श पर रखी गई अंदरूनी रोशनी को ऊपर की ओर इंगित किया गया है। श्रीराम की मूर्ति पर केंद्रित स्पॉट लाइटें सोने से बनाई गई हैं।

### औषधियुक्त जल, देश के विभिन्न तीर्थों से लाए पवित्र जल से श्रीरामलला की मूर्ति का स्नान

### इसरो ने सैटेलाइट से अयोध्या दिखाई



**इसरो** ने रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले रविवार को स्पेस से ली गई अयोध्या की तस्वीरें जारी की हैं। इन तस्वीरों में 2.7 एकड़ में बना राम जन्म भूमि स्थल देखा जा सकता है। तस्वीरों में मंदिर के अलावा सरयू नदी, दशरथ महल और अयोध्या रेलवे स्टेशन भी साफ नजर आ रहा है। ये तस्वीरें एक महीने पहले 16 दिसंबर 2023 को खींची गई थी। घने कोहरे के कारण स्पेस से मंदिर साफ नहीं दिख पा रहा है।

# हिमाचल में आज रहेगा सरकारी अवकाश

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने की घोषणा, शिमला में दीप जलाकर किया 24 घंटे चलने वाले अखंड पाठ का शुभारंभ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**अयोध्या** में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मद्देनजर हिमाचल प्रदेश में 22 जनवरी को सरकारी अवकाश रहेगा। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने की है। मुख्यमंत्री ने रविवार को शिमला में श्रीराम मंदिर में राम 24 घंटे चलने वाले अखंड पाठ का ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम सभी के आस्था के केंद्र हैं और यह राजनीतिक विषय नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीराम किसी पार्टी विशेष के नहीं है। वह देश की संस्कृति है। सुक्खू ने कहा कि केंद्र सरकार ने तो केवल आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है, लेकिन कांग्रेस शासित हिमाचल सरकार ने पूरे दिन की छुट्टी की घोषणा की है।

- सूर्यास्त पर जलाए जाएंगे 1100 दीप
- रिज पर होगी आतिशबाजी
- माल रोड पर लगाई जाएगी बड़ी स्क्रीन



शिमला में श्रीराम मंदिर में अखंड पाठ का ज्योति प्रज्वलित कर शुभारंभ करते सीएम सुक्खू।

### प्रदेशभर के मंदिरों में होंगे कार्यक्रम

**प्रदेश** में सोमवार को सभी मंदिरों में भव्य समारोह आयोजित किए जाएंगे। शिमला शहर के 40 मंदिरों में कार्यक्रम होंगे। शिमला के राम मंदिर में 11 बजे हवन के बाद प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा जाएगा। शाम के समय सूर्यास्त पर 1100 दीप जलाए जाएंगे। शाम सात बजे शिमला के रिज मैदान पर आतिशबाजी होगी। माल रोड पर भी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखने के लिए बड़ी स्क्रीन लगाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने जाखू में 108 फुट हनुमान की प्रतिमा के साथ भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित करने का ऐलान किया।

# हिमाचल में कांग्रेस का राम प्रेम छलावा सरकारी छुट्टी की घोषणा दिखावा : अनुराग

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



**केंद्रीय** सूचना प्रसारण व खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस सरकार की ओर से 22 जनवरी को छुट्टी की घोषणा को दिखावा बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का राम प्रेम छलावा है और राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस को भी राम की ही शरण में आना पड़ा।

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल श्रीराम के नाम से चाहे कितनी भी घृणा, द्वेष व राजनीति कर लें, अंत में आना सभी को श्रीराम के शरण में ही है, क्योंकि हमारे श्रीराम देश की आत्मा हैं और श्रीराम की पूजा राष्ट्र पूजा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश राममय होकर गर्व से अपने सनातनी संस्कारों को प्रतिस्थापित कर रहा है।

- राम को काल्पनिक बताने वाली कांग्रेस को भी उनकी शरण में आना पड़ाः अनुराग

अनुराग ने कहा कि कांग्रेस ने अयोध्या में उसी जगह पर फिर से मस्जिद बनवाने का वादा किया था, जिसने राम मंदिर न बने उसके लिए कोर्ट में वकीलों की फौज खड़ी की थी और एफेडेविट देकर श्रीराम और रामसेतु को काल्पनिक बताया था। ऐसे में जनता इनके सच्च को जानती है और इसका असली चेहरा भी जनता के सामने आ गया है।

# लोग स्वस्थ, सशक्त होंगे तो देश का होगा विकासः मोदी

## पानी की बूंद-बूंद बचाएं और मेक इन इंडिया उत्पादों को करें प्रोत्साहित

एजेंसी, नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि सरकार का प्रयास है कि कैंसर के उपचार में किसी भी मरीज को मुश्किलें न आएं। इसी सोच के साथ पिछले नौ साल में देश में करीब 30 नए कैंसर अस्पताल विकसित किए हैं और 10 नए कैंसर अस्पताल पर अभी काम चल रहा है।

प्रधानमंत्री ने वर्चुअली गुजरात में श्री खोडलधाम कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए लोगों से नौ आग्रह किए।

उन्होंने पानी की एक-एक बूंद बचाने और पानी संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने, गांव स्तर पर लोगों को डिजिटल ट्रांजेक्शन के लिए प्रेरित करने, गांवों-कस्बों और शहरों को साफ रखने, स्थानीय उत्पादों और मेक इन इंडिया उत्पादों को प्रोत्साहित करने, देश में घरेलू पर्यटन को प्रोत्साहित करने की अपील की।

### आयुष्मान भारत योजना बनी लोगों की सहारा

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के विकास के लिए आवश्यक है कि लोग स्वस्थ हों, सशक्त हों। आयुष्मान भारत योजना की मदद से छह करोड़ से ज्यादा लोग अस्पताल में भर्ती होकर अपना इलाज करा चुके हैं। आयुष्मान भारत योजना न होती, तो गरीबों को एक लाख करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते।

# प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी, 26 तक बारिश के आसार नहीं

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में शीतलहर का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग की ओर से घने कोहरे येलो अलर्ट जारी किया है। कई जिलों में दोपहर तक सूर्य देव के दर्शन नहीं हो रहे हैं। वहीं, प्रदेश के कई मैदानी क्षेत्रों में रविवार को घना कोहरा छाया रहा।

ऊना, कांगड़ा, बिलासपुर, सिरमौर और सोलन के कई क्षेत्रों में घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट जारी किया है। राजधानी शिमला सहित पहाड़ी क्षेत्रों में धूप खिली रही। प्रदेश में 26 जनवरी तक मौसम साफ रहने की संभावना है। मैदानी जिलों में सुबह और शाम के समय घना कोहरा पड़ा। इससे कई जगह दृश्यता 100 मीटर से भी कम रही। प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों में सुबह और शाम के समय लोगों की घरों से आवाजाही कम हो गई है। कोहरा पड़ने से काफी ठंड हो गई है।

# असम में राहुल के साथ धक्का-मुक्की

एजेंसी, इटानगर

- भीड़ से बचाते हुए वापस बस में ले गए सुरक्षाकर्मी
- जयराम रमेश की कार के स्टिकर फाड़ने का आरोप

**कांग्रेस** की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान रविवार को असम में राहुल गांधी के साथ धक्का-मुक्की हुई। राहुल को बचाते हुए उनके सिक्योरिटी गार्ड उन्हें बस के अंदर वापस ले गए। घटना के दौरान राहुल का काफिला सोनितपुर में था।

राहुल ने कहा कि भाजपा के कुछ कार्यकर्ता झंडा लेकर हमारी बस के सामने आ गए। मैं बस से निकला, वो भाग गए। हमारे जितने पोस्टर फाड़ने हैं, फाड़ दो। हमें कोई फर्क नहीं पड़ता। हमारी विचारधारा की लड़ाई है, हम किसी से नहीं डरते हैं। न ही नरेंद्र मोदी से, न असम के मुख्यमंत्री से। कांग्रेस पार्टी ने



न्याय यात्रा के काफिले पर 48 घंटे में दूसरी बार हमले का आरोप लगाया है। कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि रविवार को जब हमारा काफिला असम में रैली स्थल की ओर जा रहा था, तब जुमगुरीहाट में हिमंता बिस्वा सरमा के गुंडों ने महासचिव जयराम रमेश की गाड़ी पर पानी फेंका और स्टीकर फाड़ा।

### राहुल अल्पसंख्यक बहुल इलाकों में न जाएं : हिमंत सरमा



असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने राहुल गांधी से 22 जनवरी (अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के दिन) को नागांव जिले में श्री शंकरदेव के जन्मस्थल बोरदोवा सत्रा न जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इससे देश में असम की गलत छवि बनेगी।

**सहायता** बड़ा भंगाल से 70 वर्षीय बुजुर्ग को एयरलिफ्ट कर मेडिकल टांडा में करवाया भर्ती

# सीएम का हेलिकॉप्टर कपूरी देवी के लिए संजीवनी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**कांगड़ा** जिले के अति दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल से एक अस्वस्थ महिला कपूरी देवी के उपचार के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने रविवार को अपना चॉपर भेजकर उन्हें वहां से एयरलिफ्ट करवाया।

कपूरी देवी को एयरलिफ्ट कर गगल एयरपोर्ट लाया गया, जहां से उन्हें इलाज के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज में ले जाकर भर्ती करवाया है। डीसी डॉ. निपुण जिंदल ने बताया कि बड़ा भंगाल की रहने वाली 70 वर्षीय कपूरी देवी पिछले एक सप्ताह से बीमार चल रही थी, जिसके कारण वह भोजन करने व चलने-फिरने में पूरी तरह से असमर्थ थीं।





### पंचायत प्रतिनिधियों ने दी जानकारी, सीएम ने तुरंत की कार्रवाई

**डीसी** डॉ. निपुण ने बताया कि पंचायत प्रतिनिधियों ने शनिवार शाम को जिला प्रशासन से संपर्क कर जानकारी दी और महिला के त्वरित उपचार के लिए सहायता मांगी। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन की ओर से इसकी सूचना प्रदेश सरकार को दी गई। इस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बीमार महिला को वहां से एयरलिफ्ट करने के लिए अपना हेलिकॉप्टर भेजने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि कपूरी देवी और उनके पुत्र को रविवार सुबह एयरलिफ्ट करने के बाद गगल एयरपोर्ट लाया गया। गगल एयरपोर्ट में प्रशासन तैनात एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सीधा टांडा अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां वे स्वास्थ्य लाभ ले रही हैं।

### बेटा बोला- सरकार ने बचा दी मां की जान, हमेशा रहेंगे आभारी

कपूरी देवी के पुत्र जगत राम ने कहा कि उनकी मां का स्वास्थ्य बिगड़ते देख परिवार के लोग बेहद असहाय महसूस कर रहे थे। मां के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हो रहा था और बड़ा भंगाल से नीचे आना हमारे लिए असंभव था। मुख्यमंत्री सुक्खू ने हेलिकॉप्टर भेजकर उनकी मां की जान को बचाया है, जिसके लिए उनका परिवार हमेशा सरकार का आभारी रहेगा।

### सरकार के प्रति बढ़ा लोगों का विश्वास : मनसा राम

बड़ा भंगाल के प्रधान मनसा राम ने बताया कि कपूरी देवी का स्वास्थ्य बिगड़ता देख शनिवार शाम को जिला प्रशासन से संपर्क किया था। सरकार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चॉपर भेजकर कपूरी देवी को एयरलिफ्ट कर लिया। उन्होंने कहा कि सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# निष्पक्ष चुनाव न होने से पाक में होगी और अस्थिरताः इमरान



**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव के लिए उनकी पार्टी को समान अवसर देने की मांग करते हुए कहा कि चुनाव में निष्पक्षता की कमी से 'अस्थिरता और अनिश्चितता' का माहौल बढ़ेगा।

इमरान ने दावा किया कि उनकी पार्टी को चुनाव प्रचार करने में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि प्रतिबंधों की वजह से पार्टी को जनसभाएं करने में मुश्किलें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी उनकी पार्टी के उम्मीदवारों को चुनाव लड़ने से रोकने के लिए प्रताड़ित कर रहे हैं और उन्हें हिरासत में लिया जा रहा है। खान ने चेतावनी दी कि अगर निष्पक्ष चुनाव नहीं कराए गए, तो इससे देश में 'अस्थिरता और अनिश्चितता' बढ़ जाएगी।

# अफगानिस्तान में रूस का विमान दुर्घटनाग्रस्त, सात की मौत

**मॉस्को।** अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रूसी विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से सात लोगों की मौत हो गई। तालिबान के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद रेयान ने कहा कि दुर्घटना इंजन में खराबी के कारण हुई। अब्दुल वाहिद रेयान ने एक्स पर लिखा कि इंजन की खराबी के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



विमान में सात रूसी सवार थे। विमान मोरक्को की एक कंपनी का था। टोलो न्यूज ने बताया कि स्थानीय सूचना एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख जबीहुल्लाह अमीरी ने कहा कि इलाके में एक खोज दल भेजा गया है। रूसी संघीय वायु परिवहन एजेंसी या रोसावियात्सिया ने कहा कि विमान फाल्कन 10 कॉर्पोरेट जेट था और एक रूसी कंपनी के साथ पंजीकृत था।

रोसावियात्सिया ने कहा कि विमान भारत के गया से उज्बेक राजधानी ताशकंद होते हुए मास्को के जुकोवस्की हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर रहा था। विमान शुरू में थाईलैंड के उटापाओ हवाई अड्डे से रवाना हुआ। विमान में चालक दल के चार सदस्य और दो यात्री सवार थे। क्षेत्रीय प्रवक्ता जबीउल्ला अमीरी ने कहा कि दुर्घटना शनिवार को बदख्शां प्रांत के जेबक जिले के पास एक पर्वतीय इलाके में हुई। एक बचाव दल दुर्घटना स्थल के लिए रवाना किया गया है। बदख्शां पुलिस प्रमुख के कार्यालय ने भी एक बयान में दुर्घटना की पुष्टि की है।

## बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

हैप्पी बर्थडे



लंबागांव के विवान राणा को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं



नगरोटा बगवां के जितेंद्र सोढी को 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से जन्मदिन की हार्दिक बधाई

# अयोध्या पहुंचे विक्रमादित्य सिंह, भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में होंगे शामिल



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे विक्रमादित्य सिंह।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रविवार को अयोध्या पहुंच गए हैं। सोमवार को वह अयोध्या में होने वाले भव्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। विक्रमादित्य सिंह हिमाचल प्रदेश के इकलौते राजनेता हैं, जिन्हें इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आधिकारिक तौर पर निमंत्रण दिया गया है।

इससे पहले विक्रमादित्य सिंह द्वारा अयोध्या जाने को लेकर कई बयान भी सामने आए थे। कई बार उन्होंने भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में शामिल होने की बात तो जरूर स्वीकारी थी, लेकिन तिथि नहीं बताई थी।

विक्रमादित्य सिंह ने हालांकि यह भी कहा था कि वह एक रामभक्त है और इस यात्रा को किसी राजनीतिक चश्में से नहीं देखा जाना चाहिए। अब विक्रमादित्य सिंह जनता व नेताओं का भ्रम दूर कर रामलला विराजमान प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंच चुके हैं। अयोध्या पहुंचने पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण मंत्री जतिन प्रसार ने उनका भगवान राम का पटका पहुंचाकर स्वागत और अभिनंदन किया। रविवार को विक्रमादित्य सिंह फ्लाइट से अयोध्या के लिए रवाना हुए थे।

# वाह ! श्रीराम के आगमन पर सजी सोलन की इस्लामिया मस्जिद

**तेजपाल नेगी, सोलन**

अयोध्या में बनाए जा रहे श्रीराम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर पूरा हिमाचल राममय हो चला है। क्या चौक-चौराहे और क्या दुकानें हर ओर सजावट की जा रही है। ऐसे में सर्वधर्म संभाव का परिचय देती सोलन की इस मस्जिद को भी श्रीराम के आगमन की खुशी में बिजली की लड़ियों से सजाया गया है।

मस्जिद के मौलवी आरिफ खान ने हिंदू समाज के लोगों के प्रस्ताव को खुले दिल से स्वीकार किया और मस्जिद की बाहरी दीवारों पर लड़ियां लगाने की सहर्ष सहमति प्रदान कर दी। इसके लिए हिंदू समाज के लोगों ने उनका आभार जताया। मौलवी आरिफ ने उनसे मिलने गए हिंदू समाज के लोगों से कहा कि राम जितने हिंदुओं के हैं, उतने ही मुस्लिमों के भी हैं। भारत गंगा-जमुनी तहजीब वाला देश है। यहां हम सब एक-दूसरे के सुख-दुख बांटते हैं, तो भगवान राम के अपने घर लौटने पर मुस्लिम खुश क्यों नहीं होंगे। सोलन के सामाजिक कार्यकर्ता मुंजल अग्रवाल ने बताया कि वह

**हिंदू प्रतिनिधियों के प्रस्ताव को मस्जिद के मौलवी ने तुरंत स्वीकार करके दिया सर्वधर्म संभाव का संदेश**

स्वयं तमाम मंदिरों में सजावट करने के दौरान मस्जिद के मौलवी आरिफ साहब से मिले थे और मस्जिद की सजावट करने का प्रस्ताव रखा। इस पर मौलवी ने बिना देर लगाए मस्जिद में लड़ियां टांगने की इजाजत दे दी। उन्होंने श्री राम लला की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा पर खुशी भी जताई। हालांकि जब हमने मौलवी को उनके नंबर पर फोन किया तो उनका फोन स्विच ऑफ था और पता चला कि वह इस वक्त सो जाते हैं, जो भी हो सोलन के माल रोड स्थित इस्लामियां मस्जिद के श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सजावट से पूरे देश में दो धर्मों के बीच द्वेष भड़काने वाले लोगों को संदेश चला गया है कि इस देश में राम और अल्लाह के बीच अंतर करने वाले कभी सफल नहीं हो सकेंगे। (अनंत ज्ञान)



सोलन के माल रोड स्थित मस्जिद, जिसे श्रीराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के लिए सजाया गया है।

## हिम जागृति मंच ने नवाजी विभूतियां



गायक करनैल राणा, संजीव दीक्षित सहित अन्य कलाकार व पदाधिकारी मंच पर सामूहिक चित्र में।

**गरली** । हिम जागृति मंच के सौजन्य से रविवार को जिला कांगड़ा स्थित उपमंडल देहरा के अंतर्गत केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर गरली में हिम आइकॉन अवार्ड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश भर के जाने-माने पहाड़ी गयाक करनैल राणा, सजींव दीक्षित, शिवानी ठाकुर, पियूश राणा, प्रिंस गर्ग, सौरभ शर्मा आदि एक साथ मंच पर दिखाई दिए। कार्यक्रम की शुरुआत योग गुरु रणजीत सिंह द्वारा योगा आसन से की गई। इस दौरान गायक करनैल राणा ने चंबापतने दो बेड़ियां गाना गाकर पंडाल मे बैठे तमाम लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया, वहीं संजीव दीक्षित ने गानों की ऐसी झड़ी लगाई कि पंडाल में बैठे तमाम दर्शक बेकाबू हो कर भागंड़ा डालने लगे। चंबा जिले के पहाड़ी गानों के सरताज पियुश राणा व पहाड़ी फिल्मों के निदेशक पौला राम आदि कलाकारो ने भी अपनी आवाज का जलवा दिखाकर खूब मनोरजन किया। कार्यक्रम का संचालन जाने-माने एंकर असीम ने किया। कार्यक्रम में हिम जागृति मंच की चेयरमैन मंजू जस्वाल ने नामी 20 हस्तियों को हिम आइकॉन आवार्ड से सम्मानित किया।


# कुल्लू में आठ दुकानें जलकर राख

## 40 लाख से अधिक का नुकसान, गैस के तीन सिलेंडर एक-एक कर हुए ब्लास्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर चौक पर आठ दुकानें जलकर राख हो गईं। इस घटना में 40 लाख से अधिक के नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना देर रात करीब पौने एक बजे पेश आई, जिससे शहर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। विभाग की टीम ने करीब दो घंटे में आग को बुझाया, लेकिन तब तक चार फल की तिरपाल के नीचे लगने वाली दुकानें, एक चाय, एक कन्फेक्शनरी, एक न्यूज पेपर एजेंसी और एक इलैक्ट्रॉनिक वस्तुओं की दुकान जल गई है,



ढालपुर चौक पर आग लगने से आठ दुकानें जल कर राख हो गईं। इस दौरान उठतीं आग की लपटें।


जिसमें रखा सारा सामान जल गया है। वहीं, साथ लगती एक गुप्ता न्यूज एजेंसी की दुकान को आंशिक नुकसान पहुंचा है। घटना के दौरान यहां तीन सिलेंडर ब्लास्ट हो गए, जबकि एक सिलेंडर को इस दौरान दमकल विभाग की टीम ने सुरक्षित निकालकर ब्लास्ट होने से बचा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला और तहसीलदार हरि यादव मौके पर पहुंचे और दमकल विभाग के कर्मचारियों और पुलिस जवानों को उचित दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम विकास शुक्ला ने बताया कि घटना में हालांकि किसी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन घटना में दुकानदारों को 40 लाख से अधिक के नुकसान होने का अनुमान लगाया जा रहा है।

### नौ लोग हुए प्रभावित



**इस** घटना में नौ लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें राजेंद्र कुमार, शिव राम, रिशु कुमार, तरसेम शर्मा, बिमला ठाकुर, रॉकी, रोमी, ओम राज शामिल हैं, जिनकी दुकान पूरी तरह से नष्ट हुई है, जबकि सतेंद्र गुप्ता की दुकान को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

### रंगबिरंगी लाइटों से जगमगाया सीएम आवास



शिमला। अयोध्या राम मंदिर में रामलला की होने वाली प्राण प्रतिष्ठा समारोह की पूर्व संध्या पर रविवार शाम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का सरकारी आवास ओक ओवर एलईडी रोशनी से जगमगा उठा। राजधानी शिमला के राम मंदिर को भी फूलों से सजाया गया है। अयोध्या में राममंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी सोमवार को होना है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश में कई जगह किया जाएगा।

### दिल्ली के कांसीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया सभागार में नवाजी विभूतियां

# हिमाचल के रणेश राणा डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

आईकोनिक पीस अवार्ड काउंसिल ने नई दिल्ली में एमर्जिंग अचीवर राष्ट्र स्तरीय अवार्ड का आयोजन किया। इसमें देश भर के चार दर्जन से अधिक लोगों को अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा के सदस्य नाभा कुमार सरानिया, आचार्य येशी फुंटसोल, सिक्किम के विस सदस्य नरेंद्र कुमार सुब्बा व अवार्ड काउंसिल की चेयरमैन डॉ. प्रिया अरोड़ा मुख्यातिथि के तौर पर उपस्थित रहीं।

कांसीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित इस समारोह में हिमाचल प्रदेश के एक युवा समाजसेवी को भी डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।




बद्दी के रणेश राणा को डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित करते मुख्यातिथि।

बद्दी के युवा रणेश राणा को समाज सेवा के क्षेत्र में विभिन्न श्रेणियों में उनके लगभग तीन दशकों के लंबे योगदान के लिए डाक्ट्रेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। संस्था ने हिमाचल के युवा पत्रकार एवं सोशल वर्कर राणा के जीवन पर एक साल तक शोध किया और देखा कि किस प्रकार उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व अतुलनीय कार्य करके अपना योगदान दिया और लोगों के जीवन में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन लाए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा, चिकित्सा, आत्मनिर्भरता, रोजगार व महिला सशक्तिकरण में उत्कृष्ट कार्य किए। रणेश राणा ने वर्ष 2017 में सामाजिक संस्था हिमालय फाउंडेशन का गठन किया और विभिन्न माध्यमों से समाज सेवा के कार्य कर रहे हैं।

## कुलदीप शर्मा के साथ गाना चाहता गिरिपार का बाल कलाकार गौरव

**पांवटा साहिब।** रविवार को विश्राम गृह पांवटा साहिब में हाटी बाल कलाकार गौरव ठाकुर ने अपनी बात रखी। गौरव ठाकुर के परिजन और शिक्षक भी इस पत्रकारवार्ता में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि उनकी



बाल कलाकार गौरव ठाकुर परिजनों के साथ।

पहली कक्षा से ही संगीत में रुचि रही है और बिना किसी संगीत की शिक्षा के उन्होंने चार पहाड़ी गाने यूट्यूब पर रिलीज कर दिए हैं। साथ ही कई समारोह व मंचों पर भी गौरव ठाकुर गाते हैं। गत महीनों नाहन में आयोजित चार दिवसीय हिमाचल लोक उत्सव में गौरव ठाकुर ने प्रथम स्थान हासिल किया और वॉइस ऑफ सिरमौर का खिताब अपने नाम किया। आज उन्होंने अपने नए पहाड़ी गाने को यूट्यूब पर रिलीज किया। यह गाना श्री रेणुका जी में शूट हुआ है। इस गीत को गौरव ठाकुर के परिजनों ने ही लिखा है। उन्होंने मीडिया से रू-ब-रू होते हुए कहा कि अगर उन्हें हिमाचल के किसी कलाकार के साथ गाना करने का अवसर मिलेगा तो वह नाटी किंग कुलदीप शर्मा के साथ गाना चाहते हैं। साथ ही गौरव ठाकुर पढ़ाई में हमेशा प्रथम आते हैं और खेलों में भी उनकी रुचि है। उनके पिता ने बताया कि आने वाले समय में गौरव को संगीत की शिक्षा भी दिलाएंगे। उनका प्रयास है कि गिरीपार सिरमौर की संस्कृति को उजागर किया जाए। उन्होंने कहा कि कहा कि गौरव ठाकुर ठेठ पहाड़ी गाने गाता है। इस दौरान उन्होंने हिंदी गाने और राम भजन भी सुनाया।

# ड्रग कंट्रोलर का कार्यभार किसी अधिकारी को नहीं दे पा रही सरकार

## मुख्यमंत्री कार्यालय में 21 दिन से दबी है नियुक्ति संबंधी फाइल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में बीते 21 दिनों से ड्रग कंट्रोलर का कार्यभार अभी तक राज्य सरकार ने किसी अधिकारी को नहीं सौंपा है। ड्रग कंट्रोलर नवनीत मरवाह को सेवानिवृत्त हुए 21 दिन हो गए हैं, परंतु किसी भी अधिकारी को अभी तक यह चार्ज नहीं दिया गया है, जिससे हिमाचल ड्रग इंटस्ट्री अन्य राज्यों से प्रतिस्पर्धा में तो पिछड़ ही रही है साथ ही दवा कंपनियों को जरूरी कार्यों में भी देरी हो रही है।

**प्रतिस्पर्धा में अन्य राज्यों से पिछड़ रही हिमाचल ड्रग इंडस्ट्री**

जानकारी के अनुसार ड्रग कंट्रोलर की नियुक्ति संबंधी फाइल अभी तक मुख्यमंत्री कार्याल्य बीते 20 दिन से दबी हुई है और अभी तक इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हालांकि नवनीत मरवाह के सेवानिवृत्त होने के बाद मनीष कपूर इसके बाद ड्रग कंट्रोलर बनाया जा सकता है। इस संबंध में हिमाचल दवा निर्माता संघ ने भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र लिखकर ड्रग कंट्रोलर का चार्ज विभाग के किसी भी अधिकारी को देने की मांग की है।

### परेशानी में चल रहे दवा उद्योग

**दवा** उद्योगों के महत्वपूर्ण कार्य जैसे डब्ल्यूएचओ सर्टिफिकेट के इंस्पेक्शन, एक्सपोर्ट के सर्टिफिकेट, बाहरी प्रदेशों और विदेशों के पत्राचार, ड्रग अप्रूवल लाइसेंसिंग अथॉरिटी के कार्य व टेंडर दस्तावेजों का सत्यापन आदि सभी कार्य ड्रग कंट्रोलर की नियुक्ति नहीं होने से रुके हुए हैं। दवा उद्योग इन जरूरी कार्यों में देरी होने से परेशानी में चल रहे हैं। बद्दी में तैयार होती है हजारों करोड़ रुपए की दवाइयां

### दवा कंपनियों का बड़ा हब है बद्दी

**हिमाचल** प्रदेश का इंडस्ट्रीय हब बद्दी दवा कंपनियों का सबसे बड़ा हब है, जहां से उत्तर भारत के लिए दवाइयों की सप्लाई की जाती है। इसके साथ ही यहां पर अन्य कंपनियों के लिए दवा बनाने में इस्तेमाल होने वाला कच्चा माल भी तैयार किया जाता है। किसी अधिकारी की नियुक्ति नहीं होने से दवा कंपनियों का कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। ड्रग इंडस्ट्री का हब बद्दी में प्रतिवर्ष हजारों करोड़ रुपए की दवाइयों का प्रतिवर्ष निर्माण होता है। ऐसे में ड्रग कंट्रोलर के कार्यभार किस अधिकारी को देना है, इसको लेकर राजनीति सत्ताधारियों द्वारा भी खूब दबाव बनाया जाता है। सरकार द्वारा भी इस पद पर किसी विश्वस्त को ही लगाया जाता है।

# इनोवा गाड़ी छीनने वाला तीसरा बदमाश भी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पटियाला से इनोवा टैक्सी बुक कराकर सोलन पहुंचे चार बदमाशों के चालक से वाहन छीन कर उस पर शराब की खाली बोतल से हमला करने के मामले में तीसरे आरोपी को शनिवार को पंजाब से गिरफ्तार कर लिया। चालक से छीनी गई इनोवा कार भी बरामद कर ली गई है। पुलिस ने शनिवार को पंजाब से पकड़े गए एक आरोपी को अदालत में पेश करके उसकी तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल कर लिया है।

सोलन के एसपी गौरव सिंह ने बताया कि गत वर्ष दो अप्रैल को कंडाघाट थाने में पंजाब के पटियाला निवासी सिंदर पाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी चार युवक उसकी इनोवा गाड़ी लेकर भाग गए हैं और उन्होंने उस पर हमला भी किया है। कंडाघाट पुलिस ने मामले की जांच करते हुए इस दुस्साहसिक घटना में शामिल रहे दो आरोपियों पटियाला

अनंत ज्ञान फॉलोअप

निवासी 20 वर्षीय हुस्नप्रीत सिंह व यहीं के रहने वाले 22 वर्षीय हरजीत उर्फ हन्नी को गिरफ्तार करके जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा दिया था। उनके द्वारा चालक सिंदर पाल से छीनी गई कार (पीबी 11 डीसी 0158) को भी बरामद कर लिया गया था। शनिवार को कंडाघाट पुलिस की टीम ने पटियाला में छिपे तीसरे आरोपी पटियाला निवासी 21 वर्षीय यश वेद उर्फ योधा को गिरफ्तार कर लिया। उसे पुलिस ने अदालत में पेश करने के बाद उसकी तीन दिन की पुलिस रिमांड हासिल कर ली। चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं। गिरफ्तार किए गए युवकों के खिलाफ पंजाब के अलग-अलग थानों में हत्या, हत्या का प्रयास तथा लूटपाट के कई मामले दर्ज हैं।

**सौगात** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने किए विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास

# नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र को 90 करोड़ के तोहफे

**अनंत ज्ञान, नालागढ़**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों को समर्थ बनाकर खुशहाल राज्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री रविवार को सोलन जिले के नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के पंजैहरा में लगभग 90 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पंजैहरा में महादेव खड्ड पर 6.19 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित स्पेन पुल का लोकार्पण किया। उन्होंने 3.91 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बघेरी-खटीवाला-गड़ामोड़ मार्ग तथा 3.88 करोड़ रुपए की लागत से बेहली से दयोली तक निर्मित पक्का संपर्क मार्ग एवं कल्याणपुर-दयोली खड्ड पर निर्मित पुल का लोकार्पण भी किया। उन्होंने ठोडा, कुंडलू, बरुणा, जगतपुर एवं जोगों इत्यादि गांव के लिए 4.13 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित



परियोजनाओं का शुभारंभ करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

होने वाली उठाऊ जलापूर्ति योजना अंबवाला, कंचनपुरी, कौलांवाला इत्यादि गांव के लिए 2.81 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होने वाली उठाऊ जलापूर्ति योजना की आधारशिला रखी। उन्होंने 2.11 करोड़ रुपए की लागत से नालागढ़ तहसील में जोगों कूहल बहाव सिंचाई योजना के सुधार कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के रामशहर उपमंडल में पुरानी पंपिंग मशीनरी के बदलाव कार्य का शिलान्यास भी किया। इस कार्य पर 2.35 करोड़ रुपए व्यय होंगे। मुख्यमंत्री ने 33. 46 करोड़ की लागत से गोलजमाला-नियार मार्ग से गुज्जरहट्टी मार्ग तक के स्तरोन्यन कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने 4.90 करोड़ रुपए की लागत से बरुणा से फलाही मार्ग के स्तरोन्यन कार्य 4.95 करोड़ रुपए की लागत से पल्ली रतेड़-थाला-रजवां मार्ग के स्तरोन्यन कार्य तथा 5.86 करोड़ की लागत से रेहढू-झिरीवाला-आदूवाल-जंदूरी मार्ग के स्तरोन्यन कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने 14.50 करोड़ रुपए की लागत से रामशहर से कवारी मार्ग के स्तरोन्यन कार्य की आधारशिला भी रखी। इस दौरान मुख्यमंत्री को पीजी कॉलेज नालागढ़ ओल्ड स्टूडेंट्स ऐसोसिएशन की ओर से एक लाख रुपए का चेक आपदा राहत कोष के लिए भेंट किया गया।

मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए ग्राम पंचायत दभोटा के नुराता राम ठाकुर ने अपनी दो माह की पेंशन तथा अपनी पत्नी की तीन माह की बुढ़ापा पेंशन की राशि 80.572 रुपए का चेक भेंट किया। इस दौरान मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी व संजय अवस्थी, नालागढ़ के विधायक केएल ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव हरदीप बावा, बघाट बैंक सोलन के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जोगिन्द्रा बैंक सोलन के अध्यक्ष मुकेश शर्मा, ज़िला कांग्रेस समिति सोलन के अध्यक्ष शिव कुमार,उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा व पुलिस उप.महानिरीक्षक मोहित चावला सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## डॉ. सहजल बोले- कांग्रेस ने हर वर्ग को किया गुमराह

**बीबीएन।** प्रदेश सरकार का 13 माह का कार्यकाल पूरी तरह से फेल साबित हुआ है। कांग्रेस ने झूठ का सहारा लेकर सत्ता हासिल की है और आज अपना एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है। यह बात भाजपा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सहजल ने नालागढ़ में प्रेसवार्ता में कही। वहीं, जिला भाजपा अध्यक्ष रतन सिंह पाल ने कहा कि जिला सोलन में भाजपा ने लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं और भाजपा के उम्मीदवार को कई गुना लीड मिलेगी। इस मौके पर पूर्व विधायक लखविंद्र राणा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष सोलन आशुतोष वैद्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष नालागढ़ मनोहर ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता भाजपा युवा मोर्चा सौरभ धीमान, पच्छाद से विस्तारक दलीप पाल, जिला भाजपा सचिव श्रवण चंदेल, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता संजीव टिंका समेत कई मौजूद रहे

## हजारों कारसेवकों के खून से सना है अयोध्या का इतिहास, 1990 में खून से लाल हुआ था सरयू का पानी

# 1990 का वर्ष रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक ऐतिहासिक साल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आज भगवान श्री राम की नगरी अयोध्या में 500 वर्षों से लबें संघर्ष के बाद भगवान रामलला विराजमान हो रहे हैं। इसके लिए पूरे हिंदू समाज को बधाई, उन सभी राम भक्तों को बधाई और सभी कारसेवकों को भी मैं अपनी और से बधाई देना चाहता हूं, जिनकी वजह से आज यह दिन देखने को मिला है।

1990 का जो वर्ष था वह रामलला की जो आज प्राण प्रतिष्ठा हो रही है, उसके लिए यह एक ऐतिहासिक वर्ष था। पूरे देश में रामलला मंदिर निर्माण के लिए एक आंदोलन चला हुआ था। उस दौरान में भारतीय मजदूर संघ का जिलाध्यक्ष था, हमारे जिम्में भी उस दौरान एक गण था, जिसमें हम सात लोग थे, जिसमें क्षेत्र से लच्छीराम, बालकृष्ण नगर निगम की यूनियन से थे और गोविंद राम शर्मा जो पूर्व विधायक थे, वह भी हमारे साथ कारसेवा के लिए साथ थे। कारसेवक के रूप में बातल गांव से दिनेश शास्त्री जी भी इस दौरान साथ थे।

### सुरेंद्र ठाकुर ने वर्ष 1990 में अयोध्या में हुई घटना की आप बीती सुनाई

**भारतीय** मजदूर संघ के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर ने सुनाई अयोध्या में वर्ष 1990 में उनके साथ हुई आप बीती की कहानी। सुरेंद्र ठाकुर ने कहा कि आज हम सभी बहुत ही भाग्यशाली हैं, जो एक भव्य मंदिर में हमें रामलला के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। 31 नवंबर 1990 को हम लोग 42 लोग थे, जो बिजनौर की जेल में बंद थे। हमें वहां से 6 दिसंबर को पुलिस की बस में वापस हरिद्वार के रास्ते से होते हुए घर वापस भेजा गया। मुलायम सिंह की सरकार ने उस समय यह ऐलान किया था कि अयोध्या में कोई परिंदा पैर नहीं मार सकता। ऐसे वातावरण में विपरित परिस्थितियां होने के बावजूद हम लोग एक साथ अयोध्या के लिए कूच कर गए। हम लोगों ने पूरी तरह तय किया था कि हम लोग अयोध्या जरूर पहुंचेंगे।



### कारसेवकों को श्रद्धांजलि और नमन

**सरयू** का जल भी पूरी तरह से लाल हो गया। इस दौरान जेल में बंद बुजुर्गों सहित सभी नौजवानों में भी भय का वातावरण था। इसके बाद भी जब हमने अयोध्या जाने की जिद की, जो जेल अधीक्षक ने छह दिसंबर को 42 लोगों को बस में रात के समय बिठाया और सुबह होते हमें हरिद्वार पुलिस की बस में छोड़ा गया। मैं अपनी ओर से सभी कारसेवकों को जो भारत भूमि के इस महान आंदोलन में शहीद हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, उन्हें नमन करता हूं।

### जब अयोध्या में परिंदा भी पर नहीं मार सकता था तब ऐसे मुश्किल समय में हम कारसेवा करने गए

### 27 नवंबर 1990 में राम मंदिर में हुए थे इकट्ठे

**27** नवंबर 1990 में हम शिमला राम मंदिर में इकट्ठे हुए थे। बस में जब चले तो सभी के अभिभावक भी साथ थे और हमें जाते देख बहुत से लोग भावुक हो गए, जैसे ही हम उत्तर प्रदेश में पहुंचे तो अपने ट्रेन के डिब्बों में बैठ गए। इस दौरान हमसे पूछताछ हो रही थी। उसके बाद मुरादाबाद में हमारे एक कारसेवक को पकड़ लिया गया। इसके बाद हमें भी पकड़ लिया गया। मुरादाबाद में स्थानीय हिंदू बहनों ने हमारा स्वागत किया। इसके बाद पुलिस ने हमें मुरादाबाद की जेल में रखा। हमने इसका विरोध किया।

### खाने-पीने की दिक्कतों से हमें दो-चार होना पड़ा

**यह** जेल जिसमें 302 धारा के तहत गंभीर आरोपी रखे जाते थे, उनके साथ हमें रखा गया। इस दौरान खाने-पीने की तमाम तरह की दिक्कतों से हमें दो चार होना पड़ रहा था। हमारे पास कारसेवकों का ही इनपुट मिला कि 31 नवंबर को अयोध्या में आंशिक रूप से कारसेवा शुरू हो गई और इस दौरान कोठारी बंधुओं सहित अनेक कारसेवकों को मुलायम सिंह की सरकार के समय क्रूरता पूर्वक गोलियां चलाकर मार दिया गया। इस दौरान अनगिनत कारसेवकों को मारकर सरयू नदी में भी फेंका गया।

## भोपाल गणतंत्र दिवस पर विशेष अतिथि के तौर पर करेंगे शिरकत

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

शिमला ग्रामीण की तहसील सुन्नी की ठेला पंचायत के ब्यांगल गांव के किसान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में विशेष अथिति के तौर पर शिरकत करेंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भारत सरकार के कृषि मंत्रालय की ओर से विशेष अथिति के निमत्रण पर ब्यांगल गांव के प्रगतिशील और अनुभवी किसान भोपाल सिंह वर्मा दिल्ली में गणतंत्र दिवस का हिस्सा बनेंगे। भोपाल सिंह से खास बातचीत में उन्होंने बताया कि उन्हें कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट किसान के तीन अवार्ड भी मिल चुके हैं। उन्होंने कृषि को मशीनीकरण से सरल सुलभ बनाया तथा खेती की शुरुआत गांव में ही स्थापित 15 लाख की लागत वाली सिंचाई योजना से आरंभ किया। आज उनके पास लगभग 15 लाख की खेती के उपकरण हैं और इन उपकरणों की मदद से वह नो से दस लाख सालाना कमा रहे हैं। आज कृषि उत्पादों की मांग लगातार बढ़ती जा रही है, ऐसे में खेती को अधिक उन्नत बनाने के लिए मशीनों की ओर से की जाने वाली खेती से किसान का पैसा और समय बचता है और साथ ही पैदावार में भी इजाफा होता है।



ठेला के किसान भोपाल सिंह खेतों में ट्रैक्टर से खेती करते हुए।

# कांग्रेस सरकार कन्फयूज्ड, लाखों बेरोजगारों को दे रही धोखा : बिंदल

## भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कांग्रेस पर लगाया युवाओं को गुमराह करने का आरोप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार कन्फयूज्ड सरकार है और इस कन्फयूजन में हिमाचल प्रदेश के लाखों बेरोजगारों को धोखा दे रही है।

उन्होंने आरोप लगया कि रोजगार देने वाले संस्थान प्रदेश मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने बंद कर दिए हैं और 13 महीने बीत जाने के बाद भी नया संस्थान खड़ा नहीं किया। बिंदल ने आरोप लगाया कि सरकार की ओर से पूर्व के संस्थान की ओर से ली गई परीक्षाओं के परिणाम भी नहीं निकाले हैं, जिसके फलस्वरूप पिछले एक साल से हजारों बेरोजगार सड़कों पर नारे लगाने पर मजबूर हैं, जब वे मुख्यमंत्री के पास जाते हैं, तो वह उनको मंत्रियों के पास भेज देते हैं और जब मंत्रियों के पास जाते हैं, तो वह उन्हें मुख्यमंत्री के पास भेज देते हैं। इस प्रकार मुख्यमंत्री और वर्तमान कांग्रेस की ओर से युवाओं को धोखा देने का कार्य किया जा रहा है।

### गेस्ट टीचर भर्ती को लेकर भी कन्फयूज्ड सरकार



बिंदल ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में गेस्ट टीचर भर्ती करने का जो निर्णय लिया, उसमें भी सरकार पूरी तरह से कन्फयूज्ड नजर आ रही है। राज्य में गेस्ट टीचर भर्ती का विरोध होने के बाद मुख्यमंत्री को यह निर्णय होल्ड करना पड़ा और इसमें भी कन्फयूजन है कि जब शिक्षा मंत्री वापस आएंगे, तो यह निर्णय लिया जाएगा। बिंदल ने कहा कि या तो मुख्यमंत्री को अपनी आथॉरिटी पर विश्वास नहीं या मुख्यमंत्री व मंत्रियों के बीच में भारी मतभेद है या फिर जानबूझ कर बेरोजगारों को लटकाने का प्रयास हैं।

### 10 हजार कर्मचारियों को नौकरी से किया बर्खास्त

बिंदल ने कहा कि वर्ष 2022 के चुनाव में पहली कैबिनेट में एक लाख नौकरी देने की गारंटी देकर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार ने 10 हजार छोटे-बड़े कर्मचारियों को नौकरी से बर्खास्त कर दिया। कर्ज का रोना रोने वाली सरकार 12 महीने में 14 हजार करोड़ का कर्जा ले चुकी है और इसके अतिरिक्त और कर्जा लेने जा रही है। सरकार को यह तक मालूम नहीं है कि कर्जा कहां लग रहा है।

### प्रदेश को कांग्रेस ने कर्ज में डुबोया

बिंदल ने कहा कि यह सारा कर्ज कांग्रेस की देन है। उन्होंने सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार पर आरोप लगाया कि पिछले 13 महीने में एक भी काम प्रदेश की जनता के हित में कांग्रेस सरकार ने नहीं किया। मुख्यमंत्री पैसों का रोना-धोना छोड़कर जनता के काम करें, जो इनका प्रथम कर्तव्य है।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीआरएफ ने रिज पर की परेड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर होने वाले गणतंत्र दिवस को लेकर अब तैयारियां शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन ने रिज मैदान पर होने वाली परेड को एसडीआरएफ की ओर से तैयारियां की जा रही हैं।

इस परेड में प्रदेश के 27 महाविद्यालय के विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। लोगों में भी 26 जनवरी की परेड की तैयारी को देखकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। भारतीय सेना , हिमाचल पुलिस,होमगार्ड, एनएसएस विद्यार्थी, ट्रैफिक पलटन, महिला पुलिस और एसडीआरएफ के जवान परेड में हिस्सा लेंगे। इस परेड की तैयारी के लिए हिमाचल प्रदेश के अलग-अलग 27 महाविद्यालयों से 140 रोवर्स तथा रेंजर्स बीते वर्ष नवंबर माह में हुई चयन प्रक्रिया के बाद यहां पहुंचे हैं।



गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर एसडीआरएफ रिज पर परेड करते हुए।

इस वर्ष भी भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रदेश की टुकड़ी हिमाचल प्रदेश सरकार की ओर से रिज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेगी।

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स प्रदेश के द्वारा इन चयनित रोवर्स तथा रेंजर्स के लिए राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए तैयारी शिविर राजकीय कन्या महाविद्यालय शिमला में 20 से 26 जनवरी तक आयोजित किया जा रही है। इस शिविर से अंत में चयनित होने के बाद 31 रोवर्स तथा 31 रेंजर्स 26 के दिन होने वाली परेड में भाग लेंगे। राज्य सचिव डॉ. राज कुमार ने कहा कि इस शिविर में रोवर्स व रेंजर्स की तैयारी के लिए 11 स्टाफ तथा 11 रोवर्स रेंजर्स कार्य कर रहे हैं। प्रतिभागियों के रहने और खाने के लिए भी उचित व्यवस्था की गई है।

## रामपुर और आसपास की 25 हजार की आबादी को रखा प्यासा

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

नदी नालों में पानी की कमी से जल विद्युत परियोजना निर्माताओं और स्थानीय लोगों में संघर्ष की स्थिति बनी है। ऐसे में चार जल विद्युत परियोजना संचालकों ने प्रदेश के शिमला जिले के रामपुर और आसपास की करीब 25 हजार की आबादी को प्यासा रखा है। लोगों को हफ्तों तक पानी नहीं मिल रहा है। जल शक्ति विभाग की नोगली खड्डु से चलाई गई सात जलापूर्ति योजनाओं को रोजाना 95 लाख लीटर पानी की आवश्यकता है, लेकिन मुश्किल से विभाग 20 लाख लीटर का हि बंदोबस्त कर पा रहा है। जल शक्ति विभाग ने परियोजना संचालकों को चेतावनी दी है कि नियमों एवं शर्तों के अनुसार पानी नहीं छोड़ा, तो आवश्यक सेवाएं बाधित करने का मुकद्मा किया जाएगा। पहाड़ों पर बर्फबारी व बारिश न होने से नदी-नालों का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है। ऐसे में जल विद्युत परियोजना निर्माताओ और संबंधित क्षेत्र के लोगों में जल के लिए संघर्ष की स्थिति बनती जा रही है। जल विद्युत परियोजना संचालक विद्युत उत्पादन को सामान्य बनाए रखने के लिए नदी नालों के जल प्रवाह को पूरी तरह रोक कर सरकारी मापदंडों एवं नियमों को ठेंगा दिखा रहे हैं। इसी तरह शिमला जिला के रामपुर उपमंडल के तहत नोगली खड्डु में बनी चार जल विद्युत परियोजनाएं रामपुर नगर परिषद क्षेत्र सहीत आस पास के इलाकों की करीब 25 हजार की आबादी को प्यासा कर गई है। हालत यह है कि जल शक्ति विभाग के स्टोरेज टैंक खड्ड में पानी सुख जाने के कारण हो खाली हो गए हैं।

### पानी की 95 लाख लीटर आवश्यकता

जल शक्ति विभाग रामपुर के अधिशासी अभियंता आरएसनेगी ने बताया नोगली खड्डु के अंतर्गत चार जल विद्युत परियोजनाएं बिजली पैदा कर रही है। इसी खड्डु से जल शक्ति विभाग की सात योजनाओं से रामपुर नगर परिषद समेत आस पास के क्षेत्रों को जलापूर्ति की जा रही है। वर्तमान में उनको पानी की 95 लाख लीटर दैनिक आवश्यकता है। उन्होंने चारों परियोजना निर्माताओं के प्रतिनिधियों को अपने कार्यालय में बुलाकर बैठक की और चेतावनी दी है कि जितनी उन्हें पानी की आवश्यकता है चाहे वह वाटर सप्लाई स्कीम हो या अन्य जरूरत के साथ साथ 15 फीसदी अतिरिक्त पानी खड्डु में छोड़े। अन्यथा उनके खिलाफ नियमों और प्रावधानों के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया जाएगा।

## रक्तदान को महादान समझ करें दान

### राज्यपाल ने राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का किया शुभारंभ



सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से रिज मैदान में रक्तदान शिविर के आयोजन पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व अन्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

श्री राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में उमंग फाउंडेशन एवं राज्य रेडक्रॉस सोसायटी ने विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया व शिविर का शुभारंभ राजयपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया। लेडी गवर्नर एवं राज्य रेडक्रॉस अस्पताल कल्याण शाखा की अध्यक्ष जानकी शुक्ला भी इस अवसर पर उपस्थित थीं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने श्रीराम जन्मभूमि के लिए अपना बलिदान देने वाले राम भक्तों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। उन्होंने रक्तदान शिविर के आयोजन के लिए उमंग फाउंडेशन को बधाई देते हुए कहा कि फाउंडेशन मानवता की सेवा के विभिन्न प्रकल्पों को लेकर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं, जो अन्यों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। रक्तदान जैसे मानवता के कार्य के लिए रक्तदाता स्वयं से ही प्रेरणा लेते हैं। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वे रक्तदान को महादान समझकर रक्तदान करें।

उन्होंने राम मंदिर को राष्ट्र मंदिर की संज्ञा देते हुए कहा कि इसके निर्माण से भारत की संस्कृति को जोड़ने और उससे पूरी दुनिया को परिचित करवाने का कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारी इस विरासत को पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षित तक जोड़ने का काम किया है। राज्यपाल ने इस अवसर पर राम की महिमा का गुणगान किया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने अंगदान के लिए भी लोगों से अपील की। इससे पूर्व, उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा फाउंडेशन की गतिविधियों से अवगत करवाया। रक्तदान किसी भी जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्र से परे राष्ट्रीयता की भावना को प्रबल करता है। उन्होंने रक्तदान शिविर में सहयोग करने वाले सभी सामाजिक संगठनों का आभार व्यक्त किया। सूद सभा के अध्यक्ष श्री राजीव सूद ने राज्यपाल का स्वागत किया। इससे पूर्व शिवानी ने रामभजन की प्रस्तुति दी। नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपमहापौर उमा कौशल, राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मजदूर विरोधी कानून के खिलाफ हड़ताल करेगी सीटू



रोहड़ू में आयोजित सीटू की समन्वय समिति की बैठक में मौजूद लोग।

**दशमी रावत, रोहड़ू**

सीटू की समन्वय समिति की बैठक रोहड़ू में आयोजित की गई। इस बैठक में जुब्बल, रोहड़ू, टिक्कर, जांगला, चिडगांव ब्लॉक में सीटू से संबंधित यूनियनों के मजदूर साथियों ने भाग लिया। बैठक में सीटू जिला कमेटी की तरफ से जिला महासचिव अजय दुलटा व जिला उपाध्यक्ष सुनील मेहता ने भाग लिया।

बैठक की अध्यक्षता सुनील मेहता ने की। इस बैठक में पहले तो क्षेत्र के स्तर पर संगठन के प्रचार-प्रसार, यूनियनों को मजबूत करने के साथ-साथ मुख्यतौर पर 16 फरवरी को पूरे देश के स्तर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन की अपील पर होने जा रही अखिल भारतीय आम हड़ताल को सफल बनाने के विषय पर चर्चा की गई। संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन ने 16 फरवरी को पूरे देश के स्तर पर मजदूर वर्ग से केंद्र सरकार द्वारा 44 श्रम कानूनों को खत्म करके चार श्रम संहिताओं में बदलने के मजदूर विरोधी फैसले के विरोध में आम हड़ताल करने का आह्वान किया है। सीटू का मानना है कि एक तरफ जहां केंद्र सरकार इन चारों श्रम संहिताओं के माध्यम से मजदूरों पर मजदूर विरोधी कानून थोपना चाहती है व उनके अधिकारों को छीनना चाहती है। बैठक में क्षेत्रीय स्तर पर रोहड़ू समन्वय समिति का गठन भी किया गया, जिसके संयोजक सुनील मेहता व सह संयोजक लोकिंदर सिंह को बनाया गया। इसके इलावा नरेश, दीवान, कविता, उर्मिला, मीना, राजमिला, रूमा आदि को समिति के सदस्य के तौर पर चुना गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रोहड़ू में 16 को एक बड़ी रैली का आयोजन किया जाएगा और उससे पूर्व सीटू से संबंधित सभी यूनियनों व गांव में मनरेगा व निर्माण मजदूरों की बैठक कर केंद्र सरकार की नीतियों को उजागर किया जाएगा।

## अनु फार्म रोहड़ू में बताए रूट स्टॉक के फायदे

**रोहड़ू।** अनु फार्म (पीसीडीओ अनु) में सुबह 11 बजे से पांच बजे तक बागवानों के लिए एक दिवसीय बदलते परिवेश में रुट स्टाक पर सेब की सघन बागवानी पर प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया, जिसमें बागवानों को दो समूहों में सघन खेती के संबंधित प्रयोगिक जानकारी दी गई।

रूट स्टॉक कैसे तैयार किया जाता है, प्रायोगिक विधि की ओर से डॉ. पंकज मोहन धानटा उद्यान विकास अधिकारी की ओर से विस्तारित रुप में बताया कि कौनसा रुटणस्टाक और कौनसी वैरायटी कितनी ऊंचाई पर लगाई जाए। किस तरह से ट्रेनिंग और की जाए इस पर जानकारी डॉ. कुशाल सिंह मेहता विषय विशेषज्ञ उद्यान जिला शिमला की ओर से प्रयोगिक तौर पर दी गई। उद्यान विकास अधिकारी जुब्बल डॉ. नवीन चिलैन ने बागवानों को बागवानी विभाग प्रदेश की ओर से जनहित के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी। इन शिविरों मे डॉ. सुरेश छाजटा, यशपाल पनाटु, अरुण कुमार, हेमंत शर्मा, ललिता गेशटा सहित 100 से ज्यादा बागवानों ने भाग लिया

**सीजन** आइस स्केटिंग रिंक में जनवरी महीने में ही 50 सेशन पूरे हो गए, मौसम दे रहा साथ, स्केटर्स में खुशी का माहौल

# रिंक मैदान में इस साल टूट सकता है कई वर्षों का रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला के आइस स्केटिंग रिंक में जनवरी महीने में ही 50 सेशन पूरे हो गए हैं। इस बार के मौसम ने स्केटिंग प्रेमियों को राहत प्रदान हुई है, पिछले साल पूरे सीजन में ही 52 सेशन हो पाए थे।

इस बार मौसम साफ होने की वजह से ज्यादा सेशन होने की उम्मीद लगाई जा रही है। अगर इसी तरह से मौसम साफ रहता है, तो 2010- 2011 का रिकॉर्ड भी टूट सकता है। इस दौरान स्केटिंग के सबसे ज्यादा सेशन हुए थे। यहां पर सुबह व शाम के सेशन में स्केटिंग की जाती है।

यहां पर सबसे ज्यादा रुचि बच्चों व युवा को होती है। सर्दियों में स्कूल बंद होने से अभिभावक अपने बच्चों को लेकर यहां पर पहुंचते हैं। आइस स्केटिंग रिंक में स्केटर्स को अनेक प्रकार की प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती हैं। यहां पर आइस हॉकी के लिए भी खिलाड़ी को बेसिक ट्रेनिंग दी जाती हैं। आइस स्केटिंग क्लब देश का पहला ओपन एयर स्केटिंग क्लब है, जहां प्राकृतिक तौर पर बर्फ जमाई जाती है।



राजधानी शिमला के आइस स्केटिंग रिंक में जनवरी महीने में ही 50 सेशन पूरे हो गए हैं। रिंक में स्केटिंग करते स्केटर्स।

### 104 साल पहले हुई थी क्लब की शुरुआत

लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिंक 104 साल पुराना एशिया का एकमात्र ओपन एयर स्केटिंग रिंक है। इससे पहले वहां पर टेनिस कोर्ट था। रिंक में ब्लेसिंगटन नामक अंग्रेज को स्केटिंग शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। सर्दियों में टेनिस कोर्ट के नलों में पानी और इसके आसपास पानी जम जाता है। इसको देखते हुए ब्लेसिंगटन ने टेनिस कोर्ट को पानी से भर दिया, जो पूरी तरह से जम गया। इसके बाद टेनिस कोर्ट को स्केटिंग रिंक में बदल दिया।

### लगाए गए सेशन

साल 2010 में 88, 2011 में 56, 2012 में 64, 2013 में 28, 2014 में 28, 2015 में 45, 2016 में 37 , 2017 में 11, 2018 में 64, 2019 में 51, 2020 में 59, 2021 में 82, 2022 में 52 सेशन लगाए गए थे।

आइस स्केटिंग रिंक में 50 सेशन हो चुके हैं। इस बार यदि मौसम इसी प्रकार से साफ रहता है, तो ज्यादा सेशन होने की उम्मीद है, पिछले साल पूरे सेशन ही इतने हुए थे, लेकिन इस बार जनवरी महीने में इतने सेशन हो चुके हैं। रोजाना यहां पर 80 से ज्यादा बच्चे स्केटिंग करने के लिए आते हैं।

**स्केटिंग रिंक के प्रशिक्षक एवं कोषाध्यक्ष पंकज प्रभाकर।**

## कैथू वार्ड में जल्द मिलेगी शॉपिंग कांप्लेक्स और बैंक की सुविधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शहर के कैथू वार्ड में जल्द ही एक नया शॉपिंग कांप्लेक्स खुलने वाले हैं। कैथू वार्ड के लोगों को अब एक छत के नीचे ही सारा सामान उपलब्ध करवाया जाएगा। ऐसे में कैथू की जनता को अलग-अलग जगह से सामान लाने के लिए इधर उधर नहीं जाना पड़ेगा।

को-ऑपरेटिव बैंक की एक शाखा भी कैथू वार्ड में खोली जाएगी। नवंबर माह में यह फैसला लिया गया था कि शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए एक बिल्डिंग बनाई जाएगी, जिसके अंदर ही को-ऑपरेटिव बैंक की एक शाखा खुलनी है।

जहां पर इसका कार्य किया जाना है वह कमर्शियल एरिया है। वार्ड में बनाई जा रही इमारत में को-ऑपरेटिव बैंक की सहायता ली जाएगी। जल्द ही अब इसका कार्य शुरू किया जाएगा। बता दें कि इस बारे में काफी समय से बात चली हुई थी। शहरवासियों को अब जल्द इसका फायदा उठाने के लिए मिलेगा। इसको लेकर टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। उसके अलावा नक्शे को भी पास कर दिया गया है।

### शहरवासियों को एक छत के नीचे मिलेंगी सभी सुविधाएं

कैथू वार्ड में शॉपिंग कांप्लेक्स और को-ऑपरेटिव बैंक की एक शाखा को खोलने की तैयारी की जा रही है। इसका टेंडर भी लग चुका है और नक्शा भी पास हो गया है। जल्द ही इसका काम शुरू कर दिया जाएगा। शॉपिंग कांप्लेक्स की इमारत को बनाने के लिए को-ऑपरेटिव बैंक की सहायता ली जाएगी।

**सुरेंद्र चौहान, महापौर नगर निगम शिमला।**

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेड यूनियन हड़ताल पर सीटू ने की चर्चा

**सोलन।** सीटू की सोलन जिला कमेटी की बैठक में जिले भर से मजदूर साथियों ने भाग लिया। बैठक में जिला के स्तर पर संगठन के प्रचार-प्रसार के साथ मुख्य तौर पर 16 फरवरी को पूरे देश के स्तर पर संयुक्त ट्रेड यूनियन आंदोलन की अपील पर होने जा रही अखिल भारतीय आम हड़ताल को सफल बनाने के विषय पर चर्चा की गई। बैठक में सीटू राज्य कमेटी की तरफ से राज्य अध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व राज्य उपाध्यक्ष जगत राम ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मोहित वर्मा ने की।

### यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो के लिए बनाई रणनीति

**अर्की।** युवा कांग्रेस अर्की की रविवार को बैठक हुई। सोशल मीडिया ब्लाक कांग्रेस अर्की अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी लोकसभा चुनाव और यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम रहा। बैठक की अध्यक्षता अर्की युवा कांग्रेस के अध्यक्ष हेमंत वर्मा द्वारा की गई

### आरोग्य सेवा समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**श्रीरेणुका जी।** सिविल अस्पताल ददाहू में आरोग्य सेवा समिति के सौजन्य से 17वां रक्तदान शिविर लगाया गया। समिति के अध्यक्ष धर्मपाल परमार ने बताया कि सरकारी अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में 100 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में महिलाओं की संख्या 14 रही। याद रहे हर वर्ष समिति रक्तदान शिविर लगाकर लगभग 100 यूनिट खून एकत्र कर नाहन अस्पताल को देती है।

### आंज भोज में 25 फरवरी को वार्षिक अधिवेशन

**पांवटा साहिब।** कुंजा मंतरालियों में चूड़ेश्वर सेवा समिति इकाई पांवटा की बैठक आयोजित हुई। इकाई अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने सभी को अवगत करवाया कि चूड़ेश्वर सेवा समिति चूड़धार एक सामाजिक एवं आध्यात्मिक संगठन है, जिसका मुख्य उद्देश्य चूड़धार पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भोजन एवं ठहरने की सुविधा उपलब्ध करवाना है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष आंज भोज में 25 फरवरी को प्रस्तावित वार्षिक आम अधिवेशन को सफल बनाने के लिए इकाई की ओर से 51 हजार रुपए आंशिक सहयोग दिया जाएगा। बैठक में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में पहाड़ी कॉलोनी के शिरगुल मंदिर में चूड़ेश्वर सेवा समिति इकाई पांवटा साहिब भंडारे का आयोजन करेगी। इस ऐतिहासिक दिन को मनाने के लिए हिमाचल सरकार द्वारा सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने के फैसले का चूडेश्वर सेवा समिति ने स्वागत एवं धन्यवाद किया है। सभी सदस्यों को वर्ष 2024 के कैलेंडर वितरित किए गए।

# स्वास्थ्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के लिए भरे जाएंगे 1450 पद

## चायल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले स्वास्थ्य मंत्री शांडिल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि गांव-गांव पहुंच कर प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं का समाधान कर रही है। मंत्री रविवार को सोलन विधानसभा क्षेत्र के चायल में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि शिक्षित युवाओं के लिए पर्यटन क्षेत्र में रोजगार व स्वरोजगार की संभावनाएं तलाशने के लिए सरकार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि चायल क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा ताकि ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के चिकित्सकों तथा अन्य स्टाफ के 1450 पद भरे जाएंगे। शांडिल ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत छह लाभार्थियों को आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त के रूप में 75-75 हजार रुपए के पत्र प्रदान किए। उन्होंने बेटी है अनमोल योजना के तहत 11 बच्चियों को 21-21 हजार रुपए की एफडी प्रदान की और अन्नप्राशन संस्कार संपन्न करवाया तथा गोद भराई की रस्म भी की। मंत्री ने इस अवसर पर लोगों को नशा निवारण की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में कुल 65 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें से 39 शिकायतें व 26 मांग लिखित रूप से प्राप्त हुई। शांडिल ने संबंधित अधिकारियों को लोगों की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के निर्देश जारी किए। उन्होंने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग द्वारा आयोजित मेगा स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ किया तथा विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बच्ची के नाम की गई 21 हजार की एफडी का प्रमाण पत्र सौंपते स्वास्थ्य मंत्री।

मेगा स्वास्थ्य शिविर में 104 रोगियों की जांच की गई। 42 आभा आईडी बनाई गई। इस अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क के कलाकारों ने लोगों को प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा नशा निवारण अभियान पर आधारित एक लघु नाटिका प्रस्तुति की गई।

# आबकारी विभाग ने लोस चुनाव को कसी कमर

**पांवटा साहिब।** राज्य कर एवं आबकारी विभाग ने आने वाले लोकसभा चुनावों को लेकर कमर कस ली है। यहां आयोजित एक पत्रकारवार्ता में आबकारी एवं कराधान उपायुक्त सिरमौर हिमांशु पंवार ने कहा कि विभाग ने अवैध शराब तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अप्रैल से अभी तक 35 हजार लीटर अवैध शराब जब्त की है। वहीं, 21 लाख रुपए का जुर्माना वसूला है। उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सिरमौर जिले के सभी बॉर्डर एरिया पर विभाग द्वारा सख्ती की जाएगी। जबकि बॉर्डर एरिया में नाके लगाए जाएंगे। लोकसभा चुनाव में अवैध शराब की तस्करी को लेकर सीमा के साथ लगते राज्यों के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक हो चुकी है। इस दौरान उन्होंने कहा कि अवैध शराब रोकने के लिए विशेष टीमों का गठन किया जाएगा। साथ ही विभाग द्वारा लोगों को अवैध शराब न लेने व उसकी तस्करी न करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। क्योंकि यह शराब न केवल अवैध कार्यों को बढ़ावा देती है बल्कि उससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम की संभावना भी है। इसलिए उन्होंने तस्करों को बाहरी राज्यों की शराब की तस्करी करने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

# दीपोत्सव के साथ आज फिर से दिवाली मनाएंगे सोलनवासी

## श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन ने बांटे 21000 दीये

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन में 500 साल बाद आए ऐतिहासिक पल को लेकर मुरारी मार्केट के समीप 21000 दीयों का वितरण किया गया ताकि 22 जनवरी को हर घर दीप जले और शहरवासी फिर से दिवाली मनाएं।

श्याम परिवार ट्रस्ट सोलन के प्रधान त्रिलोक अग्रवाल ने बताया कि समूचा भारत 22 तारीख को राम रंग में रंगा नजर आएगा। इसके लिए श्याम परिवार ने भी यह प्रण लिया है कि सोलन भी इस में पीछे नहीं रहेगा। इसलिए 22 जनवरी को सोलन में विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हिमाचली वाद्य यंत्रों के साथ-साथ अन्य राज्यों के मशहूर बैंड के साथ और भगवान राम की झांकियां शोभायात्रा में भगवान राम शहर वासियों को अपना आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

त्रिलोक अग्रवाल ने बताया कि यह शोभायात्रा शूलिनी माता मंदिर से आरंभ होगी और पुराने डीसी ऑफिस से होते हुए सनातन धर्म मंदिर और फिर लोअर बाजार में पूर्ण होगी। इस शोभायात्रा में दो मुख्य आकर्षण होंगे। पहला इस दिन पहली बार सोलन में आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन होगा। पुराने बस स्टैंड पर होगा। आतिश बाजी खत्म होने के बाद दिवाली मनाई जाएगी। सोलन के पुराने बस स्टैंड पर 11 हजार दिए जलाए जाएंगे। उन्होंने सोलन वासियों से भी आग्रह किया कि वह 22 जनवरी को अपने घर में भी दिवाली मनाएं और दस-दस दीपक जरूर जलाएं।



चिल्ड्रन पार्क में दीपक बांटते भारत विकास परिषद के कार्यकर्ता।

वहीं भारत विकास परिषद इकाई सोलन ने भी चिल्ड्रन पार्क में दीयों का वितरण किया। भारत विकास परिषद इकाई सोलन के अध्यक्ष कर्नल अरुण कैंथला ने बताया कि रामलला के मंदिर में विराजने की खुशी में शहर में दीपोत्सव होगा। दिवाली की तरह ही इस दिन को मनाया जाएगा। भारत विकास परिषद ने रविवार को चिल्ड्रन पार्क में पांच हजार एक दीयों का वितरण किया ताकि हर घर दीप जले और कल का दिन दिवाली की तरह मनाया जाए।





श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
सचिन शर्मा
भाजपा जिलाध्यक्ष जिला कांगड़ा
दविंद्र कोहली
जिला महामंत्री संगठनात्मक जिला कांगड़ा
राकेश चौहान
जिला महामंत्री संगठनात्मक जिला कांगड़ा


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
राजेश कुमार
बीडीसी वाइस चेयरमैन


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
गायत्री कपूर
सचिव, प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा



श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
प्रवीण कुमार
पूर्व विधायक बीजेपी पालमपुर


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
हरदीप सिंह जसरोटिया
जनरल सेक्रेटरी
भाजपा मंडल इंदौरा


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
रणवीर सिंह निक्का
विधायक नूरपुर विस क्षेत्र


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
बिक्रम सिंह जरयाल
पूर्व मुख्य सचेतक, हिमाचल प्रदेश विधानसभा एवं
पूर्व विधायक, भटियात विधानसभा क्षेत्र जिला चंबा


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
प्रकाश चंद
पंचरुखी भाजपा मीडिया प्रभारी


शिव मंदिर ठारू टिल्लेश्वर महादेव
की ओर से आयोध्या में
रामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा
पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
FRIENDS COMPUTER PALAMPUR
Sale & Service
Deals in All Type Gaming Laptop & Desktop
Opposite new LIC office Palampur
Mobile: 98166-84444, 98055-44414


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
उमेश दत्त
प्रदेश प्रवक्ता भाजपा


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
पवन कपूर
प्रधान


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
घनश्याम शर्मा
उपाध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स एवं कर्मचारी कल्याण बोर्ड


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
रविता भारद्वाज
भाजपा नेत्री व समाजसेवी


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
करन जंबाल
भाजपा नेता बैजनाथ


श्रीरामलला के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हार्दिक बधाई
रविंद्र धीमान
पूर्व विधायक, जयसिंहपुर विस क्षेत्र
एवं वर्तमान प्रदेश कार्य समिति सदस्य
देवेंद्र राणा
मंडलाध्यक्ष
राजेश शुग्गा
महामंत्री
स्वरूप डोगरा
महामंत्री
शिवा कटोच
युवा मोर्चा अध्यक्ष
मनीषा शर्मा
महिला मोर्चा अध्यक्ष
जीवन कश्यप
एससी मोर्चा अध्यक्ष
अजय पठानिया
किसान मोर्चा अध्यक्ष
प्रकाश चंद
भाजपा मीडिया प्रभारी
सुनील चौधरी
ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष



## कांगड़ा जिला हुआ राममयी; हर गली-चौराहा चमकाया, धर्मशाला शहर में गूंजे जय श्रीराम के नारे

# श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा में सभी का स्वागत

**22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांगड़ा भी राममयी हो गया है। कार्यक्रम को लेकर जिला की हर गली-मोहल्ले में दिवाली जैसा माहौल है**

**एचपीसीए सचिव अविनाश परमार ने श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर दीपावली पर्व की तरह मनाने के लिए सभी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आमंत्रित किया है**

**कपिल पंडित, धर्मशाला**

अयोध्या राम मंदिर में सोमवार को होने वाली प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोग उत्साहित हैं।

इस ऐतिहासिक क्षण को उत्सव की तरह मनाने के लिए लोग तैयार हैं। 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है क्योंकि वर्षों से देशवासी प्रभु श्रीराम मंदिर के निर्माण और राम मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का समना देखते आए हैं। जिला कांगड़ा में भी इस एतिहासिक दिन के लिए लोग प्रफुल्लित हैं और इस दिन को दीपावली पर्व की तरह मनाने की तैयारियों में जुट गए हैं। धर्मशाला की बात करें तो जिस तरह दिवाली पर्व पर लोग घरों को सजाते हैं, उसी तरह इस पर्व के लिए भी लोग अपने घरों को सजा रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह पर्व दूसरी दिवाली की तरह है और इस दिन घरों में घी के दिए जला कर प्रभु श्री राम की पूजा करेंगे और उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रण लेंगे। लोगों ने कहा कि राम मंदिर हिंदु धर्म के लोगों की आस्था का प्रतीक है। धर्मशाला में सोमवार को कचहरी, कोतवाली बाजार, दाड़ी, योल तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला सहित विभिन्न स्थानों पर लोग इकट्ठा होकर इस एतिहासिक पल के साक्षी बनने के उत्साहित हैं। पूरा धर्मशाला दीपावली पर्व की दुल्हन की तरह सजाया जाएगा। इस पर्व में सामाजिक, राजनीतिक, बुद्धिजीवी और आम लोग इकट्ठा होकर मनाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## धर्मशाला शहर में दिवाली जैसा माहौल



**धर्मशाला।** पूर्व विधायक विशाल नैहरिया ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कांगड़ा भी राममयी हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर कांगड़ा का हर गली-मोहल्ला चमकाया जा रहा है। पूर्व विधायक ने कहा कि अयोध्या स्थित राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से राममयी हुए माहोल में अपने स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि राम-काज के इस कार्य में सभी का स्वागत है। शनिवार को तीर्थ स्थल स्वछता अभियान के तहत धर्मशाला के वार्ड नंबर-13 स्थित शनि मंदिर में सफाई की गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर तीर्थ स्थल स्वछता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर परिसर की सफाई की। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष डॉक्टर विशाल नैहरिया, प्रदेश भाजपा सचिव विशाल चौहान, जिला भाजपा कार्यालय सचिव प्रकाश चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष प्रेरणा शर्मा, बूथ अध्यक्ष सोहन पठानिया, बूथ पालक प्रताप चौधरी, युवा वर्ग से सुशील कपूर, अभिषेक कश्यप शामिल रहे।

## धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में लगी एलईडी

**धर्मशाला।** सोमवार को अयोध्या राम मंदिर में प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में एक भव्य आयोजन किया जाएगा। एचपीसीए सचिव अविनाश परमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह देश वासियों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है और इस दिन को लेकर सभी देशवासियों में उत्साह है। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक दिन को दीपावली पर्व की तरह मनाने के लिए सभी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आमंत्रित हैं। एचपीसीए सचिव ने बताया कि अंतराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में विशाल एलईडी स्क्रीन पर प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा लाइव दिखाई जाएगी।

## गुरमीत बेदी को भी मिला निमंत्रण



**बैजनाथ।** हिमाचल साहित्य अकादमी से पुरस्कृत साहित्यकार, साहित्य की विभिन्न विधाओं में एक दर्जन पुस्तकों के लेखक और उत्तरी भारत के जाने-माने एस्ट्रोलॉजर गुरमीत बेदी को भी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। गुरमीत बेदी हिमाचल प्रदेश के पहले साहित्यकार और एस्ट्रोलॉजर हैं जिन्हें यह निमंत्रण मिला है। गुरमीत बेदी को यह निमंत्रण पंजाब प्रांत विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने आज मोहाली स्थित उनके आवास पर दिया। हिमाचल प्रदेश के बैजनाथ में जन्मे भले गुरमीत बेदी की सारी एजुकेशन हिमाचल से हुई है और हिमाचल सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय से दो साल पहले डिप्टी डायरेक्टर के पद से रिटायर होने के बाद वह फिलहाल मोहाली में रह रहे हैं।

## दाड़ी में सजा धार्मिक कार्यक्रम

**विकसित** भारत संकल्प यात्रा के तहत शनिवार को नगर निगम धर्मशाला वार्ड नंबर-13 दाड़ी में कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को केंद्र की माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किया।

## भजन मेरे राम का सिंहासन रिलीज

**कांगड़ा।** समाजसेवी और भाजपा नेता कमल शर्मा का राम भजन मेरे राम का सिंहासन पूर्व मुख्यमंत्री नेता विपक्ष जयराम ठाकुर के हाथों हुआ रिलीज किया गया। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कमल शर्मा को राम भजन गाने पर दी शुभकामनाएं दी। गाना रिलीज करने के मौके शाहपुर में चिंतपूर्णी स्टूडियो में पहुंचे कलाकार इशांत भारद्वाज, सुरेंद्र कपूर, राजेश डडवाल, सुधीर धीरू, अंकुश सकेतिया, अरुण कौशल सहित सभी कलाकारों ने कमल शर्मा को राम भजन गाने की बधाई दी। कमल शर्मा ने कहा कि उनका एक छोटे से प्रयास से राम कृपा के कारण यह भजन आज रिलीज हुआ है।



गरली। आयोध्या मे राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर रविवार को समूचा उपमंडल देहरा मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के रंग में रंग गया। वहीं, इस खुशी के जश्न में जहां कई जगहों पर अखंड पाठ का आयोजन किया और साथ ही बैंड बाजे डीजे के साथ विशाल शोभा यात्रा भी निकालते हुए।

## जय श्रीराम के उद्घोषों से भक्तिमय हुए बैजनाथ और पपरोला बाजार

**बैजनाथ।** अयोध्या में श्री राम मंदिर जन्म भूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के समारोह से पहले पपरोला के न्यू बस स्टैंड व्यापारियों ने राम दरबार की फोटो लगाकर उसकी विधि पूर्वक पूजा अर्चना की। न्यू बस स्टैंड के व्यापारियों ने अपनी मार्केट को रंग बिरंगी लाइट से सजाया है। वहीं, पर बैजनाथ बाजार में व्यापारियों ने अपनी दुकानों में भगवान झंडा लगा दिए हैं। इसके साथ कई दुकानदारों ने अपनी दुकानों डीजे लगाकर आने वाले लोगों को भी अपने साथ नाचने के लिए आग्रह कर रहे थे। राकेश कुमार आशीष कौशल आशीष शर्मा कुलदीप चढ्ढा विक्रम, भोलू, सेतु महाजन, रितेश, आशीष, मुनीश अनिल, संजय, अतुलिंद्र, नामित, सत्यम, धीरज ने कहा कि यह खुशी का पल है कि अयोध्या में इतने सालों बाद, श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। वहीं उनके जय श्रीराम उद्घोषों से पूरा वातावरण राममय हो गया। उन्होंने कहा कि रविवार शाम और सोमवार को वो अपनी दुकानों के आगे दीपमाला करेंगे। वहीं, सोमवार को हलवे का प्रसाद बनाकर वितरित करेंगे।

# रजोल करियाड़ा के नाग मंदिर में पधारे भगवान श्रीराम, निकाली शोभा यात्रा

**अनंत ज्ञान, देहरा**

अयोध्या में आयोजित भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव रजोल करियाड़ा में भी रविवार को ग्रामीणों द्वारा एक विशाल पैदल शोभा यात्रा निकाली गई। वहीं, इस दौरान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान जी की विशाल झांकी सहित यह शोभा यात्रा भिन्न-भिन्न इलाकों से गुजरती हुई नाग मंदिर करियाड़ा पहुंची। वहीं, इस दौरान मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिंह गुलेरिया ने तमाम हिमाचल वासियों को आयोध्या में आयोजित होने बाले भगवान राम प्राण प्रतीष्ठा की बधाई दी। वहीं, इस दौरान रजोल करियाड़ा के नाग मंदिर में दिन भर भजन-कीर्तन करते रहे। इस दौरान लोगों ने दिनभर मंदिर में पहुंच भगवान का आशीर्वाद लिया।



भगवान राम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव रजोल करियाड़ा में कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा



योल से दीप धीमान और उनके परिवार की तरफ से राम मंदिर की बधाई।



विनोद सिंह व श्रेष्ठा देवी और उनके परिवार की तरफ से राम मंदिर की बधाई।

# मंत्री यादविंद्र गोमा ने सुनी 98 समस्याएं

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

विधानसभा क्षेत्र हलेड़ में सजा सरकार गांव के द्वार का दरवार कार्यक्रम आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता। सरकार गांव के द्वार में आई 98 समस्याओं में अधिकतर का मौके पर ही निपटारा किया और विकास योजनाओं के लाखों रुपए आबंटित किए। यहां लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन के ध्येय से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार गांव के द्वार, हिमाचल सरकार का महत्वकांशी कार्यक्रम है, जिसमें लोगों की समस्याओं को पंचायत और गांव में जाकर सुना जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर विधान सभा क्षेत्र में ऐसे कार्यक्रम का आयोजन कर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जा रहा है। गोमा ने कहा कि एक वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने जयसिंहपुर हलके के विभिन्न विकास कार्यों के लिए दो करोड़ रुपए जारी किए हैं और भविष्य में भी विकास के लिए धन की कमी आड़े नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि इलाके की मूलभूत जरूरतमंद लोगों की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास को आगे बढ़ाने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि हलेड़ मैदान को सवारने के लिए भी 20 लाख रुपए जारी किए गए हैं, ताकि इस क्षेत्र के बच्चों को भी खेलने के लिए अच्छा मैदान मिले। उन्होंने कहा कि सीएचसी जयसिंहपुर में सात चिकित्सक सेवारत हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में 15 लाख की डिजिटल एक्स-रे मशीन भी उपलब्ध करवा दी गई है।




हलेड़ में कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते मंत्री गोमा।

## धर्मशाला में 28 कार्यों को एक करोड़ आठ लाख मंजूर



**धर्मशाला।** स्मार्ट सिटी के तहत देश के चुनिंदा शहरों में धर्मशाला को शामिल करवाने के बाद अब गांवों को स्मार्ट बनाने पर फोकस किया जा रहा है। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने रविवार को यहां जारी बयान में कही। रविवार को सुधीर शर्मा ने धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र में 28 विकास कार्यों के लिए मंजूर बजट की फैक्ट एंड फिगर रिपोर्ट जनता के सामने रखी। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं धर्मशाला से विधायक सुधीर शर्मा ने बताया कि इन 28 कार्यों पर एक करोड़ आठ लाख की राशि मंजूर करवा दी है। वहीं, कुछ कामों को शुरू हो गया है और कहीं काम शुरू होने वाला है। इन कार्यों में निर्माण सुरक्षा दीवार रवि कुमार एवं अन्य के घर के पास वार्ड नंबर-तीन ग्राम पंचायत रक्कड़ हेतु 3.5 लाख मंजूर करवाए हैं, तो निर्माण प्रवाह सिंचाई योजना नीरज एवं अन्य के घर के पास ग्राम पंचायत नरवाना खास हेतु 3.5 लाख स्वीकृत करवाए हैं। इसी तरह निर्माण सुरक्षा दीवार पुष्पा देवी एवम अन्य के घर के पास वार्ड नंबर-13 दाड़ी हेतु 1.5 लाख मंजूर करवाए हैं।

## मंडी में 30 को धरना देगा कामगार संघ

**अनंत ज्ञान।** भवन निर्माण व कामगार संघ 30 जनवरी को मंडी में धरना देंगे द्य जिसमे कामगार संघ के 500 वर्कर शामिल होंगे। यह निर्णय संघ ने रविवार को पालमपुर के लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में हुई बैठक में लिया गया। बैठक में 30 जनवरी को मंडी में ज्वॉइंट एक्शन कमेटी की ओर से हिमाचल प्रदेश श्रम कल्याण बोर्ड के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। उसमें जिला कांगड़ा से 500 डेलिगेट मंडी के धरने में शामिल होंगे। कामगार संघ के अध्यक्ष अमन चौधरी ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा मजदूरों को कोई न्याय नहीं मिला है। इसलिए अब सरकार के खिलाफ आर पार की लड़ाई होगी। उन्होंने कहा कि निर्माण कामगारों का करोड़ों रुपए बोर्ड अपनी सुख सुविधाओं पर खर्च कर रहा है और जिन मजदूरों के लिए कल्याण के लिए यह बोर्ड बनाया है उन्हें एक फूटी कोठी भी नहीं दी जा रही है।

## आज ज्वालामुखी मंदिर में सजेगी दीप माला

**ज्वालामुखी।** भगवान राम के 22 जनवरी को रहे भव्य प्राण प्रतिष्ठा के दिन शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर को दीपमालाओं से सजाया जाएगा। इसके साथ ही रंग बिरंगी लाइटों से मंदिर के गुबंद सजाए जाएंगे। मंदिर अधिकारी अनिल कुमार सौंधी ने बताया कि ज्वालामुखी मंदिर प्रांगण को दीपमालाओं व रंगबिरंगी लाइटों से सजाया जाएगा। इसके साथ ज्वालामुखी के मातृ सदन के साथ बने कीर्तन भवन में भगवान श्रीराम की कथा, सुंदर कांड व कीर्तन किया जाएगा। कीर्तन भवन में भी दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे। विधायक संजय रतन इस मौके पर विशेष रूप से उपस्तिथ रहेंगे।

## इंद्रु नाग मंदिर में लगाई बारिश होने की गुहार

**धर्मशाला।** स्वच्छ तीर्थ स्थल अभियान के तहत रविवार को भगवान इंद्रु नाग मंदिर खनियारा परिसर की सफाई के साथ नाग देवता से बारिश की गुहार पूर्व विधायक विशाल नैहरिया के साथ स्थानीय लोगों ने लगाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए गए स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत रविवार को पूर्व विधायक ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर मंदिर परिसर को साफ किया। साथ ही अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को धर्मशाला में हुए विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया, जिसमें दाड़ी और कोतवाली बाजार की विभिन्न शोभा यात्रा में भाग लिया। पूर्व विधायक नैहरिया ने कहा कि क्षेत्र में बारिश न होने से किसानों सहित स्थानीय लोग खासे परेशान हो रहे हैं। ऐसे में पूर्व विधायक नैहरिया ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर भगवान से क्षेत्र में बारिश होने की गुहार लगाई।

## न्यूज ब्रीफ

### मोल घाटी में क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**डरोह।** नेहरू युवा क्लब रोड़ा द्वारा रविवार को मोल घाटी के रोड़ा स्टेडियम में तृतीय सात दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ रमेश चौधरी प्रधानाचार्य राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ढाटी व संजय चौधरी अध्यक्ष यूथ फिटनेस अकादमी चांदड़ ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर दोनों अतिथियों ने क्लब को वित्तीय सहायता भी प्रदान की और युवा खिलाड़ियों को जलपान भी करवाया। इस टूर्नामेंट में लगभग 25 से 30 टीमें भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट में विजेता टीम को 7,100 रुपए, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह, उपविजेता टीम को 3,100 रुपए, ट्रॉफी व स्मृति चिन्ह दिए जाएंगे।

### विधायक संजय रतन ने नवाजे होनहार

**ज्वालामुखी।** विधायक संजय रतन ने आज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोला खरियाना के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि शिरकत की। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डोला खरियाना के अध्यापक और विद्यार्थियों द्वारा विधायक का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर और सरस्वती वंदना के साथ हुए। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के मौके पर माननीय विधायक संजय रतन ने विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर के सम्मानित किया। स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और नशे के दुष्प्रभाव को लेकर लघु नाटिका प्रस्तुत की। वहीं, विधायक संजय रतन ने सांस्कृतिक कार्यक्रम को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए की घोषणा की।

### पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**देहरा।** प्रदेश सरकार अनुभव हीन व संवेदनाहीन सरकार है उन्होंने मात्र सत्ता प्राप्ति के लिए हिमाचल के लोगों को बड़े-बड़े सपने दिखाए जो आज मुंगेरी लाल के हसीन सपने सिद्ध हो रहे है। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र प्रभारी व पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को आज ऐसी सरकार चला रही है जिन्हे लोगों के हितों से ज्यादा अपने चहेतों के लाभ की ज्यादा चिंता है। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि आज प्रदेश में बेरोजगारी का जो आलम है उसके लिए सरकार जिम्मेदार है। आज प्रदेश में स्थिति यह है कि बिजली कि महंगी दरों व लीज की समय अवधि को घटाने के कारण यहां निवेशक निवेश करने से कतरा रहे है बल्कि जो स्थापित उद्योग भी है वो भी पलायन का रास्ता चुनने के लिए मजबूर होते जा रहे हैं। इस दौरान पूर्व मंत्री ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

**प्रदर्शन** | **महिलाएं ने सीयू मामले पर कांग्रेस सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन**

# सुक्खू मामा मनिजा 30 करोड़ जमा करा

**30 करोड़ रुपए जमा न करवाने पर भड़के लोग जल्द मांगा समाधान**

**14 साल के बाद भी नहीं हो पाया धर्मशाला में यूनिवर्सिटी का काम**

**रविवार को क्रमिक धरने के चौथे दिन बल्ला के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ धरने में बैठक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

रविवार को क्रमिक धरने के चौथे दिन बल्ला के बच्चों ने अपनी माताओं के साथ धरने पर बैठकर, सुक्खू मामा मनिजा 30 करोड़ जमा करा, के नारे से अपने व अपने क्षेत्र के भविष्य की आवाज को बुलंद किया। इस धरने पर पेंशनर एसोसिएशन जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर भी अपनी कार्यसमिति सदस्य के साथ धरने पर बैठे।

धरने पर बैठे लोगों ने प्रदेश सरकार के समक्ष जल्द 30 करोड़ रुपए जमा करने की मांग रखी ताकि जदरांगल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का निर्माण कार्य शुरू हो सके। पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश ठाकुर ने कहा है कि 14 साल से धर्मशाला में सेंट्रल यूनिवर्सिटी का निर्माण नहीं हो पा रहा है। जबकि भूमि भी सीयू के नाम हो चुकी हैं तथा सभी ओपचारिकताएं भी पूरी कर ली गई है लेकिन उसके बाद भी प्रदेश सरकार पैसा जमा नहीं करवा रही है। यह दुर्भाग्य पूर्ण है सरकार जनता के हित को अनदेखा कर रही है जिसका खामियाजा सरकार को भुगतना पड़ सकता है।

रविवार को धरने पर बबली देवी, सुमना देवी, रीना, आशा, विक्रमा, शारदा, सविता, राजकुमारी, तृप्ता, कुसुमलता, कुशला, निशा, रेखा, चंद्रेश कुमारी, पवना, रुक्मणि, नीलम, मंगला, निशा, परवीण, कमला, प्रकृति रिधिमा सुषमा, अंशिका, रंजनी सुमना, सुनीता, रजनी साक्षी, मुस्कान, समृति व महक सहित विभिन्न लोग बैठे।




सीयू मामले को लेकर क्रमिक धरने में रविवार को बच्चों ने अपनी माताओं के साथ किया प्रदर्शन।

# शाहपुर के राकेश चौहान ने कार सेवा में निभाई थी अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

22 जनवरी को अयोध्या में बने श्री राम मंदिर की प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में खुशी का माहौल है। इसी कड़ी में शाहपुर के एक कार सेवक ने 1992 घटना को न केवल अपनी आंखों से देखा बल्कि इसमें अपना हम योगदान भी दिया।

जिला बजरंग दल के संयोजक और शाहपुर निवासी राकेश चौहान ने तथाकथिक बाबरी मस्जिद के विवादित ढांचे को ढहाने में अहम भूमिका निभाई थी। वह कार सेवा कर दस दिन बाद घर पहुंचे थे। आज अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर बनने पर वह बेहद खुश हैं और अपने आप को बहुत ही सौभाग्य शाली मानते हैं कि उन्हें भी इस ऐतिहासिक कार सेवा करने का मौका मिला था। इसके लिए वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का धन्यवाद कर रहे हैं।

उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि शायद भी भगवान श्रीराम का मंदिर बन सके। राकेश चौहान बताते है कि उस समय वह लगभग 29 साल के थे। 1988 में विश्व हिंदू परिषद से जुड़े और 1999 में शाहपुर में उन्हें राम शीला पूजन की अगुआई करने का मौका मिला। उस समय शाहपुर मंडल के संयोजक थे। 1992 में उन्हें बजरंग दल का भी जिला संयोजक बनाया गया था।

G.A.V. Jain Aadarsh Vidyalaya Fazilka 152123 (Punjab)
CICSE Affiliated English Medium School
FACULTIES REQUIRED
PGT- English, Maths, Physics, Chemistry, Geography, Commerce, Business Studies, Economics & Accounts
TGT- Science, Computer, English, Maths,
PRT/PPRT- Teachers For KG Sec Academic Co-ordinator Qualification required as per CISCE Norms.
Salary:- No Bar for deserving candidate.
Preference:- Couples & Experienced.
Send your resume on Email
gavcareer2017@gmail.com or Whatsapp No. 7009448584
Venue of Interview: HOTEL HAMIR OPPOSITE DIRECTORATE OF EX-SERVICEMEN, HAMIRPUR, HP.
Date of Interview :- 26-01-2024 (Friday)
Timing :- 11:00 AM TO 3:00 PM.

# कोताही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ की जाएगी कारवाई

## हरिपुर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में बोले विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया की अध्यक्षता में रविवार को चंबा विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत हरिपुर में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चंबा विधानसभा के विधायक नीरज नैय्यर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लोगों द्वारा 12 शिकायतें तथा 52 मांगें रखी गई। पठानिया ने लोगों से सीधा संवाद करते हुए समस्याओं को सुना और अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया।



कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को बेबी किट्स व एफडीआर वितरित करते मुख्यातिथि।

उन्होंने कहा कि समाज में अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम को हिमाचल प्रदेश में शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी द्वेष भावना के चलते योजनाओं से लाभ लेने वाले व्यक्ति के प्रति कोताही करने वाले अधिकारी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी। यह भी सुनिश्चित बनाया जाएगा की उन्हें योजना का उचित लाभ मिले। विधायक नीरज नैय्यर ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल के दौरान बेहतरीन कार्य व्यवस्था सुनिश्चित बनाई है।

कार्यक्रम में राजस्व विभाग द्वारा मौके पर 12 भूमि के इंतकाल किए तथा 42 प्रमाण पत्र भी जारी किए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 444 लोगों की स्वास्थ्य जांच व विभिन्न प्रकार के निशुल्क टेस्ट कर दवाइयां बांटी तथा दो लोगों को अपंगता प्रमाण पत्र भी जारी किए। आयुष विभाग द्वारा 290 लोगों की स्वास्थ्य जांच करने के साथ दवाइयां भी वितरित की गई। इस दौरान 15 लोगों के आधार कार्ड भी बनाए गए। कार्यक्रम में लोगों की जानकारी एवं जागरूकता के लिए विभिन्न विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी स्टॉल भी लगाए गए। प्रदर्शनियों के माध्यम से 976 लोगों ने विभिन्न विभागों के विकासात्मक व जन कल्याण से जुड़ी योजनाओं की महत्वपूर्ण जानकारी भी हासिल की। विधानसभा अध्यक्ष ने इस दौरान बेटी है अनमोल योजना के 12 लाभार्थियों को बेबी किट्स व 21 हजार राशि की एफडीआर वितरित की। उन्होंने इस दौरान सात लाभार्थियों को मशीन एवं टूल किट्स का भी वितरण किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने धन्यवाद प्रस्ताव रखते हुए कहा कि शिकायतों को मुख्यमंत्री सेवा संकल्प पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। कार्यक्रम में आई मांगों को लेकर उचित विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित बनाई जाएगी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, एसडीम चंबा अरुण शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### गीत-संगीत से लोगों को बताई सरकारी योजनाएं



'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के साथ संबद्ध प्रिया म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी और इनसे लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ विभाग द्वारा प्रदेश सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल में अर्जित उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका व्यवस्था परिवर्तन का एक साल, हिमाचल प्रदेश सरकार के 365 दिन 365 फैसले, 'सरकार गांव के द्वार' फोल्डर भी लोगों को वितरित किए गए। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में मां सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीत संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विकासशील युवा मंडल कीड़ी के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में रामचरित मानस पाठ



**चंबा।** श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर समूह चंबा में सनातन धर्म सभा चंबा द्वारा लोगों के सहयोग से कार्यक्रम का आरंभ पुत्रादा एकादशी के उपलक्ष्य पर हुआ। सर्व प्रथम प्रात: 5.30 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें संपूर्ण चंबा शहर में उल्लास पूर्ण वातावरण में जन-जागरण किया गया। रविवार को रामचरित मानस पाठ का शुभारंभ हुआ। सोमवार को प्रभात फेरी और भजन-कीर्तन व श्रीराम चंद्र की षोडशोपचार पूजन सहित रामचरित मानस का समापन व प्रसाद वितरण होगा। सायंकाल में मंदिर परिसर एवं घरों में दीपक प्रज्वलित करके दीपावली मनाने का आह्वान किया गया है।

# रुणह कोठी टीम ने जीता 5100 नकद इनाम और क्रिकेट ट्रॉफी

## युवा आजाद क्लब सामरा ने आयोजित करवाई प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत रुणह कोठी के सामरा में सुरेश अत्री के जन्मदिवस पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन युवा आजाद क्लब सामरा द्वारा किया गया। इस क्रिकेट प्रतियोगिता में क्षेत्र की आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में समाजसेवी अश्वनी कुमार सोई ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में रुणह कोठी की टीम ने लूना टीम को पराजित कर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम को 5100 नकद इनाम के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिताके समापन समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे अश्वनी कुमार सोई ने सभी खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा है कि युवाओं को अधिक से अधिक खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने से नशे की लत से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने सभी युवाओं से आह्वान किया कि समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर कोई अपनी तरफ से अपने योगदान को सुनिश्चित करें।


ग्राम पंचायत रुणह कोठी के सामरा में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन पर खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

# आत्मा की कोई अपेक्षा नहीं होती आत्म ज्ञान में मुख्य बाधा है मन

## निरंकारी सत्संग भवन मुगला में बही प्रवचनों की बयार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

निरंकारी सत्संग भवन मुगला में महात्मा डॉ. राजेंद्र की अध्यक्षता में विशाल सत्संग का आयोजन किया गया, जिसमें दूर-दूर से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सत्संग का शुभारंभ आरती वंदना से किया गया।

विभिन्न गांवों कस्बों से आए संतों-महात्माओं ने सदगुरु माता सुदिक्षा सविंदर हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं को अपने गीतों व विचारों द्वारा प्रकट किया। अंत में मंच पर विराजमान महात्मा डॉ. राजेंद्र ने अपने सार गर्भित प्रवचनों से संगत को भाव विभोर करते हुए कहा कि जब अष्टावक्र ने राजा जनक को ब्रह्म ज्ञान दिया तो राजा जनक कह उठे मैं तो आत्मा हूं मै शरीर नहीं हूं मैं आत्मा होने का बोध मात्र हूं। महात्मा ने बताया कि आत्मा की कोई अपेक्षा नहीं होती। अपेक्षा मात्र मन और शरीर की होती है।


निरंकारी सत्संग भवन मुगला में सत्संग के दौरान मौजूद श्रद्धालु।

जब पूर्ण गुरु की कृपा से ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति होती है तो पता चलता है कि यह संसार भावना मात्र है। आत्म ज्ञान में मुख्य बाधा मन ही है। कर्म , मोह, स्वपन, एवं जड़ता सब समाप्त होने पर मनुष्य पूर्ण चैतन्य अवस्था में नित्य स्थिर रहता है। यही अनिर्वचनिय अवस्था है। जिसको केवल अवस्था कहते है। इसका वर्णन नहीं किया जा सकता। भक्त हमेशा गुरु मर्यादा में सेवा, सुमीरन, और सत्संग करते हुए अपना लोक सुखी और परलोक सुवहेला करते चले जाते हैं।

# 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम स्थगित किया

**भरमौर।** उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 22 फरवरी को अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत अवकाश घोषित किए जाने के बाद भरमौर विधानसभा क्षेत्र के तहत हेलिपैड भरमौर में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वारा कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भरमौर में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जल्द आगामी तिथि निर्धारित की जाएगी। 23 जनवरी को चुराह विधानसभा क्षेत्र के तहत भंजराडू तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के तहत 24 जनवरी को सलूणी में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम यथावत रहेगा। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा यह कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है।

# गुरु रविदास जन्मोत्सव की तैयारियों पर की गई चर्चा


गुरु रविदास मंदिर मोहल्ला धड़ोग में बैठक में मौजूद सभा के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

श्री गुरु रविदास सभा चंबा के तत्वावधान में आम सभा का आयोजन गुरु रविदास मंदिर मोहल्ला धड़ोग में किया गया। बैठक की अध्यक्षता अंबेडकर सेवानिवृत्त कर्मचारी कल्याण संघ के अध्यक्ष मनोहर लाल हितैषी द्वारा की गई।

यह जानकारी सभा के प्रधान जितेंद्र सूर्या ने दी। उन्होंने कहा की बैठक के दौरान गुरु रविदास जन्मोत्सव 2024 के आयोजन संबंधित विचार-विमर्श किया गया व प्रस्ताव पारित किए गए।

इस अवसर पर प्रधान जितेंद्र सूर्या, वरिष्ठ उपप्रधान अविनाश, उपप्रधान सुदेश चंद्रा, महासचिव वीरेंद्र भट्ट, स्टोर कीपर शिवकेश, गुरुद्वारा ग्रंथी नविता भट्ट, रागी भाई शिव कुमार व मोहल्ला निवासी मौजूद रहे।


# श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा डलहौजी

## राम भक्तों ने निकाली शोभायात्रा, रघुनाथ मंदिर में आज लगाया जाएगा लंगर

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर पूरे देश में दीपावली जैसा भव्य आयोजन देखने को मिल रहा है। इसी आयोजन को लेकर रविवार को भुरु नाग देवता मंदिर परिसर में समस्त ग्रामीणों ने साफ-सफाई कर अयोध्या से सीधे प्रसारण को लेकर एलईडी का परीक्षण भी किया इसके साथ ही मंदिर परिसर के आसपास भगवा ध्वजारोहण भी किया।

बताते चलें की राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर समस्त क्षेत्र में भरपूर उत्साह देखने को मिल रहा है। बताते चलें कि सोमवार सुबह पूजा-अर्चना के साथ हवन का आयोजन किया जाएगा इसके साथ ही भजन-कीर्तन के अलावा एलईडी के माध्यम से अयोध्या से सीधा प्रसारण भी प्रदर्शित किया जाएगा। इसके पश्चात आए हुए सभी भक्तजनों को प्रसाद के रूप में लंगर भी वितरित किया जाएगा।



प्रभु श्रीराम की अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर शोभायात्रा निकालते भक्त।

मंदिर कमेटी की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों से अपील है कि सोमवार के महापर्व को लेकर भुरु नाग देवता मंदिर में आकर प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद प्राप्त करें। तो वही डलहौजी में भी सोमवार को प्रभु श्रीराम के अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा आयोजन को लेकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया जिसमें डलहौजी एवं इसके आसपास के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में श्रीराम की जय जयकार से पूरा डलहौजी भक्तिमय हो गया। गौरतलब है सोमवार को रघुनाथ मंदिर डलहौजी में पूजा-अर्चना के साथ भव्य लंगर का आयोजन किया जा रहा है तो वहीं सिविल हॉस्पिटल डलहौजी में होटल एसोसिएशन डलहौजी एवं प्रेरणा द इंस्पिरेशन के परस्पर सहयोग से रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाएगा।

# जसोरगढ़ के तिलक राज ने पास की नेट की परीक्षा

**अनंत ज्ञान, तीसा**



चुराह के जसोरगढ़ के तिलक राज ठाकुर ने इतिहास में नेट की परीक्षा पास की है। वह कई सालों से एसएमसी के तहत पीजीटी शिक्षक के तौर पर पढ़ा रहे है। इसके साथ ही वह अपनी परीक्षा की भी तैयारियों में जुटे हुए थे। तिलक राज ठाकुर ने इस परीक्षा के प्रति समर्पण को जिंदा रखा था। इसके परिणामस्वरूप उन्होंने साबित किया है कि आयु केवल एक संख्या है।

तिलक की उपलब्धि ने समाज में एक सकारात्मक संदेश भेजा है, जो कहता है कि यदि कोई अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित है, तो उसकी मेहनत और उम्मीदें ही उसके मुकाम को निर्धारित करती हैं, इससे आयु का कोई महत्व नहीं होता। तिलक ठाकुर ने अपने जीवन की महत्वपूर्ण कदमों में से एक को साकार किया है, जब उन्होंने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस परीक्षा से गुजरकर उन्होंने न केवल अपनी मेहनत और समर्पण का सबूत दिया, बल्कि अपने परिवार को भी गर्वित किया है। तिलक ने न केवल अपने लक्ष्य को हासिल किया है, बल्कि उन्होंने अपने परिवार को भी साथ लेकर यह साबित किया है कि सफलता का सुख साझा करने में ही असली खुशी होती है। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें समर्पितता और आत्मनिर्भरता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया है और इससे उन्हें और भी उच्चतम स्थितियों की प्राप्ति की दिशा में प्रेरित किया है।

# राम भजन से राममय हुआ चंबा भक्तों ने निकाली प्रभात फेरी

## श्री रामलीला क्लब चंबा की ओर से जागरण का भी आयोजन



मुख्य चौक पर आयोजित जागरण के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर चंबा मुख्यालय में रविवार को शहर के विभिन्न वार्डों से श्रीराम लीला क्लब चंबा, विश्व हिंदू परिषद चंबा व अन्य धार्मिक संगठनों के अनुयायियों की अगुआई में प्रभात फेरी निकाली गई। वहीं मुख्यालय मुख्य चौक में राम भजन किया गया वहीं प्रसाद भी वितरित किया गया।

इसी कड़ी में मुख्य चौक पर ही श्री रामलीला क्लब चंबा की ओर से राम भक्ति जागरण का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में सदर विधायक चंबा नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जिसमें चंबा पुलिस में कार्यरत हेड कांस्टेबल गायक नरेंद्र महाजन ऑफ सोनू व गायक भूपेंद्र ऊर्फ भूपी ने अपनी मधुर आवाज से राम भजनों का गुणगान किया। इस मौके पर उपस्थित तमाम राम भक्तों ने खूब आनंदित होकर भगवान श्रीराम का गुणगान किया।

**कारोबार** डलहौजी में ऑनलाइन मार्केट से प्रभावित हो रहे छोटे स्तर के व्यापारी

# किराया-बिजली बिल निकालना हुआ मुश्किल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

जिला चंबा बेशक पिछड़ा हुआ जिला है किंतु बीते कुछ सालों से ऑनलाइन मार्केट ने पूरे जिला को अपनी गिरफ्त में ले लिया है, इससे जिला का डलहौजी क्षेत्र भी अछूता नहीं है। आज डलहौजी एवं इसके साथ लगते क्षेत्र बनीखेत, बाथरी, देवीदेहरा नैनीखड्ड एवं खैरी के बाजारों के मौजूदा हालात अच्छे नहीं हैं।

काबिलेगौर है कि क्षेत्र में ज्यादातर छोटे व्यापारी है। कुछ की अपनी दुकानें हैं कई व्यापारी किराये पर दुकान में लेकर अपनी गुजर बसर कर रहे हैं। कोरोना काल से अब तक सबसे ज्यादा आहत व्यापारी वर्ग ही हुआ है क्योंकि छोटा व्यापारी पूरे दो साल तक कोरोना की मार से जूझता रहा जिसका न तो सरकार ने और न ही बैंकों ने साथ दिया। ऑनलाइन मार्केट ने पूरे बाजारों का हाल खराब किया हुआ है, जिसमें छोटा व्यापारी सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है। स्थानीय व्यापारियों से बात करने पर उन्होंने बताया कि मौजूदा हालात बहुत खराब है। गौरतलब है कि ज्यादातर दुकानदारों को अपने भविष्य को लेकर चिंता सताने लगी है क्योंकि जिला में बड़े-बड़े शोरूम अपना पांव पसारते जा रहे हैं वहीं ऑनलाइन मार्केट भी हर व्यक्ति को अपनी पहुंच में ले रही है, इसके विपरीत स्थानीय व्यापारी को दुकान का किराया और बिजली बिल निकालना तक मुश्किल होता जा रहा है। बनीखेत के ही दुकानदार संजय जनरल स्टोर के मालिक संजू ने बताया की कोरोना काल में भी छोटा व्यापारी ही आहत हुआ है। न बैंक न सरकार की तरफ से कोई सहायता मिली और रही सही कसर ऑनलाइन मार्केट निकाल रही है। यदि बात बनीखेत बाजार की करें तो बनीखेत में आज ज्यादातर दुकानों में ताले जड़े हुए हैं। दुकानदार बनने का भ्रम लोगों के मन से उतरता जा रहा है क्योंकि किराया और बिजली का खर्चा पूरा करना मुश्किल हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

### सर्विस के नाम पर ग्राहकों को ठेंगा



बनीखेत के दुकानदार हरीश इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक हितेश गुप्ता ने बताया कि ऑनलाइन मार्केट ने छोटे व्यापारियों को लगभग खत्म ही कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक्स चीजों में लोगों को अब पता चल चुका है की वे कितनी टिकाऊ हैं और उनकी गुणवत्ता कैसी है। सर्विस के नाम पर हमेशा ऑनलाइन मार्केट उपभोक्ताओं को ठेंगा ही दिखाती हैं लेकिन फिर भी लोगों का झुकाव ऑनलाइन मार्केट की तरफ ही है।

### छोटे व्यापारियों पर पड़ रहा असर



बनीखेत के रेडीमेड कपड़ा व्यापारी गौरव गंडोत्रा ने बताया कि बनीखेत में ज्यादातर दुकानदार किराये पर अपनी दुकानदारी चला रहे हैं। ऑनलाइन मार्केट की वजह से स्थानीय व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है क्योंकि इनकी वजह से ही छोटा व्यापारी जो है दिन प्रतिदिन खत्म होता जा रहा है। ऑनलाइन मार्केट ग्राहकों को घर बैठे ही सामान मुहैया करवा रही है। क्वालिटी नाम मात्र ही क्यों न हो लेकिन कहीं न कहीं छोटे कपड़ा व्यापारियों पर इसका असर जरूर देखने को मिला है।

### सेल के नाम पर दिया जा रहा लालच



स्थानीय बाजार के कपड़ा व्यापारी ओंकार सिंह भरमौर वाले का कहना है कि बनीखेत बाजार पर तो मौजूदा टाइम में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों की मार पड़ी है क्योंकि ऑनलाइन मार्केट घर बैठे हर चीज मुहैया करवा रही है तो वही ऑफलाइन मार्केट बनीखेत में खुले बड़े-बड़े शोरूम रही सही कसर निकाल रहे हैं। आए दिन सेल के नाम पर लोगों को लालच दिया जाता है जिसका सीधा असर छोटे व्यापारियों को देखने को मिल रहा है। उन्हें तो किराया बैंक की किस्त एवं घर का खर्च निकालना तक मुश्किल होता जा रहा है। इसी कारण बनीखेत बाजार में ज्यादातर दुकानों में ताले लगते जा रहे हैं।

# आपदा से नगर निगम के वार्ड-2 को हुआ 36 करोड़ का नुकसान

## वार्ड सभा में नगर निगम महापौर वीरेंद्र ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बैठक के दौरान लोगों को संबोधित करते वीरेंद्र भट्ट शर्मा।

शीतला माता मंदिर प्रांगण में रविवार को नगर निगम वार्ड नंबर 2 में वार्ड सभा का आयोजन किया गया। सभा में कई विकासात्मक कार्यों पर चर्चा की गई। नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि वार्ड के सभी सदस्यों ने सभा में बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी मांगों को प्रमुखता से रखा।

उन्होंने बताया की आईआरडीपी में कुछ लोगों के फार्म भरे और सामाजिक सुरक्षा पेंशन के बारे में भी वार्ड सदस्यों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि पुरानी मंडी वार्ड नंबर दो में बहुत से विकास कार्य पूर्ण हो चुके थे, लेकिन जुलाई माह में आई आपदा में वार्ड को करीब 36 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ा जिससे विकास की गति में रुकावट आई है। उन्होंने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में हुए नुकसान का आकलन सरकार को भेजा गया और सरकार से ग्रांट को शीघ्र देने की मांग की है ताकि विकासात्मक कार्यों को गति दी जा सके।

उन्होंने बताया कि लोगों द्वारा जिन विकास कार्यों की अपील वार्ड सभा में की गई है उन्हें बजट के प्रावधान के उपरांत चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। वहीं सभा में गरीबी रेखा से ऊपर उठे लोगों के नाम काटकर गरीबी रेखा से नीचे जो लोग है उन्हें आईआरडीपी में लिया जाएगा और सभा में स्वच्छता को लेकर भी लोगों के साथ चर्चा की गई साथ ही शीतला माता मंदिर में वार्ड सभा समाप्त होने पर सफाई अभियान भी चलाया गया।

# हर व्यक्ति बनेगा विकास में भागीदार : बाली

## नाचन की घरोट पंचायत में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में बोले पर्यटन निगम के अध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, गोहर**

पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट रैंक आरएस बाली ने नाचन विधानसभा की ग्राम पंचायत घरोट में आयोजित 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति विकास में भागीदार बनेगा। कार्यक्रम में 134 मांगें और दो शिकायतें आई थी।

मुख्यातिथि ने एक-एक कर लोगों की समस्याओं को सुना और उनका समाधान किया। उन्होंने नाचन विधानसभा की प्रत्येक पंचायत के लिए पांच-पांच सोलर लाइटें देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नाचन में जिन पंचायतों में अभी सोलर लाइटें नहीं लगी हैं वहां प्राथमिकता पर लाइटें लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 10 साल सत्ता में रहते हुए कोई वादा पूरा नहीं किया। अच्छे दिनों का वादा, 15 लाख रुपए देने, काला धन वापस लाने, प्रत्येक वर्ष दो करोड़ रोजगार देने, 2022 तक सभी को पक्का घर देने का वादा करके सत्ता में आई मोदी सरकार ने अपना कोई वादा नहीं निभाया।

जब कांग्रेस पार्टी इस संबंध में विधानसभा में प्रस्ताव लेकर आई तो उन्होंने इसका समर्थन नहीं किया। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध सांगल म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने गीतों और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ एक वर्ष में लिए गए निर्णयों के बारे में बताया। आरएस बाली ने लोक निर्माण, जल शक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, उद्योग सहित विभिन्न विभागों द्वारा प्रदेश सरकार की एक वर्ष की उपलब्धियों और योजनाओं की जानकारी देने के लिए लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन किया। आयुष और स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस अवसर पर निशुल्क हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जहां लगभग 400 से अधिक लोगों की जांच की गई।



'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम के दौरान मौजूद मुख्यातिथि पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आरएस बाली व अन्य।

- नाचन की प्रत्येक पंचायत के लिए पांच-पांच सोलर लाइटें देने की घोषणा

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर उपायुक्त अरिंदम चौधरी, एसडीएम गोहर एलएस कनैत नाचन क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे नरेश चौहान, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष उपेंद्र ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस महासचिव शशि शर्मा, जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष तरुण ठाकुर, घरोट की प्रधान चिंतामणि, विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधि, विभागों के अधिकारी और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### लक्ष्मी नारायण मंदिर में भंडारा आज

**संधोल।** सोमवार को अयोध्या में प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर देश-विदेश से लेकर प्रदेश में घर गांव तक भक्ति में लीन है। राम भक्ति का असर मंडी के संधोल में भी देखने को मिला। इस अवसर पर संधोल के राम भक्त भंडारा लगाकर इस पावन पर्व को विशेष बना रहे है, संधोल के प्रसिद्ध लक्ष्मी नारायण मंदिर नौण में 22 जनवरी को 12:30 बजे से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। समस्त क्षेत्रवासी प्रभु श्रीराम जी के प्रसाद को ग्रहण कर सकते हैं।

### तेजमल ग्राम सुधार कमेटी के प्रधान बने



नवगठित ग्राम सुधार कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के छत्तर गांव में रविवार को ग्राम सुधार कमेटी के सदस्यों द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी में कैप्टन तेजमल ठाकुर को प्रधान, बृजलाल ठाकुर को उपप्रधान, महेंद्र सिंह को सचिव, कैप्टन चंद्र सिंह को उपसचिव, देवी दास कोषाध्यक्ष, ज्योति प्रकाश को उपकोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर कैप्टन तेजमल ठाकुर ने कमेटी के सभी सदस्यों का धन्यवाद किया।

### गणपति मंदिर में शिविर, 36 का स्वास्थ्य जांचा



गणपति मंदिर मंडी में शिविर के दौरान जांच करते डॉक्टर।

**मंडी।** विश्व मानव रूहानी केंद्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं और चिकित्सा दल द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन गणपति मंदिर मंडी में किया गया। इस दौरान एमडी मेडिसिन डॉ. हेमंत कुमार और बीएएमएस डॉ. मोनित ठाकुर ने 36 मरीजों को जांच के बाद निशुल्क दवाइयां बांटीं। विश्व मानव रूहानी केंद्र के संयुक्त सचिव मुकेश कुमार ने बताया कि इस मौके पर विश्व मानव रूहानी केंद्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सम्मान व उत्साह से सेवा की। इस प्रकार के समाजसेवा कार्यों का आयोजन इस संस्था द्वारा पिछले कई वर्षों से किया जा रहा है। आगे भी विश्व मानव रूहानी केंद्र समाजसेवा के ऐसे जनकल्याण कार्यों में सहयोग जारी रखेगा।

### भूपेश ठाकुर टैक्सी यूनियन के प्रधान बने



देवभूमि टैक्सी ऑपरेटर यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** देवभूमि टैक्सी ऑपरेटर यूनियन पड्डल द्वारा रविवार को जनरल हाउस का आयोजन मां चामुंडा के प्रांगण में किया गया। हाउस में पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से भूपेश ठाकुर को प्रधान, निशांत को उपप्रधान, जीत सिंह को सचिव, जोगिंद्र पाल को कोषाध्यक्ष, हंसराज सह सचिव, मुख्य सलाहकार भवानी सेन, सलाहकार बलवंत, तिलक राज, रतन चंद, अड्डा प्रभारी, हंसराज, खेम सिंह, हरि सिंह को अध्यक्ष और मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा को चुना गया।

### भगवान जगन्नाथ नए मंदिर में होंगे विराजमान

**सुंदरनगर।** अयोध्या की पावन धरा पर रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही ऋषि शुकदेव की धरा सुंदरनगर में भगवान जगन्नाथ भी नए मंदिर में विराजमान होंगे। देश भर में मनाए जा रहे पावन त्योहार की ही भांति सुंदरनगर में भी 22 जनवरी का क्षण इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा। सुंदरनगर के हंडेटी स्थित भगवान जगन्नाथ जी के मंदिर को भी श्रद्धालुओं द्वारा नए स्वरूप में तैयार किया गया है। कई महीनों के कार्य के बाद मंदिर के नए स्वरूप में भगवान जगन्नाथ जी की प्राचीन मूर्ति को स्थापित करने के लिए मंदिर पुजारी और श्रद्धालुओं को अयोध्या की ही भांति 22 जनवरी का दिन इसके लिए निश्चित किया गया। बता दें कि हंडेटी में निर्मित इस प्राचीन मंदिर का निर्माण 250 वर्ष पूर्व हुआ था। यहां भगवान जगन्नाथ, बलीभद्र और मां लक्ष्मी चंदन की लकड़ी से निर्मित हैं। हर वर्ष सुंदरनगर में उनकी रथयात्रा निकाली जाती है। मान्यतानुसार एक फकीर इस मूर्ति को बेचने के लिए ओडिशा के तट से सुंदरनगर लाए थे। इस मूर्ति को बेचने के लिए सुकेत रियासत के कोर्ट में सुनवाई के दौरान 500 रुपए का प्रस्ताव रखा गया। एक हजार रुपए में मूर्ति कुल्लू के राजा बेचने पर बात हुई, लेकिन फकीर ने मूर्ति को राजा को बेचने को लेकर मना कर दिया। राजा के आदेशों के तहत मूर्ति को एक भवन में स्थापित कर पूजन के पुजारी का चयन किया गया। इसके पश्चात मंदिर निर्माण के लिए राजकीय कोष से पांच सौ रुपए खर्च कर भूमि प्रदान की गई। मंदिर के पुजारी रूपेश कुमार ने बताया कि सुंदरनगर के हंडेटी स्थित मंदिर में प्राचीन भगवान जगन्नाथ जी की मूर्ति नए तैयार किए मंदिर में स्थापित की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

# जोगिंद्रनगर के हर चौराहे पर लहराए गए भगवा झंडे



जोगिंद्रनगर में भगवा रंग में रंगे लोग।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

उपमंडल जोगिंद्रनगर में अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के लिए भारी उत्साह है। जोगिंद्रनगर शहर के हर चौराहे, मुख्य बाजारों को राम भक्तों ने श्रीराम की तस्वीर और भगवा झंडे लहराकर उत्साह से सराबोर कर दिया है। इसी बीच रविवार को जोगिंद्रनगर के व्यापारी गुरप्रीत सिंह द्वारा राम भक्तों को भगवा रंग के पटके और झंडे दिए गए। गुरप्रीत ने विधायक प्रकाश राणा को भगवा रंग के पटके पहनाकर सम्मानित किया। बताया जा रहा है कि अकेले जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र में 50 हजार से अधिक रामभक्त धार्मिक कार्यक्रम में अपना सहयोग दे रहे हैं। गुरुद्वारा सिंह सभा के सचिव जगजीत सिंह ने बताया कि 22 जनवरी को गुरुद्वारा परिसर में भी दीप प्रज्वलित कर दिवाली मनाई जाएगी। सरकार द्वारा अधिकृत प्राचीन मंदिर मच्छिंद्रनाथ, बाबा बालकरूपी को भी सजाया जाएगा। वहीं श्रीराम कलामंच के प्रधान पंकज ठाकुर ने बताया कि 22 जनवरी को कलाकारों द्वारा शहर में श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की आकर्षक झांकियां निकाली जाएगी।

# अमी चंद को प्रधान चुना

**सरकाघाट।** अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक, संयुक्त संघर्ष मोर्चा, मोर्चा पंजीकृत की सरकाघाट विधानसभा में चल रहे रिक्त पदों के चुनावों में अमी चंद को प्रधान, वरिष्ठ उपप्रधान अति देवी, उपप्रधान प्रकाश चंद, कोषाध्यक्ष शिव कुमार और राजेंद्र कुमार को संयुक्त संघर्ष मोर्चा गोपालपुर कार्यकारिणी में बतौर कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। गोपालपुर कार्यकारिणी के नए तथा पुराने सभी सदस्यों को प्रदेश कार्यकारिणी ने सम्मानित किया तथा उन्हें भारतीय संविधान के तहत सर्वहित और राष्ट्र हित में काम करने की शपथ दिलाई।

चुनावों के बाद हुई बैठक में हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति तथा गोपालपुर ब्लॉक की विश्वकर्मा सभा ने अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के साथ एकजुट होकर तथा एक साथ काम करने का निर्णय लिया।

# गुरुकुल स्कूल में फन फेयर पार्टी

## प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि की शिरकत

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित फन फेयर पार्टी में प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमें प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री मिला है जो एक सामान्य एवं गरीब परिवार से संबंध रखता है व सभी वर्ग के लोगों की परवाह उनके द्वारा की जा रही है।

जिसका उदाहरण हमने बाढ़ के समय में देखा है जब मुख्यमंत्री ने अपनी पूरी जिंदगी की कमाई मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से प्रदेश की जनता को सौंप दी। उन्होंने कहा कि आज हम सभी को बच्चों पर नजर रखनी होगी ताकि वे बढ़ते हुए नशे की ओर अग्रसर न हो।

आज जोगिंद्रनगर में युवा चिट्टे के नशे की ओर आकर्षित हो रहे हैं जो की बहुत गलत है। उन्होंने कहा कि जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र को विकास की राह पर ले जाने के लिए उनके द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। थौना प्लौन पावर प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य भी मुख्यमंत्री के प्रयासों से जल्द ही शुरू होने जा रहा है।

इसमें जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आज युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की जरूरत है ताकि उनके बेहतर भविष्य का निर्माण हो सके। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग जेपी नायक, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरव ठाकुर, बीडीसी वाइस चेयरमैन ओम प्रकाश, बीडीसी सदस्य जोगिंद्र, प्रधान भडयाडा पंचायत ज्ञान चंद, इंद्र पाल, राजेश, राहुल, अभिषेक, अक्षय, लक्की, मदन, अश्वनी, राजेश चौहान, राजिंद्र, दीपक, केहर और संजय आदि मौजूद रहे।



स्कूल के निदेशक मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

# कलाकारों ने की लाइव पेंटिंग

## पंचवक्त्र में दो दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का समापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से छोटी काशी के पंचवक्त्र मंदिर में दो दिवसीय लाइव चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसको पंचवक्त्र लाइव का नाम दिया गया था और यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम था। समापन समारोह की अध्यक्षता जिला भाषा अधिकारी मंडी प्रोमिला गुलेरिया ने की।

उन्होंने कलाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम पुरातन कला और संस्कृति को संजोने में नई पीढ़ी के लिए एक सुंदर वातावरण तैयार करने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यार्थी अपनी ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरों से परिचित होते है। कार्यशाला में मंडी निवासी प्रवीण रावत और अमन कुमार ने पंचवक्त्र मंदिर को अपनी चित्रकला के माध्यम से विभिन्न दिशाओं से उकेरने में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया। इस कार्यशाला का आयोजन पंचवक्त्र मंदिर के प्रांगण में किया गया जिससे लाइव पेंटिंग का अलग ही अनुभव कलाकारों को मिला।

मुख्य चित्रकार प्रवीण रावत ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य उभरते कलाकारों को अपनी कला दिखाने का मौका दिया गया जिससे चित्रकला को बढ़ावा मिलेगा। अमन कुमार ने बताया कि दो दिवसीय कार्यशाला में एसपीयू मंडी के चित्रकला विभाग के कुछ विद्यार्थी और चित्रकला में रूची रखने वाले कुछ बच्चे शामिल रहे। वहीं अनंत ज्ञान के जिला ब्यूरो चीफ अनिल शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को मंदिर के इतिहास, शैली, सामग्री व इस पर उकेरी गई कलाकृतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।



भाषा एवं संस्कृति विभाग के सौजन्य से आयोजित कार्यशाला के समापन पर मौजूद प्रतिभागी व अन्य।

# अवकाश घोषित करने की निंदा

**मंडी।** प्रदेश सरकार द्वारा 22 जनवरी को अयोध्या में निर्मित राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के धार्मिक कार्यक्रम को देखते हुए सरकारी अवकाश घोषित कर दिया है। इस फैसले का मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है और इसे देश के धर्मनिरपेक्ष संविधान के विपरीत बताया है। पार्टी के सचिव भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के नाम पर संघ परिवार और भाजपा देश भर में धार्मिक उन्माद पैदा कर रही है।

यह विशुद्ध रूप में एक राजनीतिक लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से किया गया है। यह सब धार्मिक आधार पर शंकराचार्य द्वारा किया जाना चाहिए था, लेकिन इसे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं। जबकि संविधान के अनुसार सरकार धार्मिक कार्यों के लिए नहीं बल्कि देश के आर्थिक विकास के लिए बनाई जाती है। प्रदेश सरकार ने भी भाजपा का अनुशरण करते हुए उसमें उसी तरह शामिल होने का निर्णय लिया है जैसा भाजपा और संघ परिवार कर रहा है।

# सुपर किंग्स ने जीती विकास मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता



प्रतियोगिता की विजेता टीम सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट में पांच दिवसीय विकास मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र की 16 टीमों ने भाग लिया। समापन समारोह में ठेकेदार विजय शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरक्त की और विजेता टीम को इनाम और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

चम्याणु सुपर किंग्स ने प्रतियोगिता पर कब्जा करते हुए 25000 रुपए का इनाम व ट्रॉफी प्राप्त की और खुड़ला टीम रनरअप रही और उसे 15000 रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया गया।

चम्याणु सुपर किंग्स के कैप्टन अशोक गुलेरिया ने बताया कि हमने यह प्रतियोगिता लगातार दूसरी बार जीती है। वहीं समाजसेवी व ठेकेदार विजय शर्मा ने बताया कि 27 जनवरी से साहिल मेमोरियल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें क्षेत्र की कई टीमें भाग लेंगी।

# पंडोह में बेहतरीन काम करने वाले नवाजे





थर्ड बटालियन पंडोह में कार्यक्रम के दौरान सम्मानित सामूहिक चित्र में।

**मंडी।** थर्ड बटालियन पंडोह में जारी दूसरी तीन दिवसीय खेलकूद स्पर्धा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए। स्वस्थ पुलिस उत्तम सेवा तीन दिवसीय कार्यक्रम का स्लोगन रहा। समापन के मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें थर्ड बटालियन पुलिस जवानों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के समापन में थर्ड बटालियन पंडोह के कमांडेंट भगत सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल के खिलाड़ी डीएसपी गुलशन नेगी, अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी इंस्पेक्टर प्रियंका नेगी, थर्ड बटालियन के सहायक कमांडेंट सुरेंद्र शर्मा, अतिरिक्त सहायक कमांडेंट अमरनाथ एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। मुख्यातिथि ने बेहतरीन आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि बहुत से जवानों ने अपनी बेहतरीन कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि खेलकूद गतिविधियों और मैदान के लिए तीन लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। इससे इन गतिविधियों को और ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। इस मौके पर उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया।

**आक्रोश** मजदूर यूनियन ने जनरल हाउस में लिया फैसला

# मंडी की रेहड़ी-फड़ी यूनियन करेगी हड़ताल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सीटू से संबंधित मंडी की रेहड़ी-फड़ी मजदूर यूनियन द्वारा रविवार को जनरल हाउस कामरेड तारा चंद भवन मंडी में आयोजित किया गया। इसमें सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह, महासचिव राजेश शर्मा, रेहड़ी यूनियन प्रधान सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक कुमार, मनीराम, रेहाना, राजकुमार सहित डेढ़ सौ रेहड़ी-फड़ी मजदूरों ने भाग लिया।

इस दौरान सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में गत यूपीए-2 सरकार ने स्ट्रीट बेंडर्ज की आजीविका की रक्षा के लिए जो 44वां श्रम कानून बनाया था, उसे वर्तमान मोदी सरकार निरस्त करने जा रही है। सीटू व अन्य ट्रेड के राष्ट्रीय आह्वान पर 16 फरवरी को हड़ताल की जाएगी। इसके अलावा मंडी नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ियों के आसपास लाइनें लगाने, नाम पट्टिकाएं जारी करने, छूट गए रेहड़ी-फड़ी वालों को लाइसेंस जारी करने, गुजराती मार्केट में गेट लगाने व शौचालय बनाने और सीवरेज की फटी पाइप को ठीक करने, पंचवक्त्र समुदाय के वेंडरो को लाइसेंस और स्थान आवंटित करने का काम अभी भी लंबित है। हालांकि इस बारे 11 जनवरी को निगमायुक्त के साथ हुई बैठक में 20 जनवरी तक पूरा करने का समय निर्धारित हुआ था, लेकिन इन सभी मांगों को पूरा करने के लिए समय आगे से आगे बढ़ाया जा रहा है। रविवार को जनरल हाउस के दौरान यह निर्णय लिया गया कि यदि अगले एक सप्ताह में ये काम पूरा नहीं किए गए तो यूनियन 30 जनवरी को निगम कार्यालय पर प्रदर्शन करेगी। वहीं रेहड़ी-फड़ी यूनियन के प्रधान सुरेंद्र ने कहा कि स्थानीय विधायक बार-बार शहर के वैंडिंग क्षेत्रों को रद्द करने के लिए बयानबाजी करते हैं जो स्ट्रीट बेंडर्ज कानून की उल्लंघना है और यूनियन इसका कड़ा विरोध करेगी।



सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह जनरल हाउस में रेहड़ी-फड़ी यूनियन को संबोधित करते हुए।

# महेश्वर सिंह ने अयोध्या में भगवान त्रेतानाथ के दरबार में की पूजा-अर्चना

## छड़ीबरदार ने प्रतिष्ठा के लिए चरण पादुका, चौकी और चौंउर किए प्रदान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

देवभूमि कुल्लू के अधिष्ठाता देवता भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह श्रीराम मंदिर की प्रतिष्ठा में शामिल होने के लिए अयोध्या नगरी पहुंच गए हैं। जहां उन्होंने सबसे पहले जहां महेश्वर सिंह ने त्रेतानाथ मंदिर जहां से भगवान रघुनाथ जी की मूर्ति को कुल्लू लाया गया था, वहां पर जाकर पूजा-अर्चना की। वहीं, अयोध्या पहुंचने के दूसरे दिन उन्होंने अयोध्या स्थित हनुमानीगढ़ में जाकर माथा टेका और आशीर्वाद लिया। साथ ही उन्होंने प्रतिष्ठा के लिए चरण पादुका और चौंउर भी प्रदान किए।

इस दौरान अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक व राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास से भी भेंट की और उन्हें कुलवी टोपी, फागु और नरगिस के फूलों का गुच्छा भेंट किया। भगवान रघुनाथ के मुख्य सेवक एवं पूर्व सांसद महेश्वर सिंह के अनुसार कई वर्षो के संघर्ष के पश्चात भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या नगरी में 22 जनवरी को होगी जो समस्त सनातन धर्म के लिए गौरव का क्षण होगा।

अयोध्या धाम में मैं भी इस शुभ अवसर का साक्षी बनने पर गौरवान्वित हूं। उन्होंने बताया कि कुल्लू से अयोध्या आने के दौरान उन्होंने भगवान रघुनाथ जी के प्रथम सेवक के रूप में अयोध्या नगरी में विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक दिनेश चंद्र व श्रीराम जन्मभूमि न्यास के उपाध्यक्ष अशोक कुमार को भगवान राम के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हेतु चरण पादुका व चौंउर प्रदान किए। गौर रहे कि भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार (सेवक) को अयोध्या से निमंत्रण आया था, जिसके चलते महेश्वर सिंह अयोध्या गए हैं उनके साथ भगवान रघुनाथ जी के पुजारी दिनेश किशोर और अयोद्यानन्द वजीर भी अयोध्या में समारोह में शामिल होने के लिए अयोध्या गए हैं। (अनंत ज्ञान)



भगवान रघुनाथ जी के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह अयोध्या में त्रेतानाथ मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए तथा श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के महानायक व राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास को नरगिस के फूल भेंट करते हुए।

# तुले राम छठी बार बने चालक परिचालक महासंघ के अध्यक्ष


राजकीय व अर्द्ध-राजकीय चालक परिचालक महासंघ की नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला कुल्लू राजकीय व अर्द्ध-राजकीय चालक व परिचालक महासंघ के चुनाव में तुले राम को छठी बार जिला कुल्लू की कमान सौंपी गई है। तुले राम बतौर अध्यक्ष पांच बार अपनी सेवाएं दे चुके हैं और अब छठी बार अध्यक्ष की सौंपी गई है जो कि अपने आप में एक रिकॉर्ड है। रविवार को जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित देवसदन भवन के सभागार में चुनाव करवाए गए।

इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि प्रदेश अध्यक्ष अनिल गौतम और उनकी प्रदेश कार्यकारिणी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और पूरी प्रदेश कार्यकारिणी की मौजूदगी में ही पहले पुरानी कार्यकारिणी को निरस्त किया गया। इसके बाद जिला कार्यकारिणी के चुनाव करवाए गए। पुरानी कार्यकारिणी को बर्खास्त करने के बाद नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव की प्रक्रिया शुरू की गई किन्तु इस दौरान देवसदन में उपस्थित सभी चालक एवं परिचालक महासंघ के सदस्यों ने एक स्वर में पुरानी कार्यकारिणी पर पुनः विश्वास जताते हुए उन्हें फिर से जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस नई कार्यकारिणी में तुले राम को अध्यक्ष, त्रिलोक ठाकुर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, वेद राम ठाकुर को महासचिव तथा हरदयाल ठाकुर को कोषाध्यक्ष, खिमी राम ठाकुर, करम चंद ठाकुर व अमर चंद को उपाध्यक्ष, वी गुड्डू राम और एली राम को सहसचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि अनिल गौतम ने दीप प्रज्वलित कर की। इस दौरान कार्यकारिणी के चुनाव से पहले मुख्यातिथि सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा चालक परिचालक महासंघ की समस्याओं और सुझावों पर विस्तार से चर्चा भी की गई। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अश्वनी नेगी ने उत्तीर्ण की यूजीसी नेट की परीक्षा



**कुल्लू।** जिला कुल्लू के रायसन गांव के बेटे अश्वनी नेगी ने यूजीसी नेट की परीक्षा उतीर्ण कर पूरे गांव का नाम रोशन किया है। मनाली विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले इस गांव के अश्वनी नेगी की माता लीला नेगी व पिता सतपाल नेगी की इस उपलब्धि पर जहां परिजनों व सगे संबंधियों में खुशी का माहौल है। अश्वनी नेगी ने अपनी दसवीं कक्षा की पढ़ाई राक्वेल स्कूल पतलीकूहल स्कूल से की। वहीं, 12वीं कक्षा की पढ़ाई राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायसन से पूरी करने के बाद आगे की पढ़ाई कुल्लू कॉलेज से की। अश्वनी ने अंग्रेजी विषय में एमए पंजाब यूनिवर्सिटी से की।

### छानीनाला में मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू


मुख्यातिथि प्रधान हीरा सिंह मेहता को सम्मानित करते समिति के सदस्य।

**सैंज।** जिला कुल्लू की सैंज घाटी की ग्राम पंचायत कनौन के शलवाड़ में खेलकूद समिति शलवाड़ द्वारा ढाका स्टेडियम छानीनाला में मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत की गई, जिसमें ग्राम पंचायत कनौन के प्रधान हीरा सिंह मेहता अपनी पंचायत की टीम के साथ बतौर मुख्यातिथि पधारे और यहां पहुंचने पर खेलकूद समिति द्वारा उनका फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर खेलकूद समिति ने मुख्यातिथि व अन्य अतिथियां को कुलवी परंपरा अनुसार टोपी, मफलर के साथ सम्मानित किया। क्रिकेट खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए प्रधान ने बताया कि खेलकूद समिति शालवाड़ का सराहनीय प्रयास है, जिन्होंने यहां पर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गंगा सिंह, मोहर सिंह, कुलदीप सिंह जो नौजवान युवा थे, उनका अपने जीवन में गांव के प्रति व समाज के प्रति अच्छा सहयोग रहा है लेकिन आज वह हमारे बीच नहीं है। खेलकूद समिति द्वारा उनकी याद में जो क्रिकेट टूर्नामेंट करवाएं यह उनके लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है। वहीं खेलकूद समिति के प्रधान चुन्नी लाल सागर ने बताया है कि इस मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में 32 टीमें भाग ले रही है। इस मौके पर ग्राम पंचायत के उपप्रधान दीवान चंद डोगरा, वार्ड पंच धनवीर सिंह ठाकुर, प्रीतम सिंह कौशल व अन्य उपस्थित थे।

### देवता नार सिंह मंदिर में खिचड़ी का आयोजन

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के समीप सुल्तानपुर में स्थित बड़े देवता यानी की देवता नार सिंह के मंदिर परिसर में हर वर्ष की भांति इस बार भी माघ महीने में रविवार को खिचड़ी का आयोजन किया गया। गौर रहे कि माघ महीने में हर वर्ष खिचड़ी का आयोजन किया जाता है और मंदिर में आने वाले सभी भक्तों को खिचड़ी परोसी जाती है। खिचड़ी का आयोजन बड़े देवता नार सिंह मंदिर के परिसर में स्थित हॉल के अंदर किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने मंदिर परिसर में सुल्तानपुर, अपर सुल्तानपुर, मठ ओर लोरन से आए भक्तों ने उपस्थित हो कर माह दाल से बनी स्वादिष्ट खिचड़ी का आनंद लिया ओर साथ ही बड़े देवता के मंदिर में देवता के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण किया।


देवता नार सिंह के मंदिर का दृश्य।

### प्रीणी चौक का नाम भगवान श्रीराम चौक रखा

**मनाली।** पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के प्रीणी गांव के ग्रामीणों ने प्रीणी चौक का नाम श्री राम चौक रख दिया है। अब यह स्थान श्री राम चौक के नाम से जाना जाएगा। जमदग्नि ऋषि के पुजारी प्यारे राम द्वारा पूजा पाठ कर विधि विधान से इसका नामकरण किया। इस समरोह मे प्रीणी गावं के राम मंदिर के पुजारी संगत राम, पूर्व पंचायत प्रधान एवं ग्राम कमेटी के प्रधान शिवदयाल सचिव, चुन्नी लाल कमेटी के सभी सदस्य पूर्ण चंद, पूर्व प्रधान ठाकुर दास, दूनी चंद मन चंद सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल सिंह नेगी पूर्व प्रधान कुंदन लाल व प्रीणी के सभी गांववासी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने कहा कि भगवान श्री राम करोड़ों हिंदुओं के अराध्य हैं व भगवान के नाम पर चौक होना हम सभी के लिए गौरव की बात है। इसके लिए उन्होंने सभी को बधाई दी और हरसंभव सहयोग देने की बात भी कही। चौक का नाम भगवान श्री राम रखने पर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। इस शुभ अवसर पर प्रीणी गावं श्रीराम जी के जयघोष से गूंज उठा।

# कांग्रेस की सरकार सिर्फ विचार की सरकार : गोविंद ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार सिर्फ विचार करने वाली सरकार रह गई है और विकास कार्यों में भी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सिर्फ विचार की ही बातें करते रहते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री को अब विचार से बाहर आना चाहिए और प्रदेश के विकास कार्यों की ओर ध्यान देना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री से जब भी विकास के बारे में सवाल किया जाता है। तो वह सिर्फ यही जवाब देते हैं कि इस पर विचार किया जा रहा है, जबकि प्रदेश विचार से नहीं विकास से चलता है। ऐसे में कांग्रेस के नेता विचार को अपने दिमाग से निकाल दें और प्रदेश के विकास कार्यों के लिए ही अपने दिमाग का इस्तेमाल करें। ठाकुर ने कहा कि जेओए भर्ती मामले में भी बीते दिनों मुख्यमंत्री के द्वारा जो बयान दिया गया वह निंदनीय है। मुख्यमंत्री ने बेरोजगार युवाओं को यह कहा कि वे पहले मंत्रियों को मनाए और उसके बाद जेओए का रिजल्ट घोषित किया जाएगा। कांग्रेस सरकार युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई थी और आज युवाओं को सरकार के खिलाफ ही धरना-प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है।

गोविंद ठाकुर का कहना है कि कांग्रेस सरकार आने वाले पांच साल केवल विचार ही करती रहेगी। गोविंद ठाकुर ने कहा कि केंद्र से हिमाचल प्रदेश को पिछले वर्ष 33000 करोड़ से अधिक की राशि आई और आपदा प्रबंधन के लिए भी 3000 करोड़ से अधिक की राशि आई, सरकार ने उसका कुप्रबंधन कर अपने चहेतों को फायदा देने का प्रयास किया।

# विंटर गेम्स एसो. ने लाहौल में मनाया वर्ड स्नो-डे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन ने रविवार को लाहुल में वर्ड स्नो-डे मनाया। आयोजकों के अनुसार तीन दशक बाद बिना बर्फबारी के यह दिवस मनाया गया। हर साल सोलंगनाला की ढलानों में स्कीयर व हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन इस दिन को प्रतियोगिताएं आयोजित कर मनाता आ रहा है, लेकिन इस बार सोलंगनाला सहित किसी भी स्की सलोप में बर्फ नहीं है। जिस कारण एसोसिएशन ने लाहौल के पर्यटन स्थल में इस उत्सव को मनाने का निर्णय लिया लेकिन यह महज औपचारिकता के तौर पर मनाना पड़ा।

इस बार बर्फबारी न होने से प्रदेश के स्कीयर निराश हैं। उन्हें न तो अभ्यास करने का मौका मिल रहा है न ही प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिल पा रहा है। हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के महासचिव पिंटू ने बताया कि इस बार हिमपात न होने से एसोसिएशन इस बार कोई बड़ा कार्यक्रम नहीं कर पाई। उन्होंने बताया कि बर्फबारी न होने से प्रदेश के सभी स्की सलोप खाली हैं। उन्होंने बताया कि जैसे ही प्रदेश में हिमपात होगा वैसे ही एसोसिएशन स्की ढलानों में प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर स्कीइंग प्रतियोगिता का आयोजन करेगी। स्की एंड स्नो बोर्ड इंडिया के अध्यक्ष रहे एवं हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के चैयरमैन रूप चंद नेगी ने बताया कि 90 के दशक में भी बर्फबारी नहीं थी, तब भी वर्ड स्नो-डे नहीं मना पाए थे। उन्होंने कहा कि तीन दशक बाद फिर से हिमपात न होने के चलते जनवरी बिलकुल ही सूखी जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही मौसम मेहरबान होगा और स्की ढलानें बर्फ से लकदक होंगी।



हिमाचल प्रदेश विंटर गेम्स एसोसिएशन के महासचिव पिंटू व अन्य वर्ड स्नो-डे मनाते हुए।

# गणतंत्र दिवस पर नाटी व समूहगान प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

जिला कुल्लू की उझी घाटी के केंद्र स्थल पतलीकूहल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के मौके पर महिला मंडलों की नाटी व समूह गान प्रतियोगिताओं का आयोजन होने जा रहा है। इस प्रतियोगिता के लिए भाग लेने के लिए महिलाएं 24 जनवरी तक अपनी एंट्री जमा करवा सकती हैं।

इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर मनाली के पर्यटन कारोबारी एवं समाजसेवी रोशन ठाकुर व पर्यटन कारोबारी एवं हिमाचल के प्रसिद्ध कलाकार मनाली के इंद्र ठाकुर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। ध्वजारोहण के कार्यक्रम के समाप्त होने के बाद सुबह के 10 बजे ध्वजारोहण के उपरांत विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग ले रही महिला मंडलों की प्रतियोगिताएं आरंभ होंगी।


पतलीकूहल में गणतंत्र दिवस के लिए रिहर्सल करती युवतियां।

### आशियां ग्रुप 28 सालों से कर रहा गणतंत्र दिवस का आयोजन

**आशियां** ग्रुप के अध्यक्ष संजय अंगरूप ने बताया कि महिला मंडलों को मंच प्रदान करने का बीड़ा आशियां ग्रुप ने 28 साल पहले उठाया था, जिसका आज भी अनुसरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कुल्लवी नाटी व समूह गान प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। प्रतियोगिता में जीतने वाले महिला मंडलों को नकद पुरस्कार वितरित किए जाएंगे व प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी महिला मंडलों को ट्राफी देकर सम्मानित किया जाएगा।

### ये रहेंगे नियम व शर्तें

**आशियां** ग्रुप के मुख्य सलाहकार एवं जिला के लोकगायक धर्मेंद्र शर्मा ने बताया कि महिला मंडलों की नाटी प्रतियोगिता में 12 से 15 मिनट का समय निर्धारित किया गया है और समय का पालन करते हुए 12 से 15 मिनट के अंदर महिला मंडल को नाटी समाप्त करनी होगी। उन्होंने कहा कि समूह गान के लिए चार से छह मिनट का समय निर्धारित रहेगा। एक महिला मंडल सिर्फ एक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकता है।

### 24 जनवरी तक जमा करवाएं एंट्री

**महिला** मंडलों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 24 जनवरी तक एंट्री के रूप में 500 रुपए का शुल्क जमा करवाना होगा हैं। महिला मंडलों दूरभाष नंबर 9418506100, 9459016801 पर भी एंट्री एंटर करवा सकते हैं।















## सीसीटीवी निगरानी में हुई सी-टेट परीक्षा



परीक्षा देकर बाहर आते स्टूडेंट्स।

**हमीरपुर।** केंद्रीय शिक्षक पात्रता (सी-टेट) परीक्षा जिला भर के छह केंद्रों में हुई। डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर के प्रिंसिपल व परीक्षा के जिला समन्वयक विश्वास शर्मा, सीबीएसई बोर्ड के प्रतिनिधि राजीव शर्मा व कुलदीप सैनी की देख-रेख और सीसीटीवी की निगरानी में यह परीक्षा जिलाभर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों डीएवी पब्लिक स्कूल हमीरपुर, टीआर डीएवी कांगू, हमीरपुर पब्लिक स्कूल हमीरपुर, करियर पॉइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर, सेंट्रल स्कूल हमीरपुर व हिम अकादमी पब्लिक स्कूल में सुबह के 9.30 से दिन के 12 बजे तक व दूसरे स्लॉट का पेपर दोपहर दो होकर सायं 4.30 बजे तक हुई। इस परीक्षा के लिए 2,820 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था, इसमें से 2,328 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए।

# साइकिल रैली से 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' का दिया संदेश



सुजानपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने के लिए निकाली गई साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते कुलदीप सिंह, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

साइकिल प्रकृति एवं पर्यावरण के साथ मित्रतापूर्वक संबंध रखते हुए मनुष्य के भौतिक एवं बौद्धिक विकास की द्योतक है। हमारी समृद्ध संस्कृति एवं प्रकृति के साथ हमारे सौहार्दपूर्ण सह-संबंध के यह प्रतीक आज भी व्यक्तिगत, सामाजिक, सामुदायिक एवं राष्ट्र जीवन में आए ठहरावों, बाधाओं और संकटों की श्रृंखला को तोड़कर उनमें नवचेतना जागृत करने में सार्थक हैं। उक्त बात बाल विकास परियोजना अधिकारी सुजानपुर कुलदीप सिंह चौहान ने सुजानपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश देने हेतु आयोजित साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कही।

उन्होंने कहा कि इन आयोजनों के माध्यम से जनमानस में मानवीय, आत्मीय एवं विकासात्मक भावों को जागृत कर उनमें मानव सभ्यता और मानव समाज की विकास यात्रा में महिलाओं की महत्ता एवं योगदान को उजागर करने और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन की नींव डालने प्रयास किया जा रहा है। हमारी समृद्ध संस्कृति एवं विकास यात्रा के यह प्रतीक आज भी हमें प्रेरित करते हैं इसका अनुमान इन कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या एवं उनके उत्साह से सहज ही लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 19 से 24 जनवरी तक चलने वाले साप्ताहिक कार्यक्रमों में बाल विकास परियोजना सुजानपुर ने कार्यक्रमों की एक वृहद श्रृंखला तैयार की है ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसमें जोड़ कर बेटियों के उचित सम्मान एवं महत्व को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया जा सके।

## सीएम की पत्नी ने नादौन में सुनीं जन समस्याएं

**नादौन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर वाइस प्रेसिडेंट रेडक्रॉस सोसायटी हिमाचल प्रदेश ने अपने एकदिवसीय दौरे के दौरान गृह विधानसभा क्षेत्र नादौन के लोगों की समस्याओं को सुना तथा निपटारा किया। मुख्यमंत्री समय-समय पर अपने गृह क्षेत्र का दौरा करके लोगों की समस्याओं का निपटारा करते रहते हैं, परंतु पूरे प्रदेश की जिम्मेदारी होने के कारण महीने में एक या दो बार ही मुख्यमंत्री अपने गृह विधानसभा क्षेत्र को आ पाते हैं।

**वृद्धों और महिलाओं को प्राथमिकता, मौके पर ही हुआ समस्याओं का समाधान**

एकदिवसीय दौरे के दौरान भी कमलेश ठाकुर ने लोगों की समस्याओं को सुना, समझा और निपटारा भी किया। विदित रहे कि इस दौरान भारी भीड़ के बीच में खड़े वृद्धों और महिलाओं के लिए कमलेश के द्वारा प्राथमिकता प्रदान की गई ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की कठिनाई से न जूझना पड़े। इस दौरान उन्होंने छोटे बच्चों के साथ भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक व्यक्ति की हर समस्या का समाधान मुख्यमंत्री प्राथमिकता से करते हैं।



सीएम कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनती कमलेश ठाकुर।

## न्यूज ब्रीफ

### गलोड़ में राम भक्तों ने निकली शोभायात्रा



गलोड़ में शोभायात्रा निकालते रामभक्त।

**गलोड़।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक दिन पहले आज गलोड़ क्षेत्र राममय रंग में रंगा हुआ नजर आया राम भक्तों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष वंदना योगी व आनंद वर्धन शर्मा की अगुआई में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभा यात्रा कुठार से शुरू होकर हरेटा गाहलियां गलोड़ सरेड़ी कांगु पनसाई सरेड़ी सिद्ध से गलोड़ तक निकाली गई जगह-जगह इस शोभा यात्रा पर लोगों ने फूल बरसाए व जय श्री राम के नारे लगाए जहां-जहां से शोभा यात्रा गुजरी गांव की महिलाएं जोरदार ध्वनि से जय श्री राम से उनका स्वागत करती हुई नजर आईं इस यात्रा में बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता और राम भक्तों में पूरा उत्साह था। लगभग 50 से अधिक गाड़ियों के काफिले के साथ यह यात्रा निकाली गई। युवाओं ने इस शोभायात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस यात्रा के दौरान कई जगह जाम की भी समस्या आई मगर गलोड़ पुलिस के जवानों ने यात्रा के साथ-साथ यातायात को सुचारु रखने में पूरा सहयोग किया। इस मौके पर इस शोभा यात्रा की अगुआई करने वाली नेत्री बंदना योगी ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक पल है। इस पल को देखने के लिए हमारे पूर्वजों ने 76 युद्ध लड़े कई लोगों ने बलिदान दिए 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद रामलला को अपना स्थान मिला है। आज देश के लोगों के लिए इस पल को लाने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के योगदान को भी भुलाया नहीं जा सकता।

### गारा गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**सुजानपुर।** गारा गांव में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर चीफ गेस्ट सुजानपुर भाजपा नेता प्रकाश सडयाल मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों से नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि खेल से न केवल शारीरिक विकास होता है बल्कि मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए कई स्कीमें चलाई हैं। इस अवसर पर उन्होंने ट्रॉफी जीतने वाली टीम को सम्मानित किया।

### आठ माह में हल होंगी पेंशनर्स की मांगें

**हमीरपुर।** हिम आंचल पेंशनर्स संघ का प्रतिनिधिमंडल प्रदेशाध्यक्ष योगराज शर्मा की अगुआई में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिला और उन्हें पेंशनर्स के देय आर्थिक लाभ न मिल पाने से उनमें पनप रहे रोष के बारे में अवगत करवाया। प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री को लिखित में भी मांग पत्र सौंपा और स्पष्ट किया कि पेंशनर्स का रोष शांत करने हेतु सरकार उनकी लंबित मांगों को पूरा करने बारे शीघ्र कार्रवाई करे। मुख्यमंत्री ने बड़े सौहार्दपूर्ण वातावरण में बात की तथा आश्वासन दिया कि सात-आठ महीने के पश्चात पेंशनर्स की मांगों का सरकार निराकरण कर देगी। शिष्टमंडल में भोरंज खंड के कोषपाल रमेश शर्मा, बीआर शर्मा, शशि पाल शर्मा, राम स्वरूप शास्त्री, परमजीत शर्मा, अमीं चंद अग्निहोत्री, अमरनाथ शर्मा व श्रुति पाल कानूनगो आदि शामिल थे।

### स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को मिलने वाला आरक्षण एक पीढ़ी आगे बढ़ाया जाए



जिला स्वतंत्रता सेनानी बैठक में भाग लेने के बाद पदाधिकारी सामूहिक चित्र में।

**हमीरपुर।** जिला स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी कल्याण संघ हमीरपुर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष नरेश शर्मा ने कहा कि कांगड़ा जिला के दाढ़ी में बनने वाले शहीद स्मारक का निर्माण शीघ्र करवाया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों का रिकॉर्ड राजस्व विभाग में दर्ज करवाया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों को हिमाचल प्रदेश में मिलने वाले आरक्षण को एक पीढ़ी आगे बढ़ाया जाए। इस बैठक में संघ के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कलियां विशेष रूप से उपस्थित हुए।उन्होंने कहा इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में भी कुटुंब पेंशन (उत्तराखंड) की तर्ज पर दी जाए। शर्मा ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों में से भी राज्य एवं जिला कमेटियों में नामजद किया जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के कोटे के खाली पदों को नौकरियों में बैकलॉग को अतिशीघ्र भरा जाए, स्वतंत्रता सेनानियों के शहीदी स्मारक, गेट व प्रतिमाएं हर जिला में लगाई जाएं ताकि भावी पीढ़ी उनसे प्रेरणा ले सके। शर्मा ने कहा कि सभी सदस्यों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती एवं पूर्ण राज्यसभा दिवस एवं गणतंत्र दिवस हर्ष के साथ मनाने का भी निर्णय लिया। बैठक में महासचिव मान चंद राणा, प्रदेश सचिव अशोक कंवर, वरिष्ठ उपप्रधान गोपाल शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष हरीश नंदा के अलावा राय सिंह ठाकुर सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## विकास देख बौखला रहे भाजपाई : विजय बनयाल

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भोरंज के अध्यक्ष विजय बनयाल ने भोरंज की पूर्व विधायक कमलेश कुमारी पर अनाप-शनाप बयानबाजी करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभा क्षेत्र में एक वर्ष में हुए विकास को देखकर भाजपा के लोग बौखला गए हैं और झूठे तथ्यों से जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की पूर्व विधायक को ज्ञान नहीं है कि भोरंज में जो विकास कार्य बीते एक वर्ष में हुए हैं उन सबकी वजट अप्रूवल व निविदा प्रक्रियाएं वर्तमान सरकार द्वारा की गई है और ये पूरी तरह नई योजनाएं हैं। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि जाहू में जिस निरीक्षण कुटीर की बात वह कह रही हैं उसका उन्हें ज्ञान ही नहीं है कि वह मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा नादौन, हरोली व भोरंज में दिए गए तीन रेस्ट हाऊसों में से एक है, जिसकी नोटिफिकेशन इस साल के बजट में की गई थी। जलजीवन मिशन के अंतर्गत बनने वाली निरीक्षण कुटीर का तो उन्हें पता ही नहीं था कि इस योजना में भी निरीक्षण कुटीर बनती है और वह राशि अनस्पेंड विभाग को वापस हो चुकी थी जिसे हमने री-एलोकेट करवाकर अम्माण कैहरवीं में निर्मित किया जा रहा है।

विजय वनयाल ने प्रश्न किया कि अगर ये सारी योजनाएं पूर्व भाजपा कार्यकाल की थी तो फिर उन्होंने अपने कार्यकाल में इन्हें क्यों नहीं बनवा दिया था? क्योंकि उनको भी जनता ने पांच वर्ष दिए थे। विजय बनयाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने कंजयाण में जलशक्ति विभाग का सब-डिवीजन व समीरपुर में 12वीं का स्कूल देकर यह साबित कर दिया है कि कांग्रेस पार्टी विकास के मामले में वोट की राजनीति नहीं करती है।

## तरकेड़ी टोडापीर छिंज में साहिल ने मारी बाजी



कुश्ती के फाइनल में अपना दमखम दिखाते पहलवान।

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के तरकेड़ी गांव के टोडापीर छिंज मेले छोटे बच्चों सहित पहलवानों ने अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया। इस छिंज मिले की फाइनल प्रतियोगिता प्रागपुर के पहलवान साहिल और इंदौर के पहलवान रोहित के बीच में संपन्न हुई, जिसमें साहिल ने अपने उत्तम दांव-पेचों की बदौलत छिंज की फाइनल प्रतियोगिता जीती।

इस मेले में स्थानीय पंचायत दंगड़ी के उपप्रधान नसीब सिंह लौकू, पंचायत मंझेली के प्रधान हाकम सिंह सहित हंसराज शर्मा, बाबू खां, फतेह मोहम्मद, नरेश मलोटिया, अनिल कुमार, पंकज शास्त्री, सुशील कुमार, नरेश शास्त्री, तरकेड़ी युवा परिषद प्रधान अभय शर्मा, अमन शर्मा, सुरजीत आदि उपस्थित रहे।

## अवकाश मिलने से रामभक्तों को कार्यक्रमों में भाग लेने का मिलेगा अवसर : संघ

**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने से रामभक्तों को प्राण प्रतिष्ठा के सुअवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेने का अवसर मिल सकेगा। यह बात राजकीय टीजीटी कला संघ के सदस्यों प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल, प्रदेश महासचिव विजय हीर, स्टेट डेलीगेट्स संजय ठाकुर, दुनी चंद, सोहन सिंगटा, सुरेश कुमार, रणवीर तोमर, सागर चंदेल, संजय वर्मा, विजेश अत्री, विजय बरवाल, सुभाष भारती, राकेश चौधरी, पवन धीमान, कुलबीर सिंह, रिग्जिन संदप, यशपाल सिंह, जरनैल सिंह, रामकृष्ण, मोहिंद्र ठाकुर, रमेश अत्री व अमित छाबड़ा ने यहां जारी प्रेस बयान में कही।

संघ के सदस्यों का कहना है कि संघ ने इस बारे में मांग दो दिन पहले मुख्य सचिव के माध्यम से सरकार को भेजी थी तथा प्रदेश सरकार से 22 जनवरी को रामभक्तों की आस्था देखते हुए अवकाश देने बारे विचार करने का आग्रह किया था, जिसे प्रदेश सरकार ने पूरा किया है। इस दिवस पर अनेक धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे, जिसमें स्टूडेंट्स और शिक्षक भाग लेने की इच्छा रखते हैं। मुख्यमंत्री द्वारा इस मांग को स्वीकृत करने हुए अवकाश घोषित करने से संघ गदगद है।

## दुल्हन की तरह सजाया राम मंदिर



कस्बा बड़ा में दुल्हन की तरह सजा राम मंदिर।

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के चलते देश में माहौल भक्ति मय हो गया है। चारों तरफ श्रीराम नाम के भक्ति संगीत गूंज रहे हैं। कस्बा बड़ा के राम मंदिर को भी राम भक्तों द्वारा दुल्हन कि तरह सजाया है।

श्रीराम क्लब बड़ा के सहनिदेशक अजय शर्मा एवं राम मंदिर कमेटी के सदस्यों ने एक सयुंक्त ब्यान में बताया कि अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान कस्बा बड़ा के राम मंदिर में सुबह 11 बजे त्रिकुंडीय हवन-यज्ञ किया जाएगा। तीन बजे प्रभु राम की शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें क्षेत्र के काफी संख्या में लोग भाग लेंगे। शोभायात्रा के बाद राम मंदिर में सुंदर कांड पाठ किया जाएगा एवं प्रभु राम जी का भजन-कीर्तन होगा। शाम छह बजे दीप यज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लगभग 11000 दीपक जलाए जाएंगे। श्रीराम क्लब बड़ा एवं राम मंदिर कमेटी ने सभी क्षेत्रवासियों से राम मंदिर बड़ा में होने वाले इस पावन आयोजन को सफल बनाने के लिए विशेष आग्रह किया हैं। (अनंत ज्ञान)

## जमना देवी को दी आर्थिक सहायता

**जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर चैरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को पपलाह गांव की जमना देवी को 11000 रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की है। जमना देवी पिछले सात वर्षों से कोमा में हैं। इस अवसर पर ट्रस्ट के सदस्यों ने पीड़ित महिला का हाल-चाल जाना तथा भविष्य में हर प्रकार की सहायता करने का आश्वासन दिया। ट्रस्ट की अध्यक्ष उषा रानी ने बताया कि ट्रस्ट हमेशा से ही गरीब, असहाय लोगों की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहता है और आगे भी इसी तरह काम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य जरूरतमंद परिवार को किसी भी चीज की आवश्यकता हो तो वह ट्रस्ट से बेझिझक होकर बताएं, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति की समय पर मदद की जा सके। इस अवसर पर उषा रानी, अनिल कुमार, लीगल एडवाइजर बलदेव जस्वाल, राकेश शर्मा, निशा कुमारी शर्मा, रीना कुमारी, आदित्य के साथ अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

## राजकीय सम्मान के साथ सूबेदार राजेश कुमार को दी अंतिम विदाई



राजकीय सम्मान से सैनिक राजेश कुमार का अंतिम संस्कार करते हुए व (इनसेट) राजेश की फाइल फोटो।

**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

जिला मुख्यालय के नजदीकी कोट गांव के सैनिक राजेश कुमार की हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह अपने पीछे पत्नी नीलम कुमारी, एक बेटी और 22 वर्षीय एक बेटे को छोड़ गए हैं। सैनिक सामान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया इस अवसर पर तहसीलदार टौणीदेवी आशीष शर्मा, हमीरपुर के तहसीलदार सुभाष ठाकुर, पंचायत प्रधान गुलशन कुमार भी मौजूद थे।

सेना की टुकड़ी ने उनके पार्थिव शरीर को अंतिम विदाई दी। वह सेना के 20 डोगरा बटालियन में थे, 19 जनवरी को उनकी अचानक हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई थी। उनकी मौत की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई और अंतिम संस्कार में भी काफी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें नम आंखों से विदाई दी।

## नादौन में श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आज

**नादौन।** रामलीला कमेटी व समस्त नादौन वासियों के सहयोग से सोमवार 22 जनवरी को बड़े शिव मंदिर के पास स्थित एतिहासिक श्रीराम मंदिर परिसर में श्रीराम प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें काफी संख्या में लोग उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य शम्मी सोनी ने बताया कि सोमवार को सुबह नौ बजे यज्ञ व राम कीर्तन तथा विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हवन-यज्ञ किया जाएगा। इस दौरान यहां राम भजन चलते रहेंगे। उन्होंने कहा कि तत्पश्चात शहर में राम परिवार शोभायात्रा श्रीराम मंदिर से आरंभ होगी, जिसका समापन राम मंदिर में ही होगा। उन्होंने नगर वासियों से आग्रह किया है कि इस स्वर्णिम क्षण को अति सुंदर बनाने के लिए ज्यादा से ज्यादा संख्या में सपरिवार सहित उपस्थित हों।


**समारोह** | विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने शहीद सोहारी पाठशाला के स्टूडेंट्स को बांटे पुरस्कार

# बड़सर-बिझड़ी में करोड़ों के शिलान्यास करेंगे मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने रविवार को शहीद लेफ्टिनेंट जितेंद्र शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सोहारी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया और मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर स्टूडेंट्स, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई देते हुए लखनपाल ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है, जिससे सरकारी स्कूलों के स्टूडेंट्स को गुणवत्तायुक्त शिक्षा मिलेगी और वे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे।

उन्होंने कहा कि आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान तथा उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाने के लिए प्रदेश सरकार ने 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम आरंभ किया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सुक्खू 24 जनवरी को बड़सर-बिझड़ी क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्यों के उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे तथा बिझड़ी के स्टेडियम में 'सरकार गांव के द्वार' कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।



सोहारी पाठशाला में मुख्यातिथि इंद्रदत्त लखनपाल का स्वागत करते शिक्षक व अन्य।


उन्होंने शहीद लेफ्टिनेंट जितेंद्र शर्मा की बहन विमला देवी और जीजा लेखराज को विशेष रूप से सम्मानित किया तथा स्कूल को अपनी ओर से 11 हजार रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले प्रधानाचार्य दलेर सिंह पठानिया ने मुख्यातिथि, अन्य अतिथियों तथा सभी अभिभावकों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

समारोह में कांग्रेस के प्रदेश सचिव कृष्ण चौधरी, बीडीसी सदस्य अमिता और अंजना, स्थानीय पंचायत प्रधान बब्बी, पूर्व प्रधान धर्म सिंह, उपप्रधान विजय ढटवालिया, ग्राम पंचायत कोहडरा के प्रधान निक्कू, कांग्रेस नेता केहर सिंह सोहारू, केवल शर्मा, अजीत शर्मा, रमेश चंद, एसएमसी अध्यक्ष सुरेश गर्ग, सदस्य पवन कुमार, राजेश कुमार, अन्य पदाधिकारी, शिक्षक और अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

### अपने-अपने घरों में जलाएं दीप

**अयोध्या** में सोमवार को होने वाली राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा की चर्चा करते हुए इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम किसी पार्टी विशेष के ही नहीं, बल्कि सब भारतवासियों के आराध्य हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इस अनुष्ठान के अवसर पर प्रदेश में छुट्टी घोषित करके तथा समस्त प्रदेशवासियों से दीप जलाने का आह्वान करके एक बहुत ही सराहनीय निर्णय लिया है। इंद्रदत्त लखनपाल ने मुख्यमंत्री के इस आह्वान पर समस्त बड़सरवासियों से भी अपने-अपने घरों में दीप जलाने की अपील की।



## न्यूज ब्रीफ

### उपमुख्यमंत्री आज से हरोली प्रवास पर

**ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 22 व 23 जनवरी को हरोली विधानसभा क्षेत्र के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। रविवार को जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सोमवार 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ईसपुर के वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। तद्पश्चात उपमुख्यमंत्री प्रातः 11.30 बजे ईसपुर में आयोजित होने वाले सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि उपमुख्यमंत्री 23 जनवरी को जिला ऊना में चल रहे विभिन्न विकासात्मक कार्यों का निरीक्षण करेंगे।

### बिट्टू का गांव पहुंचने पर स्वागत

**हरोली।** भागवत कथा कमेटी कांगड़ के सदस्यों ने रविवार को अपने गांव के पूर्व प्रधान व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हरोली के प्रधान विनोद कुमार बिट्टू को हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा सिटी ट्रांसपोर्ट बस अड्डा प्रबंधन डेवलपमेंट ऑथोरिटी के निदेशक पद मिलने पर अपने गांव में सम्मानित किया। इसकी जानकारी देते हुए भागवत कथा कमेटी के महासचिव जोगिंद्र कौशल ने बताया की इस अवसर पर भागवत कमेटी के लगभग 80 सदस्यों ने रविवार को इकट्ठे होकर विनोद कुमार को शाल-टोपी पहना कर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। सभी सदस्यों ने इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का आभार व्यक्त किया। प्रधान ने इस उपलब्धि को अपनी उपलब्धि न मान कर पूरे गांव की उपलब्धि माना और मुकेश अग्निहोत्री द्वारा उन पर एक वार पुनः विश्वाश व्यक्त करने पर उनका धन्यवाद किया और उनके विश्वाश को बनाए रखने के लिए दिनरात मेहनत करने का प्रण लिया। इस अवसर पर राजिंद्र कौशल, गणेश कौशल, संजीव कुमार, बृज मोहन, कश्मीरी लाल, विशाल कौशल, महिंद्र सिंह, गोलडी, राकेश कुमार, चंद्र मोहन, राज कुमार, पवन, राहुल, मोनू, रोहित, अनिता, गुड्डो रानी, गीता, बबली, कार्तिकेय आदि ने भाग लिया।

### निशुल्क हृदय जांच शिविर का आयोजन



दीप प्रज्वलित करके कैंप की शुरुआत करते गुरुदेव अवतार गिरि जी महाराज और साध्वी मीरा बहन गिरि जी।

**टाहलीवाल (ऊना)।** देवभूमि अद्वैता हार्ट इंसिट्यूट ऊना की और से पहला हृदय जांच कैंप मीरा आश्रम बाथू में लगाया गया। हृदय से संबंधित बीमारियों की जांच और मुफ्त दवाइयां का कैंप हरजिंद्र अस्पताल ऊना के सौजन्य से लगाया गया। कैंप में लगभग 71 लोगों के हृदय से संबंधित टेस्ट किए गए, जिसमें 57 लोगों की ईसीजी की गई। कैंप की शुरुआत गुरुदेव अवतार गिरि जी महाराज और साध्वी मीरा बहन गिरि जी ने दीप प्रज्वलित करके और रिब्बन काट कर किया। हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा जिनमें दिल के रोगों के विशेषज्ञ (डॉ. ताहिर सलीम भट कार्डियोलिस्ट गोल्ड मैडेलिस्ट) और उनकी एक्सपर्ट टीम ने लोगों के हृदय से संबंधित टेस्ट किए और मुफ्त दवाइयां दीं। स्वास्थ्य जांच कैंप में हार्ट संबंधित सभी रोगों का चैकअप, ईसीजी, ब्लड शूगर, टेस्ट हुए लोगों को बीमारी से संबंधित विशेष परामर्श भी दिए। इस अवसर पर देवधाम फाउंडेशन मीरा आश्रम बाथू के स्थायी अध्यक्ष पवन ठाकुर, प्रबंध निदेशक सुमन ठाकुर, सीईओ देसराज जरयाल, डॉ. अभिषेक, फिजियोलिष्ट सचिन, शमशेर डोगरा, पूजा ठाकुर, रविंद्र सिंह, अनिल डटवालिया, राकेश, पवन ठाकुर , सुमन ठाकुर, गांव की प्रधान सुरेखा राणा विपिन राणा, अध्यापक परशोतम कुमार, नीतीश कुमार शर्मा, एनएसएस कैंप से बच्चे भी मौजूद रहे।

### होमगार्ड जवानों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**गगरेट।** कानून व्यवस्था को चाक चौबंद रखने में अहम भूमिका निभाने वाले हिमाचल प्रदेश होमगार्ड जवानों को प्रदेश सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर ऐसा झटका दिया है कि इनके परिवारों को फाके मरने की नौबत आ गई है। पिछले दो माह से होमगार्ड जवानों को वेतन ही नहीं मिल पाया है। हालात यह हैं कि दूसरे जिलों में जाकर सेवाएं देने वाले होमगार्ड जवान न तो घरों को पैसे भेज पा रहे हैं और न ही खुद के भोजन की व्यवस्था कर पा रहे हैं। अब भूखे पेट कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने में यह कैसे पुलिस की मदद करेंगे ये तो प्रदेश सरकार जाने, लेकिन होमगार्ड जवान खून के आंसू रोने पर जरूर बिबश हो गए हैं। जिला भाजपा अध्यक्ष बलवीर चौधरी ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार कर्मचारियों को न तो डीए व एरियर की किस्त दे पा रही है और अब कर्मचारियों को वेतन देने के भी लाले पड़ने लगे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बाद में चलाए, पहले अपने कर्मचारियों की समस्याओं का तो निदान कर ले।

### मारपीट मामले में दो लोग गिरफ्तार

**जोल।** तलमेहड़ा में भूमि विवाद में मारपीट दौरान मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस चौकी जोल के अंतर्गत खारयालता पंचायत के उपगांव बही में कुछ दिन पहले दो गुटों में मारपीट हुई थी। जिसका दोनों पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज चौकी जोल में करवा दी गई थी, जिसके अनुसार क्रॉस केस बन गया था। प्रथम पक्ष धर्म सिंह पर हर्ष धीमान पुत्र नरेंद्र सिंह व निशा पत्नी नरेंद्र सिंह ने लोहे को राड से बार कर दिया, जिस कारण धर्म सिंह के सर पर चोट आई। चोट के कारण धर्म सिंह कोमा में चले गए, जिनका उपचार ऊना अस्पताल में चल रहा है। धर्म सिंह की नाजुक हालत देखते हुए हर्ष धीमान व निशा को शुक्रवार को जोल चौकी प्रभारी रूप सिंह ने हिरासत में लिया।उसके पश्चात उन्हें न्यालय में पेश कर तीन दिन पुलिस रिमांड में ले लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

फतेह यात्रा से जोड़ मेले का आगाज, गुरु रविदास महाराज के जयकारों से गूंजा समूचा क्षेत्र

# संतोषगढ़ में 'मीठे लगदे गुरु जी तेरे बोल...'

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़/ऊना**

**नगर** परिषद संतोषगढ़ स्थित ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर में दो दिवसीय सालाना 21-22 जनवरी जोड़ मेले का आगाज रविवार को फतेह यात्रा के साथ आरंभ हुआ। इस बार 18वें जोड़ मेले को माता कलसा को समर्पित किया गया।

जोड़ मेले की अगुआई मेले के चेयरमैन बलवंत सिंह ने की। विशेष रूप से हिमाचल प्रदेश श्री गुरु रविदास साधु संप्रदाय सोसाइटी के प्रधान संत रविंद्र दास व संत राम किशन, संत ज्ञानानंद महाराज उपस्थित रहे।

वहीं बलवीर बग्गा, जोड़ मेले के संस्थापक क्रांतिकारी पूर्व विधायक शिंगारा राम सहूंगड़ा के बेटे कुंवर जगवीर सिंह सिद्धू, सुरेश कुमार, अभिनव आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व संतोषगढ़ गुरु रविदास सभा के सदस्यों के साथ सभी ने स्थानीय गुरु रविदास मंदिर में माथा टेका। गुरु रविदास महाराज के जयकारों के बीच शोभा यात्रा शुरू हुई। फतेह यात्रा का आरंभ गुरु रविदास महाराज के फोटो को सुशोभित कर सुंदर पालकी में सजाई गई, जिसमें दर्जनों ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ श्री गुरु रविदास महाराज का गुणगान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने किया। यात्रा संतोषगढ़ से होते हुए खानपुर, नंगड़ा, जनकौर, ऊना मुख्यालय, बहडाला, मैहतुपर, बसदेहड़ा तथा छत्तरपुर टाडा से संतोषगढ़ गुरु रविदास मंदिर में संपन्न हुई।

शोभा यात्रा के दौरान ट्रैक्टर ट्रालियों में मौजूद श्रद्धालुओं ने 'मीठे लगदे गुरु जी तेरे बोल, गुरु रविदास आजा तेरी लोड़, असी उड़दे आसरे तेरे, सोहंग, सोहंग, जय गुरु देव जाप व गुरु रविदास के जयकारों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

युवा संगत मोटरसाइकिल पर सवार होकर गुरु के जयकारों सहित डीजे पर धार्मिक धुनों पर नाच कर अपनी खुशी का इजाहार किया। विभिन्न गांवों में शोभायात्रा के स्वागत में नंगड़ा, बेहली मोहल्ला, देहलां, बसदेहड़ा और छतरपुर टाडा में संगत ने पलकें बिछाईं। बहडाला में संगत के लिए लंगर का प्रबंध किया गया। जहां पर फतेह यात्रा में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद को ग्रहण किया।



**ये रहे मौजूद**

**फतेह** यात्रा में आशु दगोड़, गुरु रविदास धार्मिक सभा संतोषगढ़ के प्रधान कुलविंद्र बैंस, वरिष्ठ उपप्रधान पवन कुमार, उपप्रधान बचन चंद पटेल, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार बस्सन, सुरजीत सिंह, राज कुमार महें, कांग्रेस एससी सेल के जिला अध्यक्ष रवि बस्सी, बलवीर सिंह बबलू, तरसेम लाल बसन, सुरिंद्र बस्सी, कश्मीरी, लाल राममूर्ति, राज कुमार, विक्की बसन, नरेश कुमार सिंघा, गुरु रविदास महासभा ऊना के जिलाध्यक्ष शकुंतला संधू, अधिवक्ता नरेश कुमार सैंसोवाल, चंद, सुलिंद्र चोपड़ा, पंकज, संजय भाटिया, मूल राज आदि सहित गणमान्य संगत मौजूद रही।

### गुरु रविदास महाराज की माता कलसा जी को है समर्पित मेला

**जोड़** मेला के चेयरमैन बलवंत सिंह ने बताया कि इस बार जोड़े मेले को गुरु रविदास महाराज की माता कलसा जी को समर्पित किया गया है। आज से 18 वर्ष पूर्व संतोषगढ़ में सरकारी तंत्र ने कुछ नीच मानसिकता के लोगों के साथ मिलकर गुरु रविदास महाराज के मंदिर को गिरा दिया। मंदिर में आस्था रखने वाली गुरु रविदास नामलेवा संगत ने जब मंदिर बचाव किया तो उनको पुलिस प्रशासन ने कुछ राजनीतिनक और स्थानीय जातिवादी लोगों के इशारे पर प्रताड़ित किया गया और 103 लोग जेल में बंद किए गए। उसी दौरान हुए संघर्ष की जीत का परिणाम 21-22 जनवरी जोड़ मेला होता है। दो दिवसीय मेले की शोभा यात्रा को फतेह शोभा यात्रा के रूप में शुरू किया गया है। युग युगांतर तक यह मेला ममनाया जाता रहेगा। धार्मिक सद्भावना के तहत जोड़ मेला सभी वर्ग के लोगों को समर्पित है।

## श्री अयोध्या मंदिर निर्माण व प्रभु श्रीराम का मंदिर में प्रवेश होना देश के लिए गर्व की बात : कंवर

### जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल ने बांटी श्री अयोध्या की अक्षत निमंत्रण सामग्री

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

**देश** की जनता के लिए 22 जनवरी का दिन बड़े गौरव मय बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज होने जा रहा है। जहां 500 वर्षों बाद श्री रामलला श्री अयोध्या में बने मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ विराजमान होने जा रहे हैं। इससे बढ़कर कोई बड़ी दीपावली उत्सव नहीं हो सकता है।

यह शब्द उपमंडल बंगाणा के थानाकला बाजार व अन्य जनता को रविवार के दिन पूर्व मंत्री राज्य भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी वीरेंद्र कंवर व जिल पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ श्री अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण सामग्री वितरण करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि आज पूरा देश श्रीराम मय होकर श्रीराम की भक्ति में जमकर झूम रहा है, जो अपने आप में एक इतिहास बन ने जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या में श्रीराम लला का भव्य मंदिर बने। और प्रभु श्रीराम जी मंदिर में विराजमान हों।

यह कार्य अस्सी के दशक में ही पूरा हो जाता, लेकिन कुछ विपक्षी दलों द्वारा माननीय कोर्ट में प्रभु श्रीराम जी के काल्पनिक होने का हलफनामा दायर करके और 22 वकीलों की फौज कोर्ट में खड़े करके श्री अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण कार्य को रुकवाया गया था। आज बही विपक्षी दल श्री अयोध्या में आज होने बाली श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम जो कि पूर्ण रूप से धार्मिक समागम हैं। उस से राजनीति रंग देकर निमंत्रण स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्री अयोध्या में श्री राम मंदिर निर्माण होने पर 22 जनवरी को हर घर दीपावली मनाई जाए, हर घर घी के दीपक जलाए जाएं। क्योंकि यह इतिहास है कि 500 वर्षों बाद श्री अयोध्या में प्रभु श्री राम जी वनवास काट कर मंदिर में आ रहे है। इस मौके पर नेता संजीव ठाकुर, नरेश वाशिष्ठ, अभय राणा जितेंद्र सिंह, जसमेर सिंह, मनोहर लाल, लब खन्ना, कुश खन्ना, प्रदीप कुमार, सुरजीत सिंह, नीतू सिंह, संजय ठाकुर, अमित बशिष्ठ, रामपाल के अलावा दर्जनों लोग मौजूद रहे।



श्री अयोध्या से आए अक्षत निमंत्रण सामग्री वितरण करते भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी वीरेंद्र कंवर व जिल पार्षद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ।


## अयोध्या के कारसेवक के परिवार को भूले आयोजक

**राजेश शर्मा, ऊना**

**अयोध्या** में प्रभु श्री राम लला मंदिर में विराजमान हो रहे हों, लेकिन जिन्होंने कभी 1990 के बाद अयोध्या में पहुंचकर सिर पर लाठियां खाकर इस स्थान पर राम मंदिर का सपना संजोया था, उनमें कई कारसेवक इस दुनिया में नहीं हैं। अयोध्या में हो रहे उत्सव को लेकर ऐसे कई कारसेवकों के परिजनों में खुशी है, लेकिन कई ऐसे परिवारों को इस खुशी के पल पर याद तक नहीं किया गया।

हिमाचल में अरसे से अयोध्या में श्री रामलला की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव चल रहा है, लेकिन कुछ ऐसे सच्चे राम भक्त के परिवारों को अक्षत अथवा निमंत्रण तो दूर याद तक नहीं किया गया। इस क्षेत्र में उनका मात्र एक परिवार था, जिनका कोई कारसेवा में शामिल था। कई राजनीतिक दल और स्थानीय नेता सक्रियता से इस उपलब्धि को यादगार बनाने में जुटे हैं, लेकिन जब बात हकीकत की हो जाए तो वह छिपी नहीं रहती।

ऊना जिला में कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डोहक गांव का एक ऐसा परिवार, जिनके पूर्वजों ने राम मंदिर जन्मभूमि संघर्ष में अग्रणी योगदान दिया था, उन्हें ही आयोजक भूल जाएं तो यह व्यवहार ऐसे परिवारों को जरुर चुभन देगा।



स्वर्गीय श्री अमृत लाल (फाइल फोटो)

### कारसेवा दौरान बुरी तरह जख्मी हुए थे कुटलैहड़ के पंडित अमृत लाल



सुभाष चंद शर्मा कारसेवक स्वर्गीय अमृत लाल के बेटे।

1990 के बाद अयोध्या में राम मंदिर जन्म भूमि को लेकर विवाद बहुत आगे बढ़ गया था तो उस समय कई ऐसे लोग जिनकी कोई राजनीतिक पार्टी नहीं थी, वे मात्र भगवान श्रीराम के सच्चे भक्त बनकर अयोध्या कारसेवा के लिए पहुंचे थे। इनमें कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के डोहक गांव के स्वर्गीय पंडित अमृत लाल भी एक थे। वे अन्य कारसेवकों के साथ अयोध्या पहुंचे थे और वहां उस कार्य में बुरी तरह जख्मी हुए थे। उनके पुत्र सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि उनके पिता कारसेवा में गए थे, लेकिन कई दिनों तक उनकी कोई खबर नहीं थी। बाद में वे जब घर पहुंचे थे तो पता चला था कि उस कारसेवा में वे रास्ते में बुरी तरह जख्मी होकर तड़प रहे थे, एक सेना के जवान ने उनको पहचान लिया था। इस सेना के जवान ने उनके पिता का अपने पास रखकर उपचार किया और घर पहुंचाया। सुभाष चंद शर्मा ने बताया कि उनके परिवार को अयोध्या में हो रहे अनुष्ठान के लिए अक्षत या निमंत्रण तो दूर स्थानीय जो प्रबंध में लगे हैं उन्होंने भी याद नहीं किया। उन्होंने कहा कि उनके पिता जी की इच्छा पूरी हुई है और उन्हें कोई किसी से नाराजगी नहीं है। भगवान श्री राम के मंदिर निर्माण से उनके समस्त परिवार के दिल का उस समय का पूरा दर्द दूर हो गया।

### हटली क्लब में आज सजेगा श्रीराम दरबार, होगा भजन-कीर्तन लोगों का दो बजे भंडारे का प्रसाद होगा वितरित



अक्षत कलश निमंत्रण कार्यक्रम में क्लब के प्रधान सुरेंद्र हटली, महिला प्रधान ज्योति वर्जाता के साथ लोग।

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के श्रीराम नाटक क्लब हटली में आज श्रीराम दरबार सजेगा और भजन-कीर्तन के साथ भंडारे का प्रसाद भी वितरण होगा। क्लब के प्रधान सुरेंद्र हटली, महिला प्रधान ज्योति वर्जाता ने बताया कि श्रीराम नाटक क्लब हटली द्वारा श्री अयोध्या में 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम होने पर श्री अयोध्या से आए अक्षत कलश निमंत्रण द्वारा कार्यक्रम रखा गया है। इसमें सुबह नौ बजे विधिवत हवन यज्ञ होगा। 10 बजे सुबह बाबा बालक नाथ मंदिर सतरुखा से श्री अयोध्या से आए कलश निमंत्रण को बैड बाजों से श्रीराम नाटक क्लब हटली में स्वागत सहित लाया जाएगा। 10 बजे हटली क्लामंच पर गायक केशवानंद शर्मा द्वारा भजन कीर्तन दरबार सजेगा। दो बजे भंडारे का प्रसाद वितरण करके कार्यक्रम को विराम दिया जाएगा। सभी गणमान्य श्रीराम भक्तों से निवेदन है कि आप भी आएं, साथ में परिवार को भी लाएं। एक दीपक घर से श्री राम नाटक क्लब हटली में प्रज्ज्वलित करने के लिए जरूर लाएं। उन्होंने कहा कि श्रीराम नाटक क्लब हटकी 65 वर्षों से लगातार शुद्ध रामायण का मंचन करता आ रहा है। प्रभु श्रीराम जी के पदचिन्हों पर चलने के लिए जनता को जागरूक और प्रभु श्रीराम जी के द्वारा बताए मर्यादा पर चलने का प्रयास करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि श्रीराम नाटक क्लब हटली भी समय-समय पर श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए आवाज उठाता रहा है। आज श्री अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण होना और प्रभु श्रीराम जी की प्राण प्रतिष्ठा होकर मंदिर में विराजमान होने पर खुशी इजहार करता है। उन्होंने कहा की आज सभी श्री राम भक्त हटली में सादर आमंत्रित हैं।

### दीपावली की तरह मनाएं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम

**ऊना।** अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत और अन्य सामग्री ऊना में लोगों को घर-घर जाकर वितरित की जा रही है। प्रभु राम का झंडा, फोटो, कैलेंडर व धार्मिक पाठ्य सामग्री इसमें शामिल है। राम सेवक रमेशन चंद ने कहा कि इस दिन को सभी लोगों को दिवाली की तरह मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोगों में प्रभु राम की अयोध्या मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर काफी उत्साह है और वह इस दिन का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।



अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अक्षत और अन्य सामग्री बांटते राम सेवक रमेशन चंद।

गगरेट को ग्रेट बनाने का सपना कैसे होगा साकार

## एसडीओ नहीं, न जेई और ड्राइंग ब्रांच भी पड़ी है वीरान

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

**गगरेट में खुद खानाबदोश बना सरकारी विभागों को छत नसीब करवाने वाला लोक निर्माण विभाग**

**सड़क,** पुल व सरकारी भवनों को धरातल पर उतारने वाला लोक निर्माण विभाग विधानसभा क्षेत्र गगरेट में खुद खानाबदोश बना हुआ है। बेशक प्रदेश सरकार ने एक साल का कार्यकाल पूरा होने पर व्यवस्था परिवर्तन का एक साल कार्यक्रम मनाकर खुद अपनी पीठ थपथपा ली हो, लेकिन एक साल के भीतर प्रदेश सरकार विकास कार्यों को धरातल पर उतारने वाले लोक निर्माण विभाग के दौलतपुर चौक मंडल की व्यवस्था में परिवर्तन नहीं कर पाई। न तो लोक निर्माण विभाग के मंडल व उपमंडल कार्यालय को अपना भवन देने की रूपरेखा बन पाई है और न ही यहां रिक्त चल रहे पदों को भरा जा सका है। जो अधिकारी व कर्मचारी यहां पहले से तैनात थे, उल्टा उनका यहां से तबादला जरूर कर दिया गया है। ऐसे में गगरेट को ग्रेट बनाने का सपना कैसे साकार होगा यह समझ से परे है।

उधर, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता हरगोबिंद सिंह कौशल का कहना है कि रिक्त पदों के बारे में उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया गया है। मंडल कार्यालय व उपमंडल कार्यालय का भी शीघ्र निर्माण करवाया जाएगा।

**आयोजन** | एबीवीपी ने करवाया स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन

## रॉयल ऊना-बी ने रामपुर की टीम को एक-शून्य से हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई ऊना एवं खेलो भारत द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती व राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार को फुटबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया।

ऊना शहर के स्थित इंदिरा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में आठ टीमों ने भाग लिया। इसमें ओपन और अंडर-15 वर्ग के मैचों का अलग-अलग आयोजन किया गया। इसमें पहला मैच रॉयल ऊना-बी और रामपुर के बीच खेले गए मैच में रॉयल ऊना-बी ने एक-शून्य के अंतर से जीता। टूर्नामेंट में मुख्यातिथि के रूप में ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती व विशिष्ट अतिथि के रूप में धीरज कुमार (अभाविप व्यवस्था प्रमुख) उपस्थित रहे। मुख्यातिथि व विशेष अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री अमन कुमार राणा, जिला संगठन मंत्री कारण, जिला संयोजक चंदन सेखड़ी, ऊना इकाई अध्यक्ष विशाल ठाकुर, ऊना इकाई मंत्री कार्तिक, पूर्व जिला संयोजक अरुण कौशल, पूर्व इकाई अध्यक्ष अभिषेक उपस्थित रहे।



दोनों टीमें के साथ ऊना के विधायक सतपाल सिंह सत्ती व विशिष्ट अतिथि के रूप में धीरज कुमार।

जीवन की समस्याओं के दो ही कारण हैं। हम सोचे बिना कार्य करते हैं या हम सोचते ही रहते हैं और कार्य नहीं करते। -अज्ञात



# सूखे से बिजली उत्पादन पर गहराया गंभीर संकट

**हिमाचल** में इस बार लंबे समय से बारिश न होने से ड्राई स्पैल कुछ ज्यादा ही खिंच गया। बर्फबारी भी कुछेक जगहों पर हो रही है। प्रदेश में सूखे के हालात पैदा हो गए हैं। किसानों को खेतों में सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है। बागवानी भी प्रभावित हो रही है। सर्दियों में पर्याप्त मात्रा में बारिश और बर्फबारी होती थी, जिससे गर्मियों में पानी की दिक्कत नहीं रहती थी। अगर यही हाल रहा तो गर्मियों में पेयजल संकट भी बड़े पैमाने पर गहरा सकता है। कड़ाके की सर्दी से ग्लेशियर और झीलें जम गई हैं और नदी-नालों में भी पानी काफी घट गया है। ऐसे में हिमाचल पड़ोसी राज्यों पर निर्भर हो गया है। पानी की कमी का सीधा असर बिजली के उत्पादन पर पड़ा है।

ताजा हालात ऐसे हैं कि प्रदेश में बिजली उत्पादन पचासी प्रतिशत तक घट गया है। पहले सर्दियों में बिजली उत्पादन करीब चालीस प्रतिशत तक हो जाता था, लेकिन इस बार सूखे के कारण प्रदेश गंभीर संकट में है। नतीजतन बिजली परियोजनाओं में उत्पादन बड़ी मुश्किल से मात्र पंद्रह प्रतिशत तक ही हो रहा है। अमूमन सर्दियों में बिजली उत्पादन कम ही होता है, जबकि गर्मियों में सरप्लस हो जाता है। सर्दियों में प्रदेश को पड़ोसी राज्यों से बैंकिंग आधार पर बिजली खरीदनी पड़ती है और गर्मियों में जब समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध हो जाता है तो बिजली उत्पादन भी उसी हिसाब से काफी बढ़ जाता है। सरप्लस बिजली पैदा होने पर हिमाचल पड़ोसी राज्यों को बिजली बेचता है। यह सिलसिला कई सालों से ऐसे ही चला है। गर्मियों में हिमाचल में बिजली सरप्लस होने पर करोड़ों रुपए की बिजली खुली बोली के हिसाब से बाहरी राज्यों को बेची जाती है। गर्मियों में बिजली बेचने का सिलसिला करीब तीन महीने तक चलता रहता है। सरकार को इससे करोड़ों की आमदन होती है, जिससे आर्थिकी को भी बूस्ट मिलता है। ऊर्जा राज्य में इस तरह के हालात पैदा होना अपने आप में बड़ा संकट है। प्रदेश को बिजली खरीदकर सप्लाई सुचारु रखनी पड़ रही है। रोजाना पच्चीस से तीस लाख यूनिट बिजली की खरीद भी ओपन मार्केट से करनी पड़ रही है। अगर बारिश और बर्फबारी नहीं हुई तो प्रदेश को बाजार से और अधिक बिजली की खरीद शुरू करनी पड़ सकती है। दरअसल, यह संकट मौसम चक्र में बदलाव की वजह से है। पिछले कुछ सालों में मौसम चक्र में अप्रत्याशित बदलाव हुए हैं। लोग मौसम के ऐसे रुख से हैरान हैं। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि आखिर मौसम में इस बदलाव के लिए जलवायु परिवर्तन कहां तक जिम्मेदार है?

अब तक शोध बताते हैं कि मौसम के अप्रत्याशित बदलावों में से ज्यादातर की वजह मनुष्यों की गतिविधियों के कारण जलवायु में आया बदलाव है। कोयला, पेट्रोलियम और गैस के अत्याधिक प्रयोग से हो रही ग्लोबल वार्मिंग भी काफी हद तक जिम्मेदार है। प्रदेश सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने के दावे करती है और ऊर्जा नीति में बदलाव करना चाहती है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य सरकार अब सौर ऊर्जा की ओर अग्रसर हो रही है। पर्यावरण को संरक्षित करना भी सरकार की प्राथमिकता में है। इसी उद्देश्य से सरकार जल, हाइड्रोजन और सौर ऊर्जा के दोहन से हरित उत्पादों पर फोकस कर देश का पहला हरित ऊर्जा राज्य बनने जा रहा है। सरकार की योजना सिरे चढ़ते ही हिमाचल देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो जाएगा।

-डॉ. दिलीप धाकड़

# गुरुकुल और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में श्रीराम

**गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। मुक्ति का अर्थ ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। मुक्ति के मायने अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। श्रीराम के व्यक्तित्व पर इस विद्या का गहरा असर पड़ा है और यह उनके भावी जीवन में दृष्टिगोचर भी हुआ है। विद्या के बारे में कहा गया है- विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है। जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। नगरवासी और वनवासी उनके लिए एक जैसे हैं। सुग्रीव का भी स्वागत है और अपने विरोधी रावण के छोटे भाई को भी शरणागत किया जाता है। गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है।**



सुरेश जैन
(लेखक, तीर्थकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) के कुलाधिपति हैं।)

**श्रीराम** मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। श्रीराम का जीवन समाज के लिए आदर्श है। उनकी शिक्षा गुरुकुल में होती है। बाबा तुलसी के शब्दों में गुरु गृह पढ़न गए रघुराई, अल्पकाल विद्या सब पाई। श्रीराम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। किंतु वे शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरु वशिष्ठ के गुरुकुल में जाते हैं। यह केवल प्रतीकात्मक नहीं है। इस व्यवस्था का व्यक्तित्व निर्माण पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वह वहां दूसरे विद्यार्थियों की तरह ही रहते हैं। गुरुकुल के कार्यों में उसी तरह हाथ बंटाते हैं, जैसे दूसरे बटुक करते हैं। गुरुकुल में आम और खास के बीच कोई भेद नहीं है।

गुरुकुल में परा और अपरा अर्थात् लौकिक और अलौकिक दोनों तरह की ही शिक्षा ग्रहण की जाती है। परा विद्या में शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष, सामुद्रिक शास्त्र, हस्तरेखा एवं धनुर्विद्या शामिल है। इससे उनकी समझ, अनुभव, विवेक, विचारशीलता और सही समय पर सही निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करने की पृष्ठभूमि तैयार होती है। इसी तरह के पाठ्यक्रमों की परिकल्पना राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भी की गई है। इसमें मुख्य विषय के अलावा आनुषांगिक विषयों को भी पढ़ाए जाने के लिए पाठ्यक्रम बनाए गए हैं। गुरुकुल में भी इसी तरह की व्यवस्था है। क्योंकि, राम चक्रवर्ती सम्राट के बेटे हैं। इसलिए उनके मूल विषय के रूप में कूटनीति और धनुर्विद्या जैसे विषयों को पढ़ना अनिवार्य है। किंतु इसके साथ ही निरुक्त, छंद, नक्षत्र, वास्तु, आयुर्वेद, वेद, कर्मकांड, ज्योतिष जैसे विषयों की भी शिक्षा दी जाती है। ताकि उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो सके।

गुरुकुल में इस बात का विशेष ध्यान रखा जाता है कि विद्यार्थी के लिए जितना महत्वपूर्ण उसका औपचारिक अध्ययन है, उतना ही महत्वपूर्ण अध्ययन के आसपास का परिवेश है। उस परिवेश के माध्यम से छात्रों में आत्मनिर्भरता, अनुशासन, समय प्रबंधन, सामाजिक सामंजस्य की कला और नेतृत्व के गुण जैसे व्यवहारिक ज्ञान, विद्यार्थी स्वयं ही आत्मसात कर लेता है। शिक्षा की पूर्णता में दोनों ही समान रूप से आवश्यक हैं। कौशल के राजकुमार राम गुरुकुल में एक बटुक की तरह इन सभी गुणों को सीखते हैं। गुरुकुल में राम विद्या ग्रहण करने जाते हैं। विद्या और ज्ञान में





अंतर है। सूचनाओं के संकलन मात्र से ज्ञान तो प्राप्त हो सकता है, किन्तु विद्या उससे अलग है। विद्या सोदेश्य होती है। यह व्यक्तित्व को गढ़ने का एक माध्यम होती है। विष्णु पुराण में कहा गया है- तत्कर्म यन्न बंधाय सा विद्या या विमुक्तए आयासाय परम कर्म विद्यान्या शिल्प नैपुणम अर्थात् कर्म वही है, जो बंधन में न बांधे और विद्या वही है, जो मुक्त करे। अन्य सभी कर्म केवल निरर्थक क्रिया हैं, जबकि अन्य सभी अध्ययन केवल कारीगरी मात्र हैं। गुरुकुल में राम को दी जाने वाली विद्या मुक्ति देने के लिए दी जाने वाली शिक्षा है। उसका उनके व्यक्तित्व पर गहरा असर पड़ा है। मुक्ति का अर्थ सामाजिक जीवन की कुरीतियों से मुक्ति। अंधविश्वास से मुक्ति। मुक्ति का अर्थ ऊंच-नीच के मनोभाव से मुक्ति। मुक्ति के मायने अवैज्ञानिक सोच से मुक्ति। स्वार्थ और जड़ता से मुक्ति। हर तरह के अहंकार से मुक्ति। श्रीराम के व्यक्तित्व पर इस विद्या का गहरा असर पड़ा है और यह उनके भावी जीवन में दृष्टिगोचर भी हुआ है।

विद्या के बारे में कहा गया है- विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम। विद्या विनय देती है। उससे पात्रता विकसित होती है। व्यक्ति उतना ही सीख पाता है, जितनी उसकी पात्रता होती है। जिसकी पात्रता जितनी व्यापक होती है, उसका व्यक्तित्व भी उतना ही व्यापक होता है। सागर जैसा व्यापक होने के लिए उसके जैसी व्यापक विनम्रता और शांत चित्त की आवश्यकता होती है। श्रीराम गुरुकुल जाकर इसी विनम्रता को आत्मसात करते हैं, जो उनके व्यक्तित्व को सागर जैसा विस्तार देती है। जिसके लिए नर-वानर में कोई भेद नहीं। नगरवासी और वनवासी उनके लिए एक जैसे हैं। सुग्रीव का भी स्वागत है और अपने विरोधी रावण के छोटे भाई को भी शरणागत किया जाता है।

गुरुकुल में आत्मसात किए गए इन सभी सद्गुणों का असर श्रीराम के जीवन पर स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में इस बात पर विशेष बल दिया गया है कि आरंभिक शिक्षा मातृभाषा में हो, शिक्षा में भारतीय मूल्यों और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर हो। शिक्षा समावेशी हो। एकांगी नहीं हो और विद्यार्थियों में कौशल का विकास हो। राम के गुरुकुल की शिक्षा प्रकृति के नैसर्गिक परिवेश में दी जाती है। बटुक स्वयं अपनी कुटीर का निर्माण करता है और कठिन परिस्थितियों में भी जीवन-यापन के गुर सीखता है। सीखने के लिए आसपास के प्रतीकों और बिंबों का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे समझने में सुविधा हो और उसके आधार पर विद्यार्थियों में तथ्यों का विश्लेषण करके सार्थक निष्कर्षों तक पहुंचने की क्षमता हो। स्वतंत्र भारत में गठित विशेषज्ञ समितियों की एकमत राय रही है कि शिक्षा भारतीय जीवन मूल्यों पर आधारित हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 में भी इस पर काफी बल दिया गया है। श्रीराम के गुरुकुल में शिक्षा और संस्कार इस तरह से एकरूप हैं कि उन्हें अलग नहीं किया जा सकता। संस्कार, शिक्षा पर आधारित है और शिक्षा संस्कारों की आधारशिला है। इस माध्यम से विद्यार्थियों को संस्कारमय बनाकर उन्हें आदर्श मानव बनाना ही शिक्षा व्यवस्था का प्रमुख उद्देश्य है। राम के व्यक्तित्व के रोम-रोम में इसका प्रभाव स्पष्ट नजर आता है। राम द्वारा गुरुकुल में प्राप्त की गई शिक्षा उन्हें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता देती है। अपने राज्य से दूर जहां पर उन्हें कोई जानने वाला नहीं है, वहां पर वे स्थानीय लोगों को एकजुट करते हैं और समुद्र पर सेतु निर्माण का जटिल कार्य संपन्न करते हैं। तत्पश्चात रावण जैसे शत्रु पर विजय प्राप्त करते हैं।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में कौशल विकास के साथ ही व्यवहारिक शिक्षा पर भी उतना ही ध्यान दिया गया है, जितना कि सैद्धांतिक शिक्षा पर। तत्कालीन परिस्थितियों में राजकुमार के लिए युद्ध कौशल उतना ही आवश्यक था, जितना कि कूटनीति का ज्ञान। राम अपने गुरुकुल से सैद्धांतिक विषयों के साथ ही युद्धकला की भी शिक्षा ग्रहण करते हैं। अपनी इस विद्या के बल पर ही वे ताड़का, मारीच और खर-दूषण जैसे समाज विरोधियों को समाप्त कर समाज में शांति स्थापित करते हैं और न्याय की रक्षा के लिए रावण जैसे शक्तिशाली राजा पर भी विजय प्राप्त करते हैं।

## आपकी कविता, आपकी आवाज

### लड़ा हूं फिर खड़ा हूं


*खड़ा हूं प्रलय की आंधियों में, लड़ा हूं डट कर, टूटा हूं सौ बार, गिरा हूं,फिर उठा मन विकराल कर चला, रुका नहीं, फिर कभी दोबारा डिगा नहीं।।*

*संकट के बादल है घिरे, आंसू खून के हैं वहे, मैं डटा सौ बार, फिर टूटे मन से हूं चला,घनघोर हवाओं के झोंकों में, फिर कभी दोबारा भीगा नहीं।।*

*अपनों का शिकार हुआ, एक बार नहीं हजारों बार हुआ, टूटने की कगार हुआ, देखा नहीं बिछे अंगारों को, नंगे पांव हूं चला, उनसे फिर कभी दाह शांति दोबारा चाहूंगा नहीं।।*

*हुआ है भरे समाज का प्रहार तोड़ने को हृदय, मैंने जोड़ा फिर हृदय को बार बार, टूटा नहीं हूं किंचित मन से, जुड़ा रहा मजबूत चट्टान से, फिर दोबारा कभी रेंगा नहीं।।*

*क्षत्रिय हूं लड़ता रहूंगा जीवन रणभूमि में धर्म युद्ध है जीवन कष्टों की ज्वाला से हूं तपा पहाड़ जैसा हौसला रख लक्ष्य मुझसे छीन कोई फिर दोबारा पाएगा नहीं।।*



ठाकुर तारा
सुंदरनगर, मंडी
देवभूमि हिमाचल प्रदेश

## प्रेरक कथा



### ईमानदारी सबसे बड़ा धन

**मुरारी** लाल अपने गांव के सबसे बड़े चोरों में से एक था। मुरारी रोजाना जेब में चाकू डालकर रात को लोगों के घर में चोरी करने जाता। पेशे से चोर था लेकिन हर इंसान चाहता है कि उसका बेटा अच्छे स्कूल में पढ़ाई करे तो यही सोचकर बेटे का एडमिशन एक अच्छे पब्लिक स्कूल में करा दिया था। मुरारी का बेटा पढ़ाई में बहुत होशियार था लेकिन पैसे के अभाव में 12वीं कक्षा के बाद नहीं पढ़ पाया। अब कई जगह नौकरी के लिए भी अप्लाई किया लेकिन कोई उसे नौकरी पर नहीं रखता था। एक तो चोर का बेटा ऊपर से केवल 12वीं पास तो कोई नौकरी पर नहीं रखता था। अब बेचारा बेरोजगार की तरह ही दिन रात घर पर ही पड़ा रहता। मुरारी को बेटे की चिंता हुई तो सोचा कि क्यों न इसे भी अपना काम ही सिखाया जाए। जैसे मैंने चोरी करके अपना गुजारा किया वैसे यह भी कर लेगा। यही सोचकर मुरारी एक दिन बेटे को अपने साथ लेकर गया। रात का समय था दोनों चुपके-चुपके एक इमारत में पहुंचे। इमारत में कई कमरे थे सभी कमरों में रोशनी थी। देखकर लग रहा था कि किसी अमीर इंसान की हवेली है। मुरारी अपने बेटे से बोला आज हम इस हवेली में चोरी करेंगे, मैंने यहां पहले भी कई बार चोरी की है और खूब माल मिलता है। बेटा लगातार हवेली के आगे लगी लाइट को ही देखे जा रहा था। मुरारी बोला अब देर न करो जल्दी अंदर चलो नहीं तो कोई देख लेगा। बेटा अभी भी हवेली की रोशनी को निहार रहा था और वह करुण स्वर में बोला पिताजी मैं चोरी नहीं कर सकता। मुरारी बोला तेरा दिमाग खराब है, जल्दी अंदर चल। बेटा बोला पिताजी, जिसके यहां से हमने कई बार चोरी की है देखिये आज भी उसकी हवेली में रोशनी है और हमारे घर में आज भी अंधकार है। मेहनत और ईमानदारी की कमाई से उनका घर आज भी रोशन है और हमारे घर में पहले भी अंधकार था और आज भी। मैं भी ईमानदारी और मेहनत से कमाई करूंगा और उस कमाई के दीपक से मेरे घर में भी रोशनी होगी। मुझे यह जीवन में अंधकार भर देने वाला काम नहीं करना। मुरारी की आंखों से आंसू निकल रहे थे। उसके बेटे की पढ़ाई आज सार्थक होती दिख रही थी।

# श्रीराम मंदिर और राजनीतिक दृष्टिकोण

**अयोध्या** धाम व श्रीराम मंदिर निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा समारोह की गूंज संपूर्ण विश्व में गुंजायमान हो रही है। हो भी क्यों न, राम नाम की महिमा ही ऐसी है जो जड़ चेतना में भी उच्च जीवन डाल दे। ऐसी सोच का निर्माण कर दे जो पूरे विश्व के लिए कल्याणकारी हो तो फिर एक इंसान की तो बात ही क्या है। राम नाम की महिमा बस इतनी है कि आम इंसान इसके बखान करने में असमर्थ है। बड़े-बड़े विद्वानों की तो बात ही क्या है साक्षात शिव भी स्वयं को राम नाम के अधीन करके राममय हो जाते हैं।

आम इंसान तो हर दुख सुख में जाने अनजाने खुद को राम नाम के अधीन करके पूरी जिंदगी काटता है। सुख में राम नाम के साथ अपनी खुशियां बांटता है व दुख में राम नाम से ही हिम्मत बटोरता हुआ जिंदगी के तूफान झेलता है। श्रीराम जीवन से यही निष्कर्ष निकलता है कि राम नाम सत्य के आगोश में रहते हुए , कर्तव्य पथ की कठिनाइयां झेलते हुए, हमेशा हर इंसान से ही नहीं बल्कि हर जीव से प्रेम मित्रता निभाते हुए क्षमा रूपी हथियार उठाए, शरणागत को सीने से लगाए, जातपात से ऊपर प्रेममय झूठा ग्रहण कर अपनी आत्मा से जोड़ते हुए बस प्रजा रंजन में रहने वाली स्वच्छ राजनीति की असली परिभाषा देने वाले किसी एक धर्म नहीं बल्कि मानव धर्म के उच्च शिखर में बैठे हुए हर धर्म के जीवन दर्शन की उच्च पराकाष्ठा है । इससे भी कहीं आगे हैं श्रीराम नाम की महिमा। अब ऐसे में श्री राम मंदिर व उसकी प्राण प्रतिष्ठा का कितना महत्व होगा। खास तौर पर इस भारत की धरा पर तो जन जन के मन पटल पर आस्था का यह प्रतीक राम मंदिर भावना में



रीना भारद्वाज
स्वतंत्र लेखक
जांगला (रोहड़ू)

साक्षात श्रीराम हैं। हैरानी तो इस बात की है कि भक्ति, आस्था का प्रतीक श्री राम मंदिर आम जन को खुद से यह प्रश्न पूछने के लिए मजबूर कर रहा है कि क्या आस्था भी वर्तमान में राजनीति के लिए शस्त्र की तरह प्रयोग हो रही है। क्या आम जन को लुभाने के लिए सिर्फ सोच को गिरवी रखने का एकमात्र हथियार है। जिन्होंने मंदिर निर्माण करवाया, इसके लिए अधिकार की कई लड़ाइयां लड़ी होंगी, निसंदेह वह हमारी शुक्रिया की हकदार हैं लेकिन यह सबके लिए वर्तमान सत्य की परिभाषा ही रही होगी, यह कहना कुछ कठिन है।

इससे राजनीतिक लाभ उठाने का प्रयास भी रहा होगा। हो भी क्यों न, हर कोई अपनी अच्छाई के बदले में कुछ तो चाहेगा ही, चाहे आमजन से वोट हों लेकिन श्रीराम जीवन चरित्र को सब भूल गए जिसमें भक्ति का अर्थ सिर्फ निष्काम भक्ति है। तभी तो भरत अपनी भक्ति में बिना मोल खुद को श्रीराम आज्ञा के अधीन कर गए। खैर यह तो हुई उनकी बात जो मंदिर निर्माण में अग्रणी रहे लेकिन अब उन पर भी तो प्रकाश पड़ना चाहिए, जिन्हें मंदिर निर्माण में श्रेय नहीं प्राप्त हो सका। जिन्हें राजनीति में पक्ष और विपक्ष भी कहा जाता है। जो उस वक्त के हिसाब से खुद को राजनीति के तौर पर खुद को विपक्ष में रखते हैं, वह विश्व में चल रही भक्ति की इस लहर में खुद को जुदा महसूस करा कर इसे सिर्फ संघ या विश्व हिंदू परिषद का कार्यक्रम बता कर आम जनता की भक्ति लहर में सम्मिलित नहीं होना चाहते। श्रीराम जीवन ने श्रीराम को ईश्वरत्व प्रदान किया है। ईश्वर को कैसे किसी एक समूह से जोड़कर बांधा जा सकता है जबकि यह आस्था, भक्ति, विश्वास के साथ ईश्वर के अधीन खुद को करने का वक्त है। तो फिर क्यों प्राण प्रतिष्ठा में हाजिर न होकर इसे राजनीतिक रंग दिया जाए व भक्ति में किसी एक समूह में अहं का बीज बोया जाए।

इसमें कोई संदेह नहीं भक्त अपनी भक्ति का प्रकाश फैलाकर लोगों की चेतना को ऊपर उठाने में सक्षम है व कोई एक नेता एक भक्त के रूप में समाज के सामने आए लेकिन उसके लिए किसी को स्वयं इस दौड़ में शामिल होने की क्या आवश्यकता है या कोई एक पक्ष इसे दूसरे पक्ष का कार्यक्रम बताकर भक्ति का श्रेय किसी एक पक्ष को क्यों देने में उतारू है। इसे भविष्य के लिए छोड़कर भविष्य को ही तय करने देते हैं। आज तो भक्तिमय धारा में सम्मिलित होकर सभी इसका श्रेय लेकर कुछ घर में बैठकर, कुछ राम मंदिर निमंत्रण प्राप्तकर्ता वहां जाकर हिस्सा बन कर राम धुन में रमकर राम धारा में बहते हैं। जाने क्यों आस्था को भी राजनीति से जोड़ने की कोशिश है। अब वह वक्त पीछे रह गया जब आस्था के नाम पर वोट की राजनीति हुआ करती थी। आज सोशल मीडिया का वक्त है। आज धर्म और भक्ति की परिभाषा भारत जैसे देश में बहुत व्यापक है। मेरी इस बात की पुष्टि समाचारों की यह बात कोई मुस्लिम हाथ में राम ध्वज उठाए राम भक्ति में लीन पैदल यात्रा कर अयोध्या आ रहा है, भक्ति भावना में प्रबल है जबकि राजनीतिक चुनाव खुद की सहूलियत पर आम इंसान करता है। भारत की धरा बहुल मध्यवर्गीय की धरा है जो समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान देता है। एक तरफ भक्ति में भी वह अग्रणी हो सकता है लेकिन जरूरतों में वह राम राज्य ही चाहता है। राज सत्ता में बैठे श्रीराम से ही स्वसुख की तिलांजलि की मांग कर खुद के ओंठों में हंसी चाहता है। कर्तव्य में भले ही वह पीछे हट जाए लेकिन अधिकार को वह कस कर पकड़ता है। फिर क्यों नासमझी दिखाकर श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को एक समूह का बताकर उसमें जाने से आनाकानी की जाए। वैसे भी आम इंसान को रोटी कपड़ा और सुरक्षा चाहिए। अर्थात रोज़गार और न्याय। जिससे देश में शांति और सुकून कायम हो। तो फिर इन्हें राजनीति का मुद्दा जानो। आस्था को नहीं। क्योंकि सोशल मीडिया ने आम इंसान तक राजनीति की सोच को पहुंचा दिया। भक्ति मय इस वक्त में भक्ति ही जोड़ने का कार्य करेगी। इसलिए राजनीति और आस्था भीतर चेतना में और बाहर दोनों जगह अलग-अलग ही रहें और सभी भक्तिमय हो प्राण प्रतिष्ठा में श्री राम धारा में बहें।

# युवा भगवान श्रीराम चंद्र के आदर्श अपनाएं

## ब्लॉगर



सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

**सनातन** धर्म के आराध्य भगवान श्रीराम चंद्र मंदिर अयोध्या में 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देश, विदेश के लोगों में खासा उत्साह है। भगवान श्रीराम चंद्र के मंदिर निर्माण को लेकर देश की जनता ने लंबा संघर्ष किया तदोपरांत यह हर्षोउल्लास की घड़ी आई है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा की प्रशंसा विदेशों तक हो रही है। भगवान के मंदिर निर्माण को लेकर भारत में राजनीति भी खूब हो रही है। भगवान श्रीराम चंद्र के आदर्श किसी जाति विशेष धर्म, समुदाय के लिए नहीं हैं। अपितु प्रत्येक भारतीय को भगवान श्रीराम चंद्र के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने की आज जरूरत है। भगवान श्रीराम चंद्र एक विचार, आदर्श, सार्थक सोच, निस्वार्थी, स्नेही, मित्रतावादी, वनवासी, तपस्वी, शक्तिशाली, त्यागी का नाम है। सबसे सुखद बात यह है कि इस मंदिर निर्माण को लेकर अन्य समुदायों के लोग खुशी जाहिर करते हुए भगवान श्रीराम चंद्र को अपना आदर्श बताने से गुरेज नहीं कर रहे हैं। भगवान श्रीराम चंद्र के मंदिर निर्माण को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा और अन्य हिंदू संगठनों पर उलटी सीधी बयानबाजी करना गलत है। इंडोनेशिया में भगवान श्रीराम चंद्र का मंदिर विराजमान होने से तात्पर्य विदेशों में भी उनकी पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान किसी पार्टी विशेष की बजाय समस्त जनता के पालनहार होते हैं। भगवान के घर जाने के लिए किसी निमंत्रण पत्र मिलने की जरूरत नहीं होनी चाहिए। इंसान की लगन, भक्ति अगर सच्ची हो तो भगवान अवश्य उसे किसी भी बहाने अपने दरबार जरूर बुलाते हैं ऐसा गुरुमत का कहना है। अयोध्या में भगवान श्रीराम चंद्र मंदिर का निर्माण करने वाली संस्था ने इस बेला पर देश, विदेश की नामी हस्तियों को बुलाया है। कुछेक नेताओं ने इस निमंत्रण पत्र को ठुकराकर बबाल मचाया है। सनातन धर्म के अनुयायियों ने करोड़ों रुपए का दान इस पुनीत कार्य के लिए किया है। देश में आजकल भगवान श्रीराम चंद्र मंदिर निर्माण को लेकर खूब लहर चल रही है।

भगवान राम चंद्र के आदर्शों पर चलने का प्रण ले चुके अनुयायी गांवों में जाकर 22 जनवरी को अयोध्या जाने का जनता को निमंत्रण दे रहे हैं। देश की जनता 22 जनवरी को दिवाली की तरह मनाए जाने को लेकर तैयारियों में जुट चुकी है। युवा पीढ़ी को भगवान श्रीराम चंद्र के आदर्शों पर चलते हुए आदर्शवादी बेटा बनने का प्रण आज जरूर लेना चाहिए। दिवाली उत्सव खुशियों का प्रतीक है इसलिए इसे परंपरा अनुसार ही मनाया जाना चाहिए। दिवाली की तैयारियों को लेकर लोग कई महीने पहले ही कमर कस लेते थे। आज के दौर में त्योहार भी औपचारिकता समझकर नहीं मनाने चाहिए।


## आपका पत्र

**पहाड़ों** के लोगों में मोटापा बढ़ने लगा है, इसका सबसे बड़ा कारण मधुमेह है। आधुनिक युग में लोगों की जीवन शैली काफी बदल चुकी है। सुविधाओं से भरपूर जिंदगी की लालसा हर आदमी की इच्छा बन गई है। हालांकि, आधुनिक युग में भागदौड़ तो है लेकिन यह भागदौड़ जिंदगी को व्यवस्थित नहीं बल्कि अव्यवस्थित कर रही है। हर आदमी हद से ज्यादा मसरूफ है और यही जिंदगी बीमारी का सबसे बड़ा कारण है। छोटी उम्र में लोग बड़ी-बड़ी बीमारियों के रोगी बन गए हैं। ऐसा नहीं कि हम इस अव्यवस्थित जीवन को व्यस्थित नहीं कर सकते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है अपने आप से काउंसिलिंग करना, अपने आप को समझना अपने जीवन को समझना। इसके साथ सबसे जरूरी है, जीवन में नियमित अनुशासन और व्यवस्था को लाना। जब आदमी जीवन को व्यवस्थित करने के लिए इन दो नियमों को लागू कर लेगा वह रोग मुक्त होने लगेगा। क्योंकि व्यवस्थित जीवन ही मनुष्य को शारीरिक और मानसिक रूप से सही कर सकता है। हमें अपनी दिनचर्या को बदलना होगा। नियमित रूप से व्यायाम करते रहना होगा। आजकल की भागदौड़ की जिंदगी में कुछ समय निकालकर व्यायाम जरूरी है।

– शिव कुमार, गोपालपुर।

## आपकी डायरी

चुनाव
राजनीति है,
डर की न खौफ की,
बस गोली बंदूक की
कहीं भी किसी को
मार गिराने की,,,,,!



डॉ. कमल के प्यासा।

अनंत ज्ञान

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098




# इथोपिया के लेमी और मिनेसेवो ने जीती मुंबई मैराथन

**मुंबई।** गत चैंपियन हेले लेमी बेरहानू और अबराश मिनसेवो ने रविवार को क्रमश: पुरुष और महिला स्पर्धा खिताब अपने नाम किए, जिससे टाटा मुंबई मैराथन में इथोपिया के धावकों का दबदबा रहा।

भारतीय पुरुष धावकों में श्रीनू बुगाथा ने 2:17:29 सेकंड के समय से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके बाद गोपी थोनाकल दूसरे और शेर सिंह तंवर तीसरे स्थान पर रहे। सभी वर्गों की एलीट रेस में इथियोपियाई एथलीट ने बाजी मारी। पुरुष एलीट वर्ग में लेमी ने 'गोल्ड लेबल रोड रेस' में 2:07:50 सेकंड के समय से लगातार दूसरी जीत दर्ज की। हेमैनोट अलेव (2:09:03) दूसरे स्थान और मितकू टाफा (2:09:58) तीसरे स्थान पर रहे।

पुरुष वर्ग में भारत के बुगाथा आठवें स्थान पर रहे। महिलाओं में मिनसेवो ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हमवतन मुलुहाबत तसेगा दूसरे और मेधिन बेजेने तीसरे स्थान पर रहीं। भारतीय महिलाओं में निरमाबेन ठाकोर भरतजी एलीट रेस पूरी की।

## जोगिंद्रनगर के सावन बरवाल ने जीता मुंबई मैराथन में स्वर्ण

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**जोगिंद्रनगर** परम श्रेष्ठ प्रशिक्षण केंद्र ऐथलैटिक्स के लंबी दूरी के धावक सावन बरवाल ने मुंबई मे टाटा हाफ मैराथन 21 किलोमीटर को एक घंटा चार मिनट मे पूरा करके स्वर्ण पदक के साथ एक लाख का नकद कैश जीता, टाटा द्वारा आयोजित दिल्ली, कोलकाता व मुंबई तीनों मैराथन के विजेता सावन बरवाल रिलायंस द्वारा स्पांसर हैं। प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर ने बताया यह प्रतिभावान धावक लगातार मेरे संपर्क में है तथा आने वाले अन्य प्रतियोगिताओं में भारत के लिए कई पदक जीतने वाला है। सावन की इस जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के राज्य सचिव जीवन ठाकुर ने बधाई दी है तथा परिवार के हर सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया है।


सावन बरवाल अंतरराष्ट्रीय मैराथन में गोल्ड मेडल जीतकर टीम के साथ।

### हिमाचली धावक ने 2014 में जीता था पहला पदक

24 वर्षीय यह लंबी दूरी के धावक ने प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर के पास वर्ष 2014 में पहला पदक पाईका राष्ट्रीय खेलों में महबूबनगर आंध्र प्रदेश में अपनी जीत के साथ हिमाचल प्रदेश की छाप भारत में आरंभ करी थी, उसके बाद राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री, फेडरेशन कप, नॉर्थ जोन राष्ट्रीय खेलों, राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स, इंटर स्टेट में मेडलो की झड़ी लगा दी तथा इस प्रतिभावान धावक ने अंतरराष्ट्रीय एशियन हाफ मैराथन, वेलफास्ट प्रतियोगिता में लंदन से लेकर संयुक्त अरब अमीरात, हांगकांग में भारत का परचम किनिया, ईथोपिया, जापान, चाइना, युगांडा, मोरक्को के धावक जो दुनिया के माहिर माने जाते हैं, को बुरी तरह चौंका दिया।

# हिमाचल एक पारी और 18 रनों से हारा

## बड़ौदा ने दी शिकस्त, बल्लेबाजों का निराशा जनकप्रदर्शन जारी, टूर्नामेंट में लगातार दूसरी हार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

बड़ौदा की टीम ने पहली पारी में 482 रन बनाए थे, हिमाचल की टीम रविवार को अपनी पहली पारी में 184 रन के कम स्कोर पर आउट हो गई थी।

हिमाचल की टीम ने अपने कल के स्कोर से आगे खेलते हुए मात्र 184 रन पर ऑल आउट हो गई। इसमें गुरविंद्र सिंह ने 24, अभिषेक कुमार ने 27, अर्पित गुलेरिया ने नाबाद 24 रन बनाए। हिमाचल की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए दूसरी पारी में 280 रन ही बना सकी।

बड़ौदा के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए हिमाचल को सस्ते में समेट दिया। गेंदबाज ए सेठ ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया, अभिमन्यु सिंह ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, वीए पठान, एएम सिंह, भार्गव भट्ट ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। दूसरी पारी में हिमाचल के बल्लेबाज अंकुश बैंस ने 13, प्रशांत चोपड़ा 6 रन, अकित कलसी एक रन, सुमित ने एक रन, अमित कुमार एक रन, ऋषि धवन ने 33 रन आकाश विशिष्ट 43 रिटायर्ड, गुरविंद्र सिंह 59 रन, वैभव अरोड़ा 27, अर्पित गुलरिया 26, जबकि निखिल गंगटा 58 रन बनाकर नाबाद रहे। हिमाचल के बल्लेबाजों आउट होने की झड़ी लग गई। पहली विकेट 20 पर, दुसरी विकेट 21 तीसरी विकेट 22 , चौथी विकेट 23 रन, 5 में विकेट 24 रन पर, छठा विकेट 76 रन पर आउट हो गई, सातवीं विकेट 222 रन पर गिरी, आठवीं विकेट 222 रन पर गिरी, नवी विकेट 248 रन पर गई, जबकि दसवीं विकेट 280 रनों पर गिर गई। हिमाचल की टीम पारी की हार भी नहीं बचा सकी। दूसरी पारी में भी बड़ौदा के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए सस्ते में समेट दिया। एएम सिंह ने 3 विकेट, ए सेठ ने 2 विकेट, भार्गव भट्ट 4 विकेट, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। हिमाचल की टीम एक पारी और 18 रनों से हार गई,, रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट में हिमाचल की यह दूसरी हार है, हिमाचल को अभी तक कोई भी जीत नसीब नहीं हुई है।

### सौराष्ट्र और राजस्थान ने चखा जीत का सवाद

**नागपुर।** चिराग जानी के पांच विकेट की बदौलत गत चैंपियन सौराष्ट्र ने रविवार को यहां रणजी ट्राफी एलीट ग्रुप ए मैच के तीसरे दिन विदर्भ को 238 रन से रौंदकर सत्र की पहली जीत दर्ज की। सौराष्ट्र के अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने 66 रन की पारी के दौरान यादगार उपलब्धि हासिल की। वह सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर और राहुल द्रविड़ के बाद 20,000 प्रथम श्रेणी रन जुटाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने।

### केरल जीत के लिए को 327 रन का लक्ष्य

**थुम्बा (केरल)।** मुंबई ने सलामी बल्लेबाज जय बिष्टा (73 रन) और भूपेन लालवानी (88 रन) के अर्धशतकों की बदौलत मैच के तीसरे दिन केरल पर शिकंजा मजबूत किया। पहली पारी में महज सात रन की बढ़त बनाने वाली मुंबई ने दूसरी पारी में 319 रन का स्कोर बनाकर घरेलू टीम को जीत के लिए 327 रन का बड़ा लक्ष्य दिया।

# पाकिस्तान पांचवें टी-20 में 42 रन से जीता, न्यूजीलैंड ने सीरीज जीती


पाकिस्तान पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराया। 4-1 से सीरीज जीतने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ट्रॉफी के साथ खुशी मनाती।

**एजेंसी, क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)**

- पांच मैचों की शृंखला में पाकिस्तान क्लीन स्वीप से बचा
- न्यूजीलैंड की टीम महज 92 रन के स्कोर पर सिमटी

**पाकिस्तान** रविवार को पांचवें और अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 42 रन से हराकर श्रृंखला में क्लीन स्वीप होने से बच गया।

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 134 रन बनाए। यह श्रृंखला में मेहमान टीम का न्यूनतम स्कोर था, इससे पहले टीम ने पिछले चार टी-20 में 180, 173, सात विकेट पर 179 और पांच विकेट पर 158 रन बनाए थे, लेकिन हेगले की खराब पिच पर यह स्कोर भी काफी साबित हुआ और न्यूजीलैंड की टीम महज 92 रन के स्कोर पर सिमट गई।

इसमें पाकिस्तान के लिए इफ्तिखार अहमद नायक साबित हुए जिन्होंने 11 रन देकर तीन विकेट झटके, जिससे न्यूजीलैंड के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हुआ।

यह इफ्तिखार अहमद का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी रहा, इससे पहले उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन सात रन देकर एक विकेट लेना था। इफ्तिखार ने टिम सिफर्ट (19), मैट हेनरी (01) और ईश सोढी (01) को आउट किया, जबकि विल यंग (12) का कैच लेकर आउट किया और मार्क चैपमैन (01) को रन आउट करने में भूमिका अदा की।

इससे पाकिस्तानी टीम शृंखला में 0-5 से हारने से बच गई और न्यूजीलैंड ने 4-1 से शृंखला जीती।

पाकिस्तान की पारी में मोहम्मद रिजवान ने 38 और फखर जमां ने 33 रन बनाए। वहीं न्यूजीलैंड के लिए ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 26 रन बनाए।




## शी युकी और ताइ जू ने इंडिया ओपन का खिताब जीता

**नई दिल्ली।** चीन के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी शी युकी और चीनी ताइपे की दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ताइ जू यिंग ने रविवार को फाइनल में सीधे गेम में जीत के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंट टूर्नामेंट का क्रमश: पुरुष और महिला एकल का खिताब जीता। महिला युगल खिताब मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की जापान की जोड़ी ने जीता। मिश्रित युगल फाइनल में देचापोल पुआवरनउक्रोह और सापसिरी तेइरातानचाई की थाईलैंड की दुनिया की सातवें नंबर की जोड़ी ने जियान झेंग बेंग और वेई या शिन की चीन की दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया।

## ऑस्ट्रेलियाई ओपन में सर्बियाई के स्टार खिलाड़ी ने रोजर फेडरर के सर्वकालिक ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी की

# नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में



**एजेंसी, मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)**

- एक घंटा 44 मिनट तक चले मुकाबले में एड्रियन मानारिनो को हराया
- जोकोविच 14वीं दफा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे
- स्टार खिलाड़ी की निगाहें 25वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब पर

**सर्बियाई** स्टार नोवाक जोकोविच ने रविवार को एड्रियन मानारिनो पर 6-0, 6-0, 6-3 की जीत से ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया और रोजर फेडरर के सर्वकालिक ग्रैंडस्लैम रिकॉर्ड की बराबरी की।

10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन जोकोविच ने एक घंटे 44 मिनट में मिली जीत के दौरान 31 विनर जमाए और मेजर में 58वीं बार अंतिम आठ में प्रवेश कर फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी की। जोकोविच 14वीं दफा ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे और उनकी निगाहें 25वें ग्रैंडस्लैम एकल खिताब पर लगी हैं। अब उनका सामना 12वें नंबर के खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। फ्रिट्ज पिछले साल यहां उपविजेता रहे स्टेफानोस सिटसिपास पर 7-6 (3), 5-7, 6-3, 6-3 की जीत से पहली बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टरफाइनल में पहुंचे। महिलाओं के वर्ग में गत चैंपियन आर्यना सबालेंका और अमेरिकी ओपन विजेता कोको गॉफ ने शानदार जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। दूसरी रैंकिंग की खिलाड़ी सबालेंका ने पिछले साल यहां अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्होंने अमांडा अनिसिमोवा को 6-3, 6-2 से हराया। उनका सामना 16 वर्षीय मीरा एंड्रीवा और नौवें नंबर की खिलाड़ी बारबोरा क्रेजसिकोवा के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। सितंबर में अमेरिकी ओपन में पहला मेजर जीतने वाली गॉफ ने मागडालेना फ्रेच को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी और अब उनकी भिड़ंत सामना यूक्रेन की मार्टा कोस्तयुक से होगी, जिन्होंने मारिया टोमाफीवा को 6-2, 6-1 से हराकर पहली बार मेजर के अंतिम आठ में जगह बनाई।

## एमबापे ने दागे दो गोल पीएसजी 4-1 से जीता

**एजेंसी, पेरिस**

**किलियान** एमबापे ने दो गोल करने में मदद की और दो गोल दागे, जिससे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने शनिवार को यहां ओरलियांस को 4-1 से हराकर फ्रेंच कप के राउंड 16 में प्रवेश कर लिया है।

एमबापे ने 16वें और 62वें मिनट में दो गोल दागे, जिससे इस सत्र के 26 मैच में उनके गोल की संख्या 28 हो गई। फिर एमबापे ने 71वें मिनट में क्रास से गोंकालो रामोस को और 88वें मिनट स्थानापन्न मिडफील्डर सेनी मायुलु को गोल करने में मदद की। अनुभवी स्ट्राइकर विसाम बेन येडर की हैट्रिक की बदौलत मोनाको ने रोडेज पर 3-1 की जीत से पीएसजी के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। लेकिन 2022 के विजेता नानटेस को लावाल से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। राउंड 32 के अन्य मुकाबले में नाइस ने बोर्डेक्स पर 3-2 से जीत हासिल की। ब्रेस्ट ने भी ट्रेलिसाच पर 2-1 की जीत से अगले दौर में प्रवेश किया।

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

(22 जनवरी, 2024)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत :**1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **तिथि :** एकादशी 07:54 रात्रि तक, **नक्षत्र :** मृगशिरा (04:59 सुबह तक), **पक्ष :** शुक्ल, **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:11-12:54 रात्रि तक) **राहुकाल :** 08:33-09:53 सुबह तक।

**विशेष दिन**

22 जनवरी 2024 कूर्म द्वादशी आज

**मेष :** व्यावसायिक उन्नति के लिए दिन अच्छा है। नौकरीपेशा जातक पदोन्नति प्राप्त कर सकते हैं। व्यवसाय में, एक नए कार्य का आरंभ हो सकता है, या आप एक नए सौदे को अंतिम रूप दे सकते हैं।

**वृषभ :** गलतफहमी और लगातार असहमति परिवार के माहौल को निराशाजनक बना सकती है। यह चिंताओं का एक स्रोत हो सकती है और आपको तनाव की स्थिति में रख सकती है।

**मिथुन :** छात्रों के लिए यह एक अच्छा दिन है। छात्र प्रतियोगिताओं में अच्छा करेंगे और अपनी इच्छा के अनुरूप संस्थान में प्रवेश प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक जीवन हमेशा की तरह सुचारु रहेगा।

**कर्क :** यह दिन आप में से अधिकांश के लिए मिश्रित प्रभावदायक है। शिक्षाविदों, बैंकिंग, तकनीकी गतिविधियों से जुड़े पेशेवर संबंधित क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**सिंह:** आज व्यावसायिक मोर्चे पर कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है। इस अवधि के दौरान कड़ी मेहनत और विनम्र सफलता की कुंजी है।

**कन्या :** यह अवधि मिश्रित प्रभाव प्रदान करती है। आपके पास नए अवसर होंगे और उनका उपयोग करके लाभ प्राप्त करेंगे। आज व्यावसायिक एवं आर्थिक लाभ संभव है।

**तुला :** आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और अच्छी प्रगति होगी। आपकी आमदनी बढ़ेगी।

**वृश्चिक:** व्यावसायिक संदर्भ में अपने आप को साबित करने के लिए आज आपको कड़ी मेहनत करने की आवश्यकता हो सकती है। वरिष्ठों को खुश करना थोड़ा मुश्किल हो सकता है।

**धनु:** आज आपके सहकर्मी समूह के मध्य आपकी लोकप्रियता में वृद्धि हो सकती है। व्यावसायिक रूप से चीजें सुचारू रहेंगी और आपको अच्छी प्रगति प्राप्त होगी। आपकी आमदनी बढ़ेगी।

**मकर :** व्यावसायिक संदर्भ में आशावादी दृष्टिकोण के साथ कार्यस्थल पर आप बहुत ऊर्जावान रहेंगे। आप अपने व्यवहार में अत्यधिक सफल होंगे और ग्राहकों के साथ स्थायी संबंध बनाएंगे।

**कुंभ :** ज आप में से कुछ लोगों को आपके व्यवसाय-साथी या किसी करीबी सहयोगी से समस्या हो सकती है। व्यवसाय से संबंधित यात्राएं वांछित परिणाम नहीं दे सकती हैं।

**मीन :** व्यावसायिक संदर्भ में व्यापार संबंधों और सौदों में उद्यम करने के लिए एक अनुकूल अवधि है। कार्य संबंधी यात्राएं और सहयोग आने वाले महीनों में सकारात्मक परिणाम देंगे।

## इंडिया ओपन फाइनल में हारी सात्विक और चिराग की जोड़ी

# कैंग-सियो की जोड़ी बनी चैंपियन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की दूसरे नंबर की जोड़ी को कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ की दक्षिण कोरिया की विश्व चैंपियन जोड़ी के खिलाफ रविवार को यहां पुरुष युगल फाइनल में पहला गेम जीतने के बावजूद हार के साथ इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा।

सात्विक और चिराग की एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी को फाइनल में कैंग और सियो की दुनिया की तीसरे नंबर की जोड़ी के खिलाफ एक घंटा और पांच मिनट में 21-15, 11-21, 18-21 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे यह जोड़ी दूसरी बार इंडिया ओपन का खिताब जीतने में सफल रही। विश्व चैंपियन कैंग और सियो के खिलाफ अच्छी शुरुआत करने के बाद भारतीय जोड़ी ने लय गंवा दी और लगातार सहज गलतियां की जिसका खामियाजा मेजबान देश की जोड़ी को खिताब गंवाकर चुकाना पड़ा।


सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की और कैंग मिन ह्युक और सियो सेयुंग जेइ अपने मेडलों के साथ।

## 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' है : गावस्कर

**नई दिल्ली।** महान खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कहा कि 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू होने वाली पांच मैच की टेस्ट शृंखला में इंग्लैंड की 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए भारत के पास 'विराटबॉल' मौजूद है। गावस्कर ने कहा कि विराट कोहली जिस तरह से बल्लेबाजी कर रहे हैं, उनका मूवमेंट अच्छा है। वह जिस फॉर्म में हैं, उसे देखते हुए 'बैजबॉल' का सामना करने के लिए हमारे पास 'विराटबॉल' मौजूद है। गावस्कर ने कहा कि हां, पारी को बढ़ाने का मतलब अर्धशतक से ज्यादा शतक होना है। कोहली के पास शतक और अर्धशतक समान ही हैं, इसका मतलब है कि उनकी अर्धशतक को शतक में तब्दील करने की गति काफी अच्छी है। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड ने पिछले एक दो साल में टेस्ट क्रिकेट में नया रवैया (बैजबॉल) अपनाया है। यह काफी आक्रामक रवैया है, जिसमें बल्लेबाज हमेशाा तेजी से रन जुटाने की कोशिश करता है।

## आभार

हिमाचल के लोकप्रिय समाचार पत्र 'अनंत ज्ञान' द्वारा अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हार्दिक आभार। आशा करते हैं कि भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



**अनिल शर्मा**
ब्यूरो चीफ, मंडी
मोबाइल- 94189-80288
82638-80288

**नूतन प्रकाश ठाकुर**
वरिष्ठ संवाददाता. दैनिक अनंत ज्ञान,
उपमंडल बालीचौकी
मोबाइल- 7018652743

**अभिषेक शर्मा**
संवाददाता. दैनिक अनंत ज्ञान,
उपमंडल जोगिंद्रनगर
मोबाइल- 70189-82097




## ग्राम पंचायत चल्हारग की ओर से
### अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर बधाई एवं शुभकामनाएं



**सविता देवी**
प्रधान, ग्राम पंचायत चल्हारग

**पार्वती देवी**
वार्ड सदस्य,
ग्राम पंचायत चल्हारग

**सुनीता कुमारी**
वार्ड सदस्य,
ग्राम पंचायत चल्हारग

**पवना देवी**
वार्ड सदस्य,
ग्राम पंचायत चल्हारग



## ग्राम पंचायत मसौली की ओर से
### अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर बधाई एवं शुभकामनाएं



**अंजना शर्मा**
प्रधान, ग्राम पंचायत
मसौली

**बबली कुमारी**
ग्राम पंचायत मसौली
वार्ड सदस्य

**अनिता शर्मा**
ग्राम पंचायत मसौली
वार्ड सदस्य

**पारुल**
ग्राम पंचायत मसौली
वार्ड सदस्य

**अंजू लता**
ग्राम पंचायत मसौली
वार्ड सदस्य

**सोनी ठाकुर**
ग्राम पंचायत मसौली
वार्ड सदस्य



## अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर बधाई एवं शुभकामनाएं



**रणजीत सिंह**
सदस्य श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति

**तुलसी दास**
सदस्य श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति

**लोकेंद्र राणा**
पालक अक्षत वितरण गृह संपर्क अभियान बालीचौकी

**हीरा लाल ठाकुर**
प्रधान, ग्राम पंचायत थाची बालीचौकी विकास खंड

**ऋषि कुमार**
वार्ड सदस्य एवं रामभक्त सुधराणी



**प्रवेश गुप्ता**
प्रबंध निदेशक हिमाचल औषधि भंडार एवं रामभक्त

**मीने राम ठाकुर**
स्वामित्व गणेश वस्त्र भंडार एवं रामभक्त

**खूबे राम**
पंचायत सचिव काऊ

**खेमचंद शास्त्री**
सेवानिवृत्ति अध्यापक एवं कारसेवक श्रीराम मंदिर आंदोलन

**संजीव कुमार**
जिला संयोजक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह बंजार



**राजमल चौहान**
विभाग सह संयोजक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति

**केशव राम**
जिला सह संयोजक श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह समिति

**महेंद्र ठाकुर**
रामभक्त ग्राम पंचायत काऊ

**लोकेंद्र ठाकुर**
स्वामित्व जोगणी मेडिकल स्टोर एवं रामभक्त बालीचौकी

**इंद्र ठाकुर**
रामभक्त
बालीचौकी




## विश्व हिंदू परिषद जोगिंद्रनगर
### की ओर से अयोध्या में चल रहे श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



**पंकज जम्वाल**

**कमला जमवाल**

**सपना शर्मा**
महिला मंडल सचिव

**अंजू देवी**
महिला मंडल सचिव



**पवना जमवाल**
महिला मंडल सदस्य

**शांति स्वरूप**
निर्मला ऑफसेट प्रिंटर्स

**खूशबू शर्मा**
विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी संयोजिका

**रेखा देवी**
महिला मंडल सदस्य

**माया शर्मा**
महिला मंडल सदस्य